'राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# समाचार गेट

TITLE CODE : HARHIN11569

वर्ष 01, अंक 195 पृष्ठ 08 मूल्य 01 रूपए सोमवार, 30 सितंबर 2024 samachargate@gmail.com



विपुल गोयल को मिल रहा है फरीदाबाद क्षेत्र की जनता का अपार प्यार

Page 4

# कांग्रेस सरकार में हुआ दलाल व दामाद का विकास : अमित शाह




**समाचार गेट ब्यूरो**

**चंडीगढ़।** केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने कहा कि जब भी कांग्रेस की सरकार आती है तो देश का नहीं, बल्कि दामाद का विकास होता है। कांग्रेस सरकार में दलाल और दामाद की सरकार चलती है और अभी भी ये दामाद को खुश करने में लगे हैं। अमित शाह ने कहा कि गलती से भी कांग्रेस की सरकार आ गई तो उनके प्रत्याशियों द्वारा अपना घर भरने की जो बात कहीं जा रही हैं, वास्वत में वह यही काम करेंगे। कांग्रेस का उद्देश्य हरियाणा के युवक को रोजगार देना नहीं, बल्कि अपने दामाद का घर भरना है। केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह रविवार को इंद्री विधानसभा के गांव कुंजपुरा में आयोजित जन आशीर्वाद रैली को सम्बोधित कर रहे थे। हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने इन्द्री आगमन पर यहां की जनता की तरफ से व हरियाणा की तरफ से राम-राम कहकर उनका स्वागत एवं अभिनंदन किया। अमित शाह ने कहा कि इन्द्री की इस पवित्र भूमि पर करनाल जिले के सभी प्रत्याशियों को आशीर्वाद देने की अपील करने आया हूं।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस भ्रष्टाचार, जातिवाद और तुष्टीकरण राजनीति करती है। इन्हें भारत की संस्कृति से कोई लेना देना नहीं है। जवाहरलाल नेहरू, इंदिरा गांधी, राजीव गांधी, सोनिया गांधी किसी ने गरीबों के लिए कुछ नहीं किया। कांग्रेस गरीब, किसान, मजदूर एवं पिछड़ा वर्ग विरोधी पार्टी है। उन्होंने कहा कि 10 साल पहले हरियाणा में खर्ची और पर्ची के बिना नौकरी नहीं मिलती थी और हमेशा एक ही जाति का और एक ही जिले का विकास होता था। कभी 36 बिरादरी का विकास नहीं हुआ, लेकिन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा सरकार ने 2 लाख युवाओं को बिना खर्ची बिना पर्ची नौकरियां देने का काम किया है। हरियाणा में कांग्रेस के शासन में जब एक मुख्यमंत्री आता था तो वह अपने एक जिले का ही विकास करता था। दूसरा आता था तो दूसरे जिले का विकास करता था। भ्रष्टाचार और गुंडागर्दी चरम पर थी, परंतु हरियाणा की भाजपा सरकार ने पूरे हरियाणा का विकास करने का काम किया है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने वो करके दिखाया जो कांग्रेस 10 साल में कभी नहीं कर पाई।

**डीलर व दलाल लाते थे अपॉयंटमेंट लेटर**

अमित शाह ने कांग्रेस पर प्रहार करते हुए कहा कि हरियाणा में हुड्डा की सरकार में अपॉयंटमेंट लेटर डीलर और दलाल लेकर आते थे। लेकिन भाजपा की सरकार आने पर सभी दलाल और डीलर चले गए। अब भाजपा सरकार में अपॉयंटमेंट लेटर डाकिया लेकर आता है। हरियाणा में पारदर्शिता लाने का काम केवल भाजपा सरकार ने किया। 10 नई फसलें एमएसपी पर घोषित करी। नायब सैनी के नेतृत्व में हरियाणा भारत में पहला ऐसा राज्य बना जो जिसमें सभी फसलें एमएसपी पर खरीदी जाएंगी। तुलना कर लीजिए। अगर हुड्डा सरकार ने फसलों को एमएसपी पर खरीदा हो तो किसानों को इस बारे में बताओ। अन्य राज्यों में चल रही कांग्रेस की राज्य सरकारें कोई फसल एमएसपी पर नहीं खरीदती।

**राहुल बाबा झूठ की फैक्ट्री**

अमित शाह ने कहा कि राहुल बाबा एक झूठ की फैक्ट्री है और सबसे सबसे ज्यादा अन्याय लोगों के साथ कांग्रेस ने किया है। यह झूठ की फैक्ट्री चलाने वाले राहुल बाबा आज सेवा के जवानों की बात करते हैं। राहुल बाबा शर्म करो यह हरियाणा हमारा वीर भूमि है। यहां से सेवा में हर दसवां जवान मेरे हरियाणा से है। शाह ने कहा कि हमारे संकल्प पत्र में हमने तय किया है कि हरियाणा के एक-एक अग्नि वीर को भारत सरकार हरियाणा सरकार पक्की पेंशन वाली नौकरी देने काम करेगी। आज हरियाणा में पूरा माहौल भाजपा में है और हरियाणा में भाजपा की हैट्रिक लगने वाली है। पूरे प्रदेश में कमल खिलने वाला है। केंद्रीय गृहमंत्री ने जम्मू-कश्मीर से 370 हटाए जाने को लेकर राहुल गांधी पर कटाक्ष करते हुए कहा कि वह राहुल कहते हैं कि वो 370 को वापिस लाएंगे। तो राहुल बाबा सुन लो आप तो आपकी तीसरी पीढ़ी भी 370 को वापिस नहीं ला सकेगी।

**कांग्रेस ने हमेशा झूठ, लूट व झांसे की राजनीतिक की : नायब सैनी**

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कांग्रेस पार्टी वेंटिलेटर की तरफ बढ़ रही है। 8 तारीख को जब रिजल्ट आएगा तो कांग्रेस पार्टी का सुपड़ा साफ हो जाएगा। हरियाणा में तीसरी बार भाजपा की सरकार बनेगी। उन्होंने कहा कि संकल्प पत्र में हरियाणा के महिलाओं के लिए लाडो लक्ष्मी योजना की घोषणा करके उनका सम्मान बढ़ाया है। कांग्रेसियों ने हमेशा झूठ, लूट और झांसे की राजनीतिक की है, लेकिन अब ना झूठ चलेगा और न ही उनका झांसा चलेगा। लूटने का तो कोई मतलब ही नहीं है।

हरियाणा की हमारी जागरूक जनता बैठी है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री हरियाणा नायब सिंह सैनी, सांसद सतीश गौतम, उत्तरप्रदेश मंत्री नरेन्द्र कश्यप, एडवोकेट वेदपाल, भारतभूषण, कार्यकारी जिलाध्यक्ष बृजभूषण गुप्ता, पूर्व मेयर रेणुबाला गुप्ता, करनाल से भाजपा प्रत्याशी जगमोहन आनन्द, इन्द्री प्रत्याशी रामकुमार कश्यप, असंध प्रत्याशी योगेन्द्र राणा, घरौंडा प्रत्याशी हरविन्द्र कल्याण, नीलोखेड़ी प्रत्याशी भगवानदास कबीरपंथी सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# एक साल में करूंगा खूब विकास कार्य : रवि डागर

## जनसम्पर्क अभियान में शामिल हुए हजारों की संख्या में लोग



**समाचार गेट/ब्यूरो**

**फरीदाबाद।** आम आदमी पार्टी से एनआईटी 86 विधानसभा के प्रत्याशी रवि डागर ने जनसम्पर्क अभियान के दौरान कहा कि मुझे विधायक बनने का मौका दीजिए, फिर देखिए कि फरीदाबाद और पलवल की नौ विधानसभाओं में एनआईटी 86 विधानसभा का नाम सबसे आगे होगा और हरियाणा प्रदेश में भी एनआईटी 86 विधानसभा का जिक्र होगा। आज एनआईटी 86 विधानसभा को पैसा सबसे अंत में मिलता है, लेकिन विधायक बनने के बाद मैं एक साल में एनआईटी 86 विधानसभा का नाम विकास में सबसे आगे करूंगा। उन्होंने कहा कि मैं यहां की जनता से दिल से जुड़ा हुं, इसलिए आपकी समस्या को समझ सकता हुं। उन्होंने कहा कि जैसे आपने औरों को मौका दिया, वह चुनाव के बाद आपके पास तक नहीं आए। आप हमारे घर और दफ्तर तक आप पैदल भी आ सकते हैं और कभी भी समस्या के लिए फोन या संदेश भेज सकते है, आपकी हर समस्या का समाधान तुरंत होगा। इस दौरान उनके संग उनके संग समर्थक भी मुख्य रूप से मौजूद रहे। रवि डागर ने सुबह छह बजे से रात करीब आठ से दस बजे तक जनसम्पर्क कार्यक्रम आयोजित किए। जिनमें उन्हें जनता का पूरा समर्थन मिला। महिलाओं और बुजुर्गों ने उन्हें सिर पर हाथ रखकर आशीर्वाद दिया, तो वहीं लोगों ने तन मन धन से साथ रहने का वादा किया और साथ ही जगह जगह उन्हें फूलों और नोटों की माला पहनाकर उनका स्वागत किया।

# कांग्रेस भ्रष्ट और बेईमान पार्टी है, इसलिए बार-बार घोषणा पत्र जारी कर रही है : नायब सैनी

**समाचार गेट ब्यूरो**

**चंडीगढ़।** थानेसर में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी कांग्रेस पर जमकर प्रहार किए। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी एक भ्रष्ट और बेईमान पार्टी है। कांग्रेस अपने एक घोषणा पत्र भी नहीं टिकी रही है और बार-2 घोषणा पत्र जारी कर रही है। कांग्रेस नए-नए झूठ और षडयंत्र जनता के सामने लेकर आ रही है। भाजपा और कांग्रेस की सोच में अंतर बताते हुए सीएम सैनी ने कहा कि भाजपा सरकार मेरिट के आधार पर प्रदेश के युवाओं को 2 लाख नौकरियां देना चाहती है तो वहीं दूसरी तरफ हुड्डा बापू-बेटे और उनके हिस्सेदार अपने घरवालों और रिश्तेदारों को नौकरियां देना चाहते हैं। रविवार को मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी थानेसर विधानसभा क्षेत्र के खेडी मारकंडा स्थित अंबेडकर कॉलेज में आयोजित जनसभा में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे। मुख्यमंत्री के पहुंचने पर उमड़ी भीड़ ने भारत माता की जय और भाजपा के जयघोष से नायब सैनी का स्वागत किया। जनसभा में बोलते



हुए नायब सैनी ने कहा कि कांग्रेस ने हरियाणा प्रदेश के युवाओं की नौकरियां छीनकर सबसे बड़ा पाप किया है। हुड्ड बापू-बेटा जब 10 साल तक राज में थे तब उन्होंने न तो युवाओं को नौकरी दी और अगर किसी को नौकरी दी भी तो वो केवल खर्ची-पर्ची वालों को ही दी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि 2014 में भाजपा की सरकार आने के बाद युवाओं को जब मेरिट पर नौकरियां देनी शुरू की गई तो कांग्रेस के पेट में मरोड़ शुरू हो गए। कांग्रेस ने अघोषित तौर पर पार्टी के अंदर एक भर्ती रोको प्रकोष्ठ बनाया जो आगे चलकर भर्ती रोको गैंग के तौर पर कुख्यात हुआ। इस भर्ती रोको गैंग ने कानूनी दांव-पेंच अपनाकर युवाओं की नौकरियां को अटकाने और भटकाने का काम किया। इस भर्ती रोको गैंग का सिर्फ एक ही लक्ष्य था कि किसी भी तरह हरियाणा में योग्यता के आधार पर भर्तियां ना हो पाएं। इस गैंग के कारनामों की वजह से पता नहीं कितने युवाओं के सपने धरे के धरे रह गए और नतीजा यह निकला कि सरकारी नौकरी करने की उनकी उम्र निकल गई। फिर भी कांग्रेस पार्टी ने एक कुंठित और पराजित राजनीतिक दल की तरह इन युवाओं के भविष्य से खिलवाड़ किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि कांग्रेस के इस भर्ती रोको गैंग से संघर्ष करते हुए भारतीय जनता पार्टी की सरकार ने 1 लाख 46 हजार युवाओं को योग्यता पर नौकरी देने का काम किया। वहीं, जब 25 हजार नौकरियां युवाओं को मिलने ही वाली थी तो ये कांग्रेस का नेता और राहुल गांधी के सलाहकार जयराम रमेश चुनाव आयोग चले गए और सारी भर्तियां रूकवा दी। इससे यह पता चलता है कि कांग्रेस पार्टी की मंशा यही है कि वह इस प्रकार से किसी को नौकरियां नहीं करने देंगे।

सीएम नायब सैनी ने कहा कि कांग्रेस स्पष्ट शब्दों में कह रही है कि अगर गलती से भी वे सत्ता में आ गई तो सरकारी नौकरियों में बंदरबांट करेगी। वहीं, सीएलयू गैंग के हिस्सेदार चाहे वो नीरज शर्मा हो या शमशेर गोगी हो या कुलदीप शर्मा हो या चाणक्य पंडित हो, कोई 50 वोटों के बदले नौकरी बेच रहे हैं तो कोई खुला ऐलान कर रहा है कि पर्चे से नौकरी दूंगा और अपना घर भरूंगा। लेकिन वो ये नहीं जानते कि अब हरियाणा का स्वाभिमानी युवा जाग चुका है और हरियाणा के स्वाभिमानी युवा कांग्रेस के इन खतरनाक इरादों को कभी पूरा नहीं होने देगा।

# एक तरफ घोटालेबाजों की कांग्रेस है, दूसरी तरफ विकास के लिए तत्पर खड़ी भाजपा : जेपी नड्डा

**समाचार गेट ब्यूरो**

**चंडीगढ़।** कलानौर में रविवार को भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने जन आशीर्वाद रैली में जमकर कांग्रेस पर वार किए। रैली में जेपी नड्डा ने कहा कि अगर उजाले का आनंद लेना हो तो अंधेरे की त्रासदी हमेशा याद रखनी चाहिए। उन्होंने कहा कि अंधेरे से मेरा मतलब कांग्रेस से है, कांग्रेस के घोटालों से है। जब हरियाणा में कांग्रेस की सरकार थी तो जमकर घोटाले होते थे। गरीब किसानों की जमीन हड़प ली जाती थी। नौकरी पर्ची और खर्ची पर दी जाती थी। हालात ये थे कि योग्य पढ़ा लिखा युवा बेरोजगारी की लाइन में था और रिश्वत देने वाले नौकरी लग रहे थे। नड्डा ने कहा कि कांग्रेस ने जल-थल-नभ सभी जगह घोटाले किए। कांग्रेस ने पनडुब्बी घोटाला किया, कोयला घोटाला किया, हैलीकॉप्टर घोटाला किया। कांग्रेस ने पानी, धरती आकाश आदि कोई जगह नहीं छोड़ी जहां घोटाले ना किए हों। आज हरियाणा में चुनाव हैं। एक तरफ घोटाले करने वाली कांग्रेस है और दूसरी तरफ विकास के लिए तत्पर



खड़ी भाजपा। नड्डा ने कहा कि मैं दावा करता हूं कि हरियाणा की जनता घोटालेबाजों का साथ कभी नहीं देगी।

जेपी नड्डा ने कहा कि कांग्रेस के नेताओं को हरियाणा के हितों से कोई लेना देना नहीं। कांग्रेस के नेताओं के लिए तो हरियाणा एक एटीएम की तरह है, यहां से घोटाला करके पैसे निकालो और दिल्ली दरबार में पहुंचाओ। इसलिए ऐसी कांग्रेस पार्टी से हमेशा सावधान रहना है और इन घोटालेबाजों को सत्ता के आसपास भी नहीं फटकने देना। जेपी नड्डा ने कहा कि आरक्षण पर कांग्रेस की दोगुली नीति है, हरियाणा में आकर भाषण कुछ और देते हैं और अमेरिका में जाकर राहुल गांधी आरक्षण खत्म करने की बात करते हैं। आज मैं मंच के माध्यम से राहुल गांधी को कहना चाहता हूं कि आरक्षण था, आरक्षण है और आरक्षण रहेगा, कांग्रेस इसे कभी खत्म नहीं कर सकती और भाजपा खत्म होने भी नहीं देगी। जेपी नड्डा ने कहा कि हरियाणा में तीसरी बार भाजपा की सरकार बनने जा रही है, क्योंकि यहां के लोग डबल इंजन की सरकार देख चुके हैं और हरियाणा के विकास को नॉन स्टॉप रखना चाहते हैं। जनता तीसरी बार भाजपा की सरकार और दूसरी बार नायब सैनी को मुख्यमंत्री बनाने जा रही है। हरियाणा ऐसे ही नॉन स्टॉप चलता रहेगा। जन आशीर्वाद रैली में भाजपा प्रदेशअध्यक्ष मोहन लाल बड़ोली, कलानौर की प्रत्याशी रेणु डाबला, रोहतक प्रत्याशी मनीष ग्रोवर, भाजपा जिलाध्यक्ष रणबीर ढाका, मेयर मनमोहन गोयल, राजकमल सहगल, धर्मवीर, सरीता नारायण और अजय खुंडिया आदि मौजूद रहे।

**भाई को भाई से लड़ाना कांग्रेस का धर्म**

भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने रैली में कहा कि कांग्रेस का मतलब करप्शन, कुशासन और क्रीमिलाइजेशन है। भाई को भाई से लड़वाना, जाति को जाति से लड़वाना और समाज को समाज से लड़वाकर वोट बैंक की राजनीति करना कांग्रेस का धर्म है। ऐसी मानसिकता वाली पार्टी और इनके नेताओं से सावधान रहें। कांग्रेस को सत्ता में रहने का भी कोई हक नहीं है। इस बार भी हरियाणा की जनता विकास के साथ है और 8 अक्टूबर को कांग्रेस को घर बैठाने का काम करेगी। जेपी नड्डा ने कहा कि कांग्रेस हरियाणा के लोगों से भी झूठे वादे कर रही है। ऐसे ही झूठे वादे कांग्रेस ने हिमाचल और कर्नाटक में भी किए थे। हिमाचल में वादा किया था कि कांग्रेस की सरकार बनने पर महिलाओं को 1500 रुपये हर महीने देंगे, लेकिन दो साल बीत गए हैं, अब तक माताएं 1500 रुपये मिलने का इंतजार कर रही हैं।

# राव रामकुमार की बहुमत से जीत की कामना के लिए विशाल यज्ञ का आयोजन किया गया

**समाचार गेट/संजय शर्मा**

**फरीदाबाद।** रविवार 29 सितंबर की सुबह अहीर वारा, यादव चौपाल के पीछे विधायक पद के निर्दलीय उम्मीदवार राव राम कुमार की बहुमत से जीत की कामना के लिए विशाल यज्ञ का आयोजन किया गया। हवन में शामिल समर्थकों को संबोधित करते हुए राव रामकुमार ने कहा कि 8 अक्टूबर के बाद बल्लभगढ विधानसभा क्षेत्र की सभी समस्याओं का शीघ्र ही निदान किया जाएगा। उन्होंने कहा कि अभी तक जनता ने एक ऐसे व्यक्ति के हाथों में बल्लभगढ विधानसभा की बागडोर सौंपी, जिन्होंने बातें तो खूब बनाई, लेकिन जनता के हित में काम कभी भी नहीं किया।

भाजपा ने तेज गति से क्षेत्र का विकास करने का दावा किया था, लेकिन कितना तेज हुआ है जनता देख लिया है।

राव ने कहा कि कांग्रेस की नीयत भी चुनाव से पहले ही जनता के सामने साफ हो गई है। कांग्रेस पार्टी को भी जनता से कोई सरोकार नहीं है।





जानकारी के लिए बता दें कि निर्दलीय प्रत्याशी राव रामकुमार के लिए महिलाओं में भी क्रेज दिखाई दिया वह राव रामकुमार के पर्चों के साथ फोटो खिंचवाते हुए नजर आईं, और उन्होंने कहा कि हम राव रामकुमार के साथ हैं, बल्लभगढ को राव साहब जैसे नेता कि सख्त जरुरत है।

आने वाले 5 अक्टूबर को लोकतंत्र के पर्व में जनता बल्लभगढ विधानसभा से सेब के निशान का बटन दबाकर निर्दलीय प्रत्याशी राव रामकुमार राव को विधायक बनाने जा रही है। यह बात भीकम कॉलोनी के जनसंपर्क प्रोग्राम में राव राम कुमार ने जनता को संबोधित करते हुए कही।

हवन के उपरांत जब राव राम कुमार जनसमूह को संबोधित कर रहे थे तो वहां मौजूद समर्थकों ने,

रुके ना विकास हमें राव राम कुमार को लाना होगा,

बल्लभगढ का शेर हमें चंडीगढ़ में बिठाना होगा,

अपनी विधानसभा से हमें नंबर वन बनाना होगा

और इसके साथ ही

हमारे शहर का विकास होगा,

मंत्रियों का अहंकार मिटाना होगा,

राव राम कुमार को जिताना होगा

एंव अन्य समर्थकों ने

सेब के निशान पर,

मौहर लगेगी तान कर

जैसे नारों से राव राम कुमार का मनोबल बढाते हुए कहा कि राव साहब आप चिन्ता ना करें हम आपके साथ थे, साथ हैं, और साथ ही रहेंगे।

## अजय नगर में भाजपा प्रत्याशी राजेश नागर को जोरदार समर्थन

# चुनाव नतीजे आने के अगले दिन से ही काम हो जाएंगे शुरूः राजेश नागर

**समाचार गेट/संजय शर्मा**

**फरीदाबाद।** भाजपा के तिगांव विधानसभा क्षेत्र से प्रत्याशी एवं निवर्तमान विधायक राजेश नागर के समर्थन में अजय नगर में बड़ी संख्या में लोग जुटे। उन्होंने कहा कि नागर उन्हें बहुत पसंद हैं इसलिए वह उन्हें दोबारा जिताने का काम करेंगे। वहीं नागर ने भी लोगों से भरपूर सहयोग करने की बात कही। भाजपा प्रत्याशी राजेश नागर ने कहा कि प्रदेश में सरकार भाजपा की आ रही है क्योंकि हरियाणा की जनता ने भाजपा शासन में भेदभाव रहित विकास कार्य देखे हैं। इसलिए वह बड़ी संख्या में भाजपा के उम्मीदवारों को जिताकर स्पष्ट बहुमत की सरकार बनाने जा रही है। नागर ने कहा कि मेरी गृहमंत्री अमित शाह और सीएम नायब सिंह सैनी से बात हुई है। हमारे जो भी कार्य चुनाव आचार संहिता के कारण रुक गए थे। वह नतीजों के तुरंत बाद शुरू हो जाएंगे। इसके अलावा अनेक बड़े प्रोजेक्ट के टेंडर भी कराए जाएंगे। नागर ने बताया कि तिगांव विधानसभा क्षेत्र बड़ी तेजी से अपनी पहचान बना रहा है। मेरा



प्रयास है कि हम अपने क्षेत्र को प्रदेश का नंबर एक बनाएं। वहीं पूरे विधानसभा क्षेत्र में करोड़ों रुपये के विकास कार्य हो चुके हैं। इनमें बड़ी संख्या में कॉलोनियों में सीवर, गली, नाली आदि बनाने के काम शामिल हैं। नागर ने कहा कि किसी के बहकावे में आने की जरूरत नहीं है और पांच अक्टूबर को भाजपा के कमल निशान का बटन दबाकर अपने भाई बेटे राजेश नागर को जिताएं। राजेश नागर ने कहा कि अपनी कॉलोनियों में विकास के लिए डबल इंजन की सरकार चुनें। आपको पता ही है कि केंद्र एवं राज्य में भाजपा की डबल इंजन की सरकार होने पर विकास कार्य तेज होते हैं। केंद्र में आपने पीएम नरेंद्र मोदी को मौका दे दिया है अब प्रदेश में सीएम नायब सिंह सैनी को अवसर दें।

इस अवसर पर जनसभा के संयोजक शीशराम अवाना, रामप्रसाद सिंह, सियाराम झा, सुशील सिंह, रामानन्द, कमल सिंह, रिंकू, पंचानन्द मांझी, आर एन शर्मा, रामाशंकर यादव, उपेन्द्र ठाकुर, रामपुकार ठाकुर, उमाशंकर शर्मा, विरेन्द्र शर्मा, मांगेराम, जीतू, भगवान गिरी, जनार्दन शर्मा, सहीराम आदि प्रमुख लोग मौजूद रहे।

## गैंडावास युवा सम्मेलन में उमड़ा जनसैलाब



**सिवानी। सोनिका सूरा**
गैंडावास में रविवार को कांग्रेस का युवा सम्मेलन में उमड़ा जनसैलाब। हरियाणवी लोक कलाकार अजय हुड्डा के गानों से लोग झूमने लगे। जनसभा में कांग्रेस के नेता राहुल कसवा, बलवान पुनिया ने भी संबोधित किया। इस मौके पर आईएनएलडी के हल्का अध्यक्ष अशोक श्योराण ने अपने सैंकड़ों समर्थको समेत कांग्रेस में शामिल हुए। अशोक श्योराण ने कहां की समाजसेवी राजबीर फरटिया के सामाजिक कार्यों से प्रवाहित हो कांग्रेस में शामिल हुआ हूं। इस अवसर पर कांग्रेस के नेता और कार्यकर्ता मौजूद थे

## राजनीतिक गतिविधियों से दूर रहे अधिकारी व कर्मचारी :- उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी महावीर कौशिक

**सिवानी सोनिका सूरा**
**भिवानी :** उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी महावीर कौशिक ने जिला के सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को निर्देश दिए हैं कि वे भारत निर्वाचन आयोग के निदेर्शानुसार सभी राजनीतिक गतिविधियों से दूर रहें। वे किसी भी राजनीतिक पार्टी या प्रत्याशी के प्रचार प्रसार में प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से शामिल न हों। यदि कोई अधिकारी या कर्मचारी इन राजनीतिक गतिविधियों में संलिप्त पाया जाता है तो उसके खिलाफ नियमानुसार सख्त कार्रवाई की जाएगी। जिला निर्वाचन अधिकारी महावीर कौशिक ने कहा है कि अधिकारी व कर्मचारी किसी भी प्रकार की राजनीतिक गतिविधियों जैसे कि राजनीतिक दलों के प्रचार-प्रसार, बूथ एजेंट, चुनाव एजेंट व मतगणना एजेंट बनने से दूर रहें। जन प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 129 के अनुसार चुनाव के संबंध में कोई कर्तव्य निभाने के लिए नियुक्त अधिकारी या कर्मचारी चुनाव के संचालन व प्रबंधन में किसी उम्मीदवार के चुनाव की सम्भावनाओं को बढ़ावा देने के लिए कोई कार्य (वोट देने के अलावा) नहीं करेगा।
उपायुक्त महावीर कौशिक ने कहा है कि जन प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 134 के तहत चुनाव से सम्बंधित पदीय कर्तव्य (चुनाव ड्यूटी) के उल्लंघन का दोषी पाए जाने पर संबंधित अधिकारी/कर्मचारी को दंडित किया जा सकता है। धारा 134 (क) के तहत यदि सरकारी सेवारत कोई व्यक्ति चुनाव में किसी उम्मीदवार के चुनाव एजेंट या मतदान एजेंट या मतगणना एजेंट के रूप में कार्य करता है तो उसे तीन महीने तक कारावास या जुमार्ने से दंडित किया जा सकता है। इसके अलावा, हरियाणा सिविल सेवा (कर्मचारी आचरण) नियम 2016 के नियम 9 के तहत कोई भी सरकारी कर्मचारी किसी राजनीतिक दल या राजनीति में शामिल ऐसे संगठन का सदस्य नहीं हो सकता। इसके साथ ही वह किसी राजनीतिक आंदोलन या गतिविधि में भाग नहीं लेगा। यदि कोई कर्मचारी इन नियमों का उल्लंघन करते पाया गया तो संबंधित कर्मचारी के खिलाफ नियमानुसार कार्यवाही होगी।

## ज्यों-ज्यों मतदान की तारीख नजदीक आती जा रही है त्यों-त्यों बढ रहा है आचार संहिता का उलघंन



**कनीना सुनील दीक्षित**
ज्यों-ज्यों मतदान की तारीख नजदीक आ रही है त्यों-त्यों आदर्श चुनाव आचार संहिता का उलघंन बढता जा रहा है। राजनेताओं के होर्डिंग बोर्ड-बैनर सरकारी भवनों सहित धार्मिक स्थान मंदिर की दीवारों, रेलवे अंडर ब्रिज एवं पेडों से पार्टियों की झंडी लडी के रूप में लटक रही हैं। जो चुनाव आचार संहिता की धज्जियां उडा रही हैं। अटेली हलके के विभिन्न गावों व सडक मार्गों पर ऐसे दृष्य देखे जा सकते हैं। जिन्हें देखकर लगता है कि सर्विलांस टीमें जानबूझकर इन्हें नजरअंदाज कर रही हैं। कनीना-महेंद्रगढ,कनीना-कोसली, रेवाडी,नारनौल, दादरी, अटेली सहित गावों के लिंक मार्गों पर राजनेताओं की प्रचार सामग्री लगी हुई है। ठसके अलावा बिना अनुमति के ऊंची आवाज में चुनाव प्रचार कर रहे वाहन भी धडल्ले से घूम रहे हैं। ऐसी दर्जनभर गाडियां लाउड स्पीकर लगाकर गांव-गांव जा रही हैं। जिससे वायु प्रदूषण बढ रहा है। अटेली-68 विधान सभा में कुल 96 गांव तथा 5 ढाणी शामिल हैं। जिनमें कुल 202154 मतदाता हैं। जिनमें 106199 पुरूष तथा 95955 महिला मतदाता शामिल हैं। जिनके मतदान के लिए 215 मतदान केंद्र बनाए गए हैं। इनमें 14 शहरी तथा 201 ग्रामीण क्षेत्र में शामिल हैं। 2019 में हुए विधान सभा चुनाव में भाजपा उम्मीद्वार सीताराम यादव को 55793,बीएसपी के अतर लाल को 37387 व जेजेपी के सम्राट यादव को 13191 वोट मिले थे। अटेली हलके के सुजापुर निवासी सीताराम यादव ने अपने प्रतिद्वंदी अतर लाल को 18406 मतों से पराजित किया था। अटेली हलके से 2009 से 2014 तक कांग्रेस पार्टी से अनिता यादव व 2014 से 2019 तक भाजपा नेत्री संतोष यादव विधायक चुनी गई थी। आगामी 5 अक्टूबर को होने वाले 2024 के विस चुनाव में अटेली हलके से भाजपा की आरती सिंह राव व कांग्रेस पार्टी प्रत्याशी अनिता यादव के मध्य मुकाबला माना जा रहा है। बीएसपी तथा जेजेपी प्रत्याशी भी चुनाव उठाने की जुगत में लगे हुए हैं।

# इनेलो-बसपा प्रत्याशी चौधरी ताहिर हुसैन की जनसभा में उमड़ा जनसैलाब, अभय चौटाला रहे मुख्य अतिथि




**(अनिल मोहनियां नूंह)**
रविवार को नूँह विधानसभा से इनेलो-बसपा प्रत्याशी चौधरी ताहिर हुसैन की चुनावी जनसभा में मुख्य अतिथि पार्टी महासचिव चौ० अभय सिंह चौटाला रहे। नूँह पहुंचनें पर अभय चौटाला का पार्टी कार्यकताओं व विधानसभा के लोगों ने पुष्पवर्षा कर व फूलमालाओं के साथ जोरदार स्वागत किया। शहर की अनाज मंडी में आयोजित जनसभा में हजारों लोगों का जनसैलाब उमड़ गया। लोगों में भारी जोश व उत्साह इतना था कि पूरे दिन नूँह शहर नारों से गूंजता रहा, जिसे देखकर अभय चौटाला भी गदगद नजर आए। अभय चौटाला ने हजारों लोगों के जनसैलाब कै संबोधित करते हुए कहा कि नूँह विधानसभा से इनेलो-बसपा प्रत्याशी ताहिर हुसैन भारी मतों से जीत दर्ज कर रहे हैं, जिसे आज आप लोगों ने साबित करके दिखा दिया है। उन्होंने कहा कि नूँह विधानसभा में इनेलो-बसपा प्रत्याशी की हरियाणा प्रदेश में सबसे पहले जीत होगी। अभय चौटाला ने कांग्रेस व भाजपा पर भी जमकर हमला बोला । उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने प्रदेश को लूटने के अलावा कुछ नहीं दिया। कांग्रेस विधायक आफताब अहमद पर भी वो जमकर बरसे। उन्होंने कहा कि आप लोगों ने उन्हें सिर्फ विधानसभा में सोने के लिए विधायक बनाया था क्या। मेवात क्षेत्र की एक भी माँग को उन्होंने कभी विधानसभा में नहीं उठाया। केवल जो हुड्डा कहता है सिर्फ वो वही बोलता है। उन्होंने अपने 10 वर्षों में लोगों को लूटने व धोखेबाजी के अलावा कुछ नहीं दिया। निर्दोष लोगों को सताने का काम किया जिसे नूँह की जनता अब समझ चुकी है।
चौटाला ने कहा कि आने वाले समय इनेलो-बसपा का है। इनेलो बसपा सबसे बड़ी गठबंधन पार्टी बनकर उभरेगी। अपने दम पर 30 सीट जीतेगी। मेवात क्षेत्र की तीनों विधानसभाओं में इनेलो-बसपा की जीत होगी। अभय चौटाला ने कहा कि आप लोग ताहिर हुसैन को विधायक बनाओ मंत्री बनाने का काम हम करेंगे। ताहिर हुसैन एक युवा के साथ-साथ शिक्षित व साफ छवि के नेता हैं। जो हमेशा आप लोगों के बीच में रहते हैं। आप लोगों का बेटा व भाई बनकर हमेशा काम आएगा। इनेलो-बसपा प्रत्याशी ताहिर हुसैन ने उमड़े जनसैलाब का धन्यवाद व आभार जताया। उन्होंने कहा कि आप लोगों के जोश व उत्साह ने साबित कर दिया कि इंशा अल्लाह नूंह विधानसभा रिकार्ड मतों से जीत रहे हैं। 5 अक्तूबर तक का समय आप लोग मुझे दे दो, उसके बाद आने वाले पाँच साल मैं आपके बीच खड़ा रहूँगा, आप लोगों के हकों की लड़ाई लडूंगा। ताहिर हुसैन ने कांग्रेसी विधायक को भी आड़े हाथों लिया। उन्होंने कहा कि आफताब अपने 10 वर्षों का कार्यकाल का जवाब दे कि उन्होंने 10 में मेवात क्षेत्र या नूँह विधानसभा के लिए कौनसा भलाई का काम किया है। उन्होंने लोगों को लूटने, झूठे केस दर्ज कराके पैसे ऐंठने जैसे संगीन अपराध किए हैं। उनके पास जुमले बाजी के अलावा कुछ नहीं है। उनकी बौखलाहट साफ दिख रही है और लोगों को डराने धमकाने का काम करे हैं। 9 गाँवों के किसानों के साथ भी बहुत बड़ा धोखा दिया।
हुसैन ने कहा कि इस बार नूँह की जनता भ्रष्टाचार व जुर्म के खिलाफ वोट कर उन्हें जवाब देगी। अल्लाह तआला ने अगर विधायक बनने का मौका दिया तो नूँह विधानसभा की तस्वीर व तकदीर बदलने का काम करेगे। अन्याय को यहाँ से मिटाएंगे। जरूरत मंदों के लिए हमेशा उपस्थित रहेंगे। ताहिर हुसैन ने कहा कि आप लोग बस ऐसे ही 5 अक्तूबर तक मेहनत करते रहें। इंश अल्लाह जीत आप लोगों की निश्चित है। कांग्रेसियों ने मेवात की भोली भाली जनता को खोखला कर दिया, अब जुल्म नहीं होगा। जनसभा को चौधरी फजल हुसैन, बसपा नेता नेतराम एडवोकेट, महेन्द्र जाजोरिया, चौधरी मौहम्मद तलहा एडवोकेट,
हाजी सोहराब, जिलाध्यक्ष सुभान खाँ, थान सिंह कश्यप, केशव, अरसद हुसैन आदि ने भी जनसभा को संबोधित कर इनेलो-बसपा के लिए वोट की अपील की। इस अवसर पर सरदार जसबीर सिंह मलिक, इब्राहीम पहलवान, बसपा जिलाध्यक्ष गोवर्धन, जयपाल सिंह, हरीश शर्मा बॉबी, समय सिंह, आसू पहलवान घासेड़ा, याकूब सरपंच मेवली, जमालू जयसिंहपुर, नसरू सरपंच कोंतलाका, जाहुल आकेड़ा, युनुस आकेड़ा, जमील सरपंच खेड़ला, सरोज, बानो, हाजी फते मौ०, इसलाम सरपंच रेवासन, मौ० खाँ सरपंच कवंरसीका, मुबीन, वकील, हाजी शौकत आदि के अलावा हजारों लोग मौजूद रहे।

## दक्ष प्रजापति समाज एवं साहू समाज के लोगों ने भाजपा प्रत्याशी नसीम अहमद को दिया समर्थन



**(अनिल मोहनियां नूंह)**
हरियाणा विधानसभा चुनाव के मद्देनजर रखते हुए भाजपा प्रत्याशी नसीम अहमद डोर टू डोर लोगों से संपर्क कर वोट की अपील कर रहे हैं। इसी क्रम में हर समाज एवं वर्ग लोगों में जाकर प्रदेश में पुनः भाजपा सरकार बनाने की मांग कर रहे है। जन संपर्क कार्यक्रम के तहत मंडलाध्यक्ष रमेश आर्य एवं मंडल संयोजक राकेश कुमार के संयोजन में खटीक मोहल्ला, वार्ड 13 में स्थित दक्ष प्रजापति समाज द्वारा स्वागत एवं जन समर्थन कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर पर दक्ष प्रजापति समाज के लोगों ने ढ़ोल नगाड़ों के साथ भाजपा प्रत्याशी नसीम अहमद का भव्य स्वागत किया और पूरे सम्मान के साथ उन्हें प्रजापति चौपाल में लाया गया। प्रजापति समाज के मुख्य लोग ओमचंद, जगदीश, राजकुमार, दौलती, दया प्रजापति एवं दक्ष प्रजापति समाज के लोगों द्वारा भाजपा प्रत्याशी नसीम अहमद के सर पर पगड़ी बांधकर स्वागत किया और भाजपा प्रत्याशी को पूर्ण से जनसमर्थन दिया। इसके उपरांत महावीर मार्ग पर स्थित साहू समाज के लोगों ने मंडलाध्यक्ष रमेश आर्य एवं मंडल महामंत्री सुभाष साहू उर्फ मोनू के सौजन्य से जन संपर्क एवं जनसमर्थन कार्यक्रम रखा गया। जिसमें भारी संख्या में साहू समाज के लोगों ने भाजपा प्रत्याशी नसीम अहमद को पुरजोर समर्थन दिया। वहीं भाजपा प्रत्याशी नसीम अहमद ने लोगों संबोधित करते हुए बताया कि कांग्रेस ने क्षेत्रवाद, जातिवाद एवं भाई भतीजे की बुनियाद पर राजनीति जिसकी वजह से कई लोगों को सरकारी योजना, विकास एवं रोजगार से वंचित होना पड़ा। दस वर्षों की भाजपा सरकार ने क्षेत्र के लोगों को सबका साथ, सबका विकास एवं विश्वास के नारे साथ कार्य किया है, जिसका सभी वर्ग, समाज एवं पिछड़ों को लाभ मिला है। कांग्रेस ने झूठ की राजनीति है और लोगों को बरगलाने का कार्य किया है। जब सन 14 में भाजपा सरकार प्रदेश आई तो जब लोगों को रोजगार देने का कार्य किया तो कांग्रेस के पेट में मरोड़ शुरू हो गए।कांग्रेस ने अघोषित तौर पर पार्टी के अंदर एक 'भर्ती रोको प्रकोष्ठ' बनाया जो आगे चलकर भर्ती रोको गैंग के तौर पर कुख्यात हुआ।इस भर्ती रोको गैंग ने कानूनी दांव-पेंच अपना कर युवाओं की नौकरियां को अटकाने और भटकाने का काम किया।इस भर्ती रोको गैंग का सिर्फ एक ही लक्ष्य था कि किसी भी तरह हरियाणा में योग्यता के आधार पर भर्तियां ना हो पाएं। इस गैंग के कारनामों की वजह से पता नहीं कितने युवाओं के सपने धरे के धरे रह गए, सरकारी नौकरी करने की उनकी उम्र निकल गई। अब वो समय आ गया है। इसी पार्टी को उखाड़ फेंकने का इसीलिए आप लोगों से अपील की जाती है, भाजपा पार्टी को ज्यादा से ज्यादा वोट देकर सफल बनाए और आने वाली पांच तारीख को कमल के फूल पर बटन दबाकर मुझे विजय बनाएं।

## नूंह शहर में आफताब को समर्थन, मनी ईद और दिवाली ,दर्जनों गांवों के सैंकड़ों लोग इनेलो बीजेपी छोड़ कांग्रेस में शामिल

**(अनिल मोहनियां नूंह)**
हरियाणा विधानसभा चुनाव अपने अंतिम हफ्ते में पहुंच गए हैं वहीं नूंह विधानसभा में भी प्रचार प्रसार तेजी पकड़ रहा है। एक तरफ नूंह से कांग्रेस प्रत्याशी आफताब अहमद लगातार जनसमर्थन प्राप्त करने में कामयाब हो रहे हैं वहीं इनेलो, जजपा, आप प्रत्याशी मुकाबले से दूर दिखाई दे रहे हैं। शनिवार को कांग्रेस प्रत्याशी आफताब अहमद का नूंह शहर में घर हर अभियान लगभग 8 घंटों में पूरा हुआ जिसमें युवाओं, महिलाओं, बुजुर्गों सहित हर उम्र के लोगों की पूरी भागीदारी रही। कांग्रेस प्रत्याशी को मिले जन समर्थन के दौरान आतिशबाजी से शहर में ऐसा लगा जैसे ईद और दिवाली एक साथ मनाई जा रही हों। सभी समाज के लोगों ने कांग्रेस विधायक आफताब अहमद को जीत का आशिर्वाद और दुआएं दी। इस दौरान सैंकड़ों लोगों ने बीजेपी इनेलो आदि छोड़ कर कांग्रेस में आस्था जताई। वहीं रविवार को भी कांग्रेस प्रत्याशी आफताब अहमद को जन समर्थन जारी रहा, ज़िला कांग्रेस मुख्यालय पर आंकेडा के कई दर्जन लोगों ने विभिन्न दलों को छोड़कर कांग्रेस को समर्थन दिया। जिनमें कबीर, हाजी अहमद, रशीद अहमद, सगीर अहमद, दादा लियाकत, असगर, शम्मी, अरशद, अलीम, जाहिद अहमद, रशीद एडवोकेट, जुबेर, सद्दीक, यूसफ, इल्यास प्रमुख थे। वहीं नूंह विधानसभा के 45 गांवो के अब्बासी सम्माज के प्रमुख लोगों ने ज़िला कांग्रेस मुख्यालय नूंह पर पहुंचकर कांग्रेस प्रत्याशी आफताब अहमद को समर्थन दिया। जिनमें समाज के प्रधान रुददार, जुनैद राऊका, महबूब, सद्दाम, ममरेज, चुनमून, वहीद, शौकत, इंजमाम, इम्तियाज, गफूर, हाजी मुबीन, सलीम, सब्बीर प्रधान, जानू, जावेद, मुबीन, मोटा, मुबारिक, जाहुल,



हाजी नूरुद्दीन, नोमान, सुलेमान, कासिम, नन्नू, इशाक, साकिर कबाड़ी, इल्यास, सलमान, आस मोहम्मद, रहीश, मललाल, बन्ना, डॉक्टर नूरुद्दीन, सरफुद्दीन, नसीम, शौकीन, कासम, सब्बीर, वकील, मूसा ठेकेदार, शौकत ब्लॉक सीमित मेंबर, शहीद, हाजी वहीद, उमरद्दीन उजीना वाले, इल्यास, आसु, इल्यास छोटी मेवली, हाजी शाहबू, फकरुद्दीन, समद अली, हक्कू, मुस्तुफा, वकील अहमद टाई, गोलपुरी ताहिर, मास्टर इल्यास, मजीद, आस मोहम्मद, आसुद्दीन, इस्लाम प्रमुख थे। उधर मालब में इनेलो प्रत्याशी के करीबी स्मर्थकों ने उन्हें छोड़कर कांग्रेस को समर्थन दे दिया जिनमें मियांजी इब्राहीम, अब्दुल रहमान, असलम, हाजी इस्लाम, जकारिया फौजी, जमील फौजी, फारूक,
हाजी रहमान, हाजी हसनद्दीन, नवाब, ईशा, तौफीक, मौहम्मद साकिर, एजाज, अखलाक, लियाकत, साबिर, अरशद, इकराम, ईस्माइल, अख्तर, इकबाल, मुबारक, रजाक पुत्र साहब खान, इमरान, इरफान, साहिद, साकिर, इरफान, मौसिम, जमील, गोविंद, प्रेमराज, घनश्याम, लालाराम, बृजमोहन, विशाल, विक्रम, केन्द्रपाल, पवन, नारायण सिंह, हरराम, राजेश, महेश, दिनेश, हेमराज, नीरज, बाबूलाल, साबिर, योगेश, इंजमाम, जफरुद्दीन आदि प्रमुख थे। वहीं आटा गांव में पंडित दयानंद, डॉ ज्ञान चंद नम्बरदार, रमेश मेंबर,खजान मेंबर, सुलेमान मेंबर,सत्तन, कंवरपाल, रवि,राज कुमार छोंकर, सूबेदार फतह सिंह,परवीन मेंबर,पंडित अंकित मेंबर,राजबीर भट्ट, चौधरी करतार सिंह,सूबेदार मानवीर,समय सिंह,महीपाल, राहुल,कैप्टन खमे चंद ने बीजेपी इनेलो छोड़ कांग्रेस को समर्थन दिया। उधर इंडरी में आयोजित जन समर्थन कार्यक्रम में रमेश, धर्मपाल, रवि, कुलदीप, दिनेश, अशोक, बुधराम, सोनू, रोहित, दीपक, बिमला, प्रीति, शारदा, कमलेश, दीपा सहित कई दर्जनों ने इनेलो बीजेपी छोड़कर कांग्रेस का दामन थामा। इसके अलावा सोहनलाल सरपंच इंडरी, धर्मवीर ठेकेदार, सतबीर, हरचंदी, कुंदन, देवी सिंह, आसु, कमल सरपंच, तजल्ली, दानवीर यादव, विक्रम सरपंच, ब्रह्मजीत, मामचंद, जयप्रकाश जांगड़ा, सत्यप्रकाश, विजेंद्र, पंडित रमेश, सतबीर प्रधान, भू सिंह, प्रतापसिंह, महेंद्र सिंह, विक्रम सिंह सरपंच, चरण सिंह यादव, बिरेंदर, जग्गो, कृपाल नम्बरदार, गुलजारी, प्रेम सिंह, राजपाल, सुरेश, सुंदर, धर्मेंद्र चौधरी, प्रेमसिंह हुड्डा, देवी सिंह प्रधान, श्रीचंद ने भी कांग्रेस प्रत्याशी आफताब अहमद को समर्थन दिया। यहां मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे योगेंद्र यादव ने कांग्रेस प्रत्याशी आफताब अहमद के लिए वोट की अपील की और बीजेपी पर निशाना साधते हुए कहा
कि भाजपा बहुत ज्यादा झूठी पार्टी है जिसका मकसद लूट, फूट और झूठ तक सीमित है। किसानों, जवानों, पहलवानों, सरपंचों आदि सभी का उत्पीड़न बीजेपी सरकार ने किया है। सैंकड़ों किसानों की मौत की ज़िम्मेदार भी बीजेपी सरकार है और सभी किसान बीजेपी के खिलाफ हैं। उन्होंने कहा कि ये किसान लोग ही थे जिन्होंने बीजेपी की नूंह में दंगे कराने की साजिश को सिरे नहीं चढ़ने दिया था और यहां का भाईचारा कायम रखा था।

# होडल विधानसभा प्रत्याशी और हरियाणा कांग्रेस अध्यक्ष उदय भान ने कहा बीजेपी जा रही है कांग्रेस आ रही है



**समाचार गेट हरिओम भारद्वाज**
**होडल, -:** हरियाणा प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष एवं होडल विधानसभा क्षेत्र से प्रत्याशी उदयभान ने कहा कि भाजपा की जनविरोधी नीतियों से अब लोगों का मोह भंग हो चुका है। प्रदेश में होने वाले विधानसभा चुनावों में भाजपा जा रही है और कांग्रेस की सरकार आ रही है। जिसको लेकर आमजन में उत्साह बना हुआ है। उन्होंने कहा कि दूसरे दलों में शामिल लोगों को भगदड मची हुई है। भाजपा सहित अन्य दूसरे दलों को छोडकर लोग कांग्रेस पार्टी में शामिल हो रहे हैं। उदयभान ने रविवार को शहर के अलावा गांव सौंनहद,दीघोट,खाम्बी,मीरपुर कौराली व जटोली आदि गावों में डूार टू डोर प्रचार कर जनसम्पर्क अभियान चलाया और लोगों से कांग्रेस के समर्थन में वोट मांगे। जिस पर लोगों ने भी अबकि बार कांग्रेस पार्टी की सरकार बनाने और उनके पक्ष में अधिक से अधिक मतदान करने का भरोसा दिलाया। उदयभान ने श्रीत्यागी मांर्डन स्कूल में चुनाव सभा को सम्बोधित किया। यहां सैंकडों लोगों द्वारा उनका फूल मालाओं व पगडी बांधकर भव्य स्वागत किया गया। यहां विधानसभा प्राईवेट स्कूल एसोसिएशन ने उदयभान को पूरा समर्थन देने की घोषणा की। इसके बाद उदयभान ने क्षेत्र के बडे गांव सौनहद में जनसभा को सम्बोधित किया। गांव के सैंकडों कार्यकर्ता ट्रैक्टर और बाईक रैली के साथ उदयभान को गांव तक लेकर पहुंचे। यहां उन्होंने प्राचीन लालदास मंदिर से अपने प्रचार का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि पिछले दस वर्षों के भाजपा के शासन से आमजन पूरी तरह से परेशान हो चुका है। कार्यालयों में भ्रष्टाचार चरम पर है। भाजपा सरकार द्वारा थोपी गई आमन लाईन व्यवस्था आम जनता के लिए सुविधा कम और असुविधाकारी साबित हो रही है। लोगों का पूरा समय प्रोपर्टी आईडी सही कराने में निकल रहा है। बगैर रिश्वत के कार्यालयों में कोई काम नहीं किया जा रहा है। भाजपा की जनविरोधी नीतियों से परेशान होकर कार्यकर्ता कांग्रेस पार्टी में शामिल हो रहे हैं। उदयभान ने कहा कि भाजपा सरकार में खिलाडियों से लेकर किसानों तक सभी को पीटा गया है। किसान और खिलाडी भाजपा की दमनकारी नीति को भूले नहीं हैं। रोजगार के नाम पर युवा वर्ग के साथ छलावा किया जा रहा है। सरकारी कार्यालयों में लाखों पद रिक्त पडे हुए हैं, लेकिन सरकार ने किसी भी विभाग में भर्ती नहीं की। सनसम्पर्क अभियान के दौरान उदयभान का गावों में जगह जगह फूॅल मालाओं से भव्य स्वागत किया गया। जिस पर उन्होंने क्षेत्रवासियों का आभार व्यक्त किया और कहा कि लोगों द्वारा जो प्यार,स्नेह और समर्थन मिल रहा है, उसे वह सरकार बनने पर सूद सहित लौटाने का काम करेंगे। क्षेत्र में विकास की कोई कमी नहीं रहने दी जाएगी। उदयभान ने कहा कि भाजपा सरकार में पिछले दस वर्षों में क्षेत्र में कोई विकास नहीं हुआ। राजनेताओं ने केवल विकास में नाम पर वोट बटोरे हैं। मुख्यमंत्री द्वारा होडल में बस स्टैंड बनाने,अग्रसैन पार्क,हसनपुर में यमुना नदी पर पुल बनाने की कई बार घोषणा की गई, लेकिन कार्य शुरू नहीं हो सके। जिसके कारण जनता का भाजपा से मोह भंग हो चुका है। अबकि बार क्षेत्र की जनता ने भाजपा को बाय बाय कर कांग्रेस प्रत्याशी को जिताने का मन बना लिया है। उन्होंने लोगों से आने ८
वाली 5 अक्तूबर को भारी संख्या में मतदान कर कांग्रेस पार्टी को विजयी बनाने की अपील की।

# धनेश अदलक्खा को जिता दो, बडखल क्षेत्र के विकास की जिम्मेदारी मेरी होगी : कृष्णपाल गुर्जर

## केंद्रीय मंत्री ने कांग्रेस प्रत्याशी पर किया कटाक्ष, बोले 25 साल रहे सत्ता में बताएं क्या काम किए?

**समाचार गेट/संजय शर्मा**

**फरीदाबाद।** केंद्रीय राज्यमंत्री चौ. कृष्णपाल गुर्जर ने कहा है कि फरीदाबाद से गुरुग्राम और बल्लभगढ़ से पलवल मेट्रो परियोजना की डीपीआर बन रही है और चुनावों के उपरांत टेंडर हो जाएंगे और उनका प्रयास रहेगा कि इस मेट्रो को गुरुग्राम, फरीदाबाद से जेवर एयरपोर्ट से जोड़ दिया जाए और यह सभी कार्य उनके तीसरी कार्यकाल के दौरान ही पूर्ण होंगे। श्री गुर्जर अपने पैतृक गांव मेवला महाराजपुर में बडखल विधानसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी धनेश अदलक्खा के समर्थन में आयोजित जनसभा को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान गांव मेवला की मौजिज सरदारी ने श्री गुर्जर व भाजपा प्रत्याशी धनेश अदलक्खा का फूल मालाओं से भव्य स्वागत किया। इस मौके पर कृष्णपाल गुर्जर ने धनेश अदलक्खा को अपना पुत्र बताते हुए कहा कि उनका एक बेटा देवेंद्र चौधरी है और दूसरा है धनेश। देवेंद्र को टिकट नहीं मिली, लेकिन धनेश को मिल गई इसलिए मैं आपको विश्वास दिलाता हूं कि धनेश को आप भारी मतों से जिताकर



विधानसभा में भेजे, बडखल क्षेत्र के विकास में मैं कोई कमी नहीं रहने दूंगा। उन्होंने फरीदाबाद के विकास की बात करते हुए कहा कि आगामी 2026 तक फरीदाबाद के शहरी, ग्रामीण व इंडस्ट्रीज में कोई तारें व खम्भे नहीं रहेंगे बल्कि सारा बिजली सिस्टम पूरी तरह से अंडरग्राउंड कर दिया जाएगा, जिस कार्य के लिए 2800 करोड़ रुपए का बजट निर्धारित किया गया। श्री गुर्जर ने कहा कि भाजपा काम करने में विश्वास करती है और दस सालों में काम भी हुए है। उन्होंने कांग्रेस प्रत्याशी पर कटाक्ष करते हुए कहा कि 25 सालों तक सत्ता में रहने वाले जनता को बताएं कि उन्होंने अपने गांव के लिए क्या काम किए। जब वह बिजली मंत्री थे, तब बिजली ज्यादा जाती थी आती कम थी, जब वह नगर निगम लोकल बॉडी के मंत्री थे, तब सडक़ें बदहाल थी और तो और वह अपने गांव नवादा तक की सडक़नही बनवा पाए। इतना ही नहीं सैनिक कालोनी में उनके घर के सामने वाली सडक़को भी हमने ही बनवाया। ये लोग जब 25 सालों में कुछ नहीं कर पाए तो अब क्या मौका मांगते है। इस दौरान जनसभा में मौजूद लोगों ने हाथ उठाकर श्री गुर्जर का समर्थन करते हुए उन्हें विश्वास दिलाया कि पिछले दो बार की तरह इस बार भी बडखल में कमल का फूल ही खिलेगा। इस मौके पर बडखल से भाजपा प्रत्याशी धनेश अदलक्खा ने जनसभा में आए सभी लोगों का आभार जताते हुए कहा कि मैंने तो अपने राजनैतिक गुरु कृष्णपाल गुर्जर जी से ही जनसेवा की भावना सीखी है और धनेश अदलक्खा के रुप में स्वयं कृष्णपाल गुर्जर जी ही बडखल से चुनाव लड़ रहे है, इसलिए आपको एक-एक मत भाजपा के पक्ष में डालना है ताकि हरियाणा में तीसरी बार भाजपा की सरकार बने और इस सरकार में बडखल की भी हिस्सेदारी हो। इसके अलावा केंद्रीय राज्यमंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने धनेश अदलक्खा के समर्थन में सेक्टर-21 आरडब्ल्यूए सामुदायिक भवन, गांव अनखीर, सहित कई जगहों पर सभाएं आयोजित कर भाजपा के पक्ष में मतदान करने की अपील की। इस मौके पूर्व मेयर अतर सिंह, वरिष्ठ भाजपा नेता प्रवीण चौधरी, सैनिक कालोनी सोसायटी के निवर्तमान प्रधान राकेश धुन्ना, जगत सिंह, ज्ञानी प्रधान, चौ करतार सिंह, जगगा नंबरदार, महेश फागना, अमित भडाना, बिज्जू सरदार, महेंद्र नंबरदार, धीरज सहित अनेकों गणमान्य लोग मौजूद थे।

# गांव अलावलपुर की सरदारी ने दीपक डागर को दिया विजयश्री का आर्शीवाद



**समाचार गेट/संजय शर्मा**

**फरीदाबाद।** पृथला विधानसभा क्षेत्र से निर्दलीय प्रत्याशी दीपक डागर ने आज अपने चुनावी अभियान के तहत गांव अलावलपुर, मोहना व अटाली में जनसभाओं को संबोधित कर ग्रामीणों से अपने पक्ष में मतदान करने की अपील की। उन्होंने कहा कि आपके द्वारा दिया गया एक-एक वोट, पृथला क्षेत्र में विकास के नए द्वार खोलेगा इसलिए इस बार आप अपने इस बेटे और भाई को भारी मतों से जिताकर चंडीगढ़ भेजने का काम करे। उसके बाद पृथला क्षेत्र का विकास करवाना ही मेरा उद्देश्य रहेगा। इस दौरान अलावलपुर पहुंचने पर युवा बिग्रेड उन्हें गांव के अड्डे से ढोल नगाड़ों व डीजे की थाप पर कंधों पर बिठाकर जनसभा स्थल पर लेकर पहुंची, जहां गांव की मौजिज सरदारी ने उन्हें सम्मान रुपी पगड़ी बांधकर एवं बड़ी माला के साथ उनका भव्य स्वागत करते हुए दीपक डागर को विजयीश्री का आर्शीवाद दिया। लोगों से मिले अपार समर्थन से उत्साहित दीपक डागर ने कहा कि मैं तो छत्तीस बिरादरी का प्रत्याशी हूं और छत्तीस बिरादरी ही मेरा चुनाव लड़ रही है, अगर आपके आर्शीवाद से यहां से जिता तो आपके सम्मान में कभी कमी नहीं आने दूंगा। यह चुनाव पृथला क्षेत्र की जनता के सम्मान का चुनाव है और मुझे विश्वास है कि जिस प्रकार से पृथला क्षेत्र के 104 गांवों में छत्तीस बिरादरी का समर्थन मुझे मिल रहा है, उससे मेरी जीत सुनिश्चित हो चुकी है। मैं पृथला क्षेत्र की देवतुल्य जनता को विश्वास दिलाता हूं कि आपके सम्मान और क्षेत्र के विकास में कभी कोई कमी नहीं रहने दूंगा और लायक बेटे की तरह पृथला क्षेत्र की सेवा करूंगा।

# स्वयं को टेकचंद शर्मा मानकर घर-घर दस्तक दे ग्रामीण : टेकचंद शर्मा

## भाजपा प्रत्याशी बोले, विधायक बनने पर बदल दूंगा पृथला क्षेत्र की तस्वीर

**समाचार गेट/संजय शर्मा**

**फरीदाबाद।** पृथला विधानसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी पं. टेकचंद शर्मा ने चुनाव प्रचार के आखिरी दौर में रविवार को गांव पृथला, बाघौला, देवली, अटाली, जवां, अलावलपुर, मच्छगर आदि में चुनावी सभाओं को संबोधित कर लोगों से भाजपा के पक्ष में मतदान करने की अपील की। इस दौरान जगह-जगह भाजपा प्रत्याशी टेकचंद शर्मा का ग्रामीणों ने भव्य स्वागत किया। बाघौला व अलावलपुर में गांवों में पं. टेकचंद शर्मा को युवा बिग्रेड गांव की सीमा से ढोल नगाड़ों व ट्रेक्टरों व जीपों के काफिले के साथ सभा स्थल तक लेकर पहुंची, जहां बुजुर्गो ने सम्मान



रुपी पगड़ी बांधते हुए उन्हें विजयीश्री का आर्शीवाद दिया। ग्रामीणों से मिले स्नेह रुपी आर्शीवाद से उत्साहित टेकचंद शर्मा ने कांग्रेस पर हमला बोलते हुए कहा कि कांग्रेस का मतलब ही भ्रष्टाचार करना है। कांग्रेस शासन में भ्रष्टाचार के कारण हर वर्ग के लोग परेशान थे। योग्य युवाओं को नौकरियां नहीं मिलती थी। नौकरी लेने के लिए पर्ची और खर्ची के साथ-साथ राज नेताओं के चक्कर लगाने पड़ते थे, लेकिन भाजपा ने इस प्रथा को समाप्त करते हुए योगयता के आधार पर नौकरियां देने का काम किया। भाजपा प्रत्याशी टेकचंद शर्मा ने क्षेत्र के लोगों से मिल रहे अपार समर्थन से वह आश्वस्त है कि जनता इस बार पृथला में कमल खिलाएगी और उन्हें विजयी बनाकर विधानसभा में भेजेगी। उन्होंने कहा कि आप लोग मुझे विधायक चुनकर विधानसभा भेजने का काम करें, बाकी क्षेत्र की तरक्की मेरी जिम्मेदारी होगी। श्री शर्मा ने कहा कि हरियाणा में भाजपा की सरकार बनने वाली है और पृथला क्षेत्र की इसमें भागेदारी हो, इसलिए ज्यादा से ज्यादा वोट कमल के फूल पर देने का काम करे, जिससे कि प्रदेश में मजबूत और स्थिर सरकार बने और विकास का पहिया तेजी से चले। उन्होंने लोगों से आह्वान किया कि मतदान को कुछ दिन शेष बचे है, ऐसे में इसलिए प्रत्येक कार्यकर्ता खुद को टेकचंद शर्मा मानकर घर-घर जाएं और मोदी-नायब सरकार की उपलब्धियां बताएं तथा लोगों को कमल के फूल पर वोट देने के लिए प्रेरित करें ताकि पृथला क्षेत्र का सर्वांगीण विकास करवाया जा सके। इस मौके पर उनके साथ मुख्य रुप से जिला परिषद के वाइस चेयरमैन धर्म चौधरी मौजूद रहे।

# तिगांव क्षेत्र की देवतुल्य जनता स्टार प्रचारक बनकर लड़ रही मेरा चुनाव: ललित नागर

## गांव खेड़ीकलां, बड़ौली, महावतपुर, भूपानी सहित कई गांवों ने ललित नागर के समर्थन में भरी हुंकार

**समाचार गेट/संजय शर्मा**

**फरीदाबाद।** तिगांव विधानसभा क्षेत्र से पूर्व विधायक एवं पंचायती उम्मीदवार ललित नागर ने चुनावी प्रचार के आखिरी दौर में अपनी पूरी ताकत झोंकते हुए रविवार को क्षेत्र के बड़े गांव खेड़ीकलां, बड़ौली, महावतपुर, भूपानी सहित कई गांवों में बड़ी सभाएं आयोजित करके लोगों से अपने पक्ष में समर्थन मांगा। गांवों में पहुंचने पर जगह-जगह ललित नागर का ग्रामीणों ने जोरदार स्वागत किया। इस दौरान जहां युवा बिग्रेड उन्हें ढोल नगाड़ों व डीजे के माध्यम से कंधों पर बिठाकर जनसभा स्थल तक लेकर पहुंची, वहीं गांव की मौजिज सरदारी ने सम्मान रुपी पगड़ी बांधकर उन्हें विजयश्री का आर्शीवाद दिया। लोगों से मिले अपार स्नेह व आर्शीवाद से उत्साहित ललित नागर ने कहा कि जिस प्रकार से उन्हें क्षेत्र की छत्तीस बिरादरी का समर्थन और आर्शीवाद मिल रहा है, उससे स्पष्ट हो गया है कि हम अपने सम्मान की इस लड़ाई को अवश्य जितेंगे। उन्होंने कहा कि मैंने 20 साल तिगांव क्षेत्र की सेवा में समर्पित कर दिए, हर घर पर दस्तक दी, लोगों के सुख में दुख में भागेदारी निभाई, आज उसी का फल मुझे मिल रहा है कि समाज की छत्तीस बिरादरी एकजुट होकर उनका चुनाव लड़ रही है। श्री नागर ने कहा कि आज मैं अकेला नहीं हूं बल्कि पूरे क्षेत्र की जनता मेरे साथ खड़ी है, मैं जहां जाता हूं, वहां हजारों-हजारों की संख्या में लोग उनका स्वागत करने उन्हें सुनने के लिए उमड़ रहे है, यह जनता का प्यार ही तो है और मैं वायदा करता हूं कि आपके इस प्यार



व सम्मान को कभी कम नहीं होने दूंगा और यहां से जीतने के बाद तिगांव क्षेत्र का समुचित विकास करवाकर लोगों की समस्याओं का जड़मूल से समाधान करवाऊंगा। श्री नागर ने भाजपा प्रत्याशी पर कटाक्ष करते हुए कहा कि वह विकास की बातें न करके मोदी के नाम पर वोट मांग रहे है, पहले वह जनता को यह बताएं कि पांच सालों तक विधायक रहते हुए उन्होंने क्षेत्र में क्या विकास करवाया है? और पिछले दस सालों में भाजपा ने यहां कोई ऐसा काम नहीं किया, जिसके नाम पर वह वोट मांग सके क्योंकि अब जनता तिगांव क्षेत्र का विकास चाहती है। उन्होंने कहा कि मेरा कोई स्टार प्रचारक नहीं है, बल्कि मेरी तो क्षेत्र की देवतुल्य जनता ही मेरी स्टार प्रचारक है और जिसकी जनता स्टार प्रचारक होती है, उसे किसी और की जरूरत नहीं होती। ललित नागर ने लोगों से आह्वान किया कि अब मात्र छह दिन चुनावों में शेष बचे है, इसलिए आप अपने इस जोश और उत्साह को बरकरार रखते हुए स्वयं को 'ललित नागर' मानकर चुनाव लड़े ताकि विकास और सम्मान की इस लड़ाई को हम बड़ी जीत के साथ सम्पन्न करे।

# वोट रुपी मेहताना देकर खत्म कर दो मेरा 30 साल का वनवास : लखन सिंगला

## सेक्टर-16 जेड पार्क में आयोजित जनसभा में सेक्टरवासियों ने कांग्रेस प्रत्याशी को दिया भरपूर समर्थन

**समाचार गेट/संजय शर्मा**

**फरीदाबाद।** फरीदाबाद से कांग्रेस प्रत्याशी लखन कुमार सिंगला ने भाजपाईयों की स्वयंभू स्मार्ट सिटी पर बड़ा कटाक्ष करते हुए कहा कि भाजपा के दस सालों में सेक्टर हो या फिर कालोनियां, हर जगह समस्याएं ही समस्याएं व्याप्त रही, कहीं सडक़ें टूटी पड़ी है, तो कहीं सीवरेज ओवरफ्लो है, कहीं कूड़े के ढेर लगे है तो कहीं पीने के पानी की कमी से लोग जूझ रहे है, आज भाजपा प्रत्याशी की सभाओं में जनता उनसे दस सालों का हिसाब मांग रही है, उनके पास कोई जवाब नहीं बन रहा क्योंकि दस सालों में भाजपा सरकार ने ऐसा कोई विकास ही नहीं किया, जिसका वो बखान कर सके। उन्होंने जनता को आश्वस्त करते हुए कहा कि हरियाणा में कांग्रेस सरकार बनने पर फरीदाबाद को सही मायनों में स्मार्ट बनाया जाएगा। भाजपा सरकार के दस सालों में मूलभूत सुविधाओं से वंचित इस शहर को उसका खोया हुआ गौरव लौटाने का काम किया जाएगा। श्री सिंगला बीती रात सेक्टर-16 स्थित जेड पार्क में आयोजित विशाल जनसभा को संबोधित कर रहे थे। जनसभा में सेक्टर-16 सहित आसपास के सेक्टरों के हजारों लोग बड़ी संख्या में पहुंचे और सभी ने हाथ उठाते हुए श्री सिंगला के समर्थन में हुंकार भरते हुए उन्हें भारी मतों से विजयी बनाने का भरोसा दिलाया। लोगों को संबोधित करते हुए लखन सिंगला ने कहा कि आज वह जनता की ओर से भाजपा के पूर्वमंत्री और मौजूदा प्रत्याशी तथा निवर्तमान विधायक से हिसाब मांगते है कि वह बताएं कि अपने-अपने कार्यकालों में उन्होंने क्या-क्या विकास किए? उन्होंने कहा कि इन लोगों ने केवल अपने व्यापार चलाए, जनता की सुध नहीं ली। जनता समस्याओं से त्रस्त रही और यह लोग केवल विदेशी यात्राओं और ए.सी. कमरों में बैठकर आराम



फरमाते रहे। अब चुनावों में इन्हें जनता की याद आ रही है, लेकिन जनता अब इनके बहकावे में आने वाली नहीं है। श्री सिंगला ने लोगों से भावानात्मक जुड़ते हुए कहा कि मैं पिछले तीस सालों से एक सेवक के रुप में क्षेत्र की सेवा में समर्पित भावना से काम कर रहा है, हर किसी के सुख-दुख में भागेदारी निभाता हूं। आपने सबको मौका दिया, इस बार आप मुझे भी मौका दे दो, मेरे 30 सालों का मेहनाता वोट के रुप में दे दो और मेरे वनवास को खत्म कर दो, मैं विश्वास दिलाता हूं कि सरकार का हिस्सा बनकर फरीदाबाद के विकास में चार चांद लगाने का काम करूंगा। इस मौके पर वरिष्ठ कांग्रेसी नेता बलजीत कौशिक, सुमित गौड़, वासदेव अरोड़ा, गोल्डी बरेजा, रिंकू चंदीला, राव महेंद्र, रेनू चौहान, अनिल शर्मा आदि ने संयुक्त रुप से कहा कि लखन सिंगला पिछले 30 सालों से निस्वार्थ भाव से आपकी सेवा कर रहे है, दिन हो या रात हमेशा क्षेत्र की समस्याओं को लेकर संघर्षरत रहते है, इस बार आप अपने इस बेटे को विजयश्री का आर्शीवाद देकर चंडीगढ़ भेज दो, हरियाणा में कांग्रेस की सरकार बन रही है, यह सरकार में शामिल होकर फरीदाबाद के विकास में कोई कमी नही छोड़ेंगे।

# एसएसबी अस्पताल ने लगाया हृदय जांच शिविर, 300 मरीजों की हुई जांच



**समाचार गेट ब्यूरो**

**फरीदाबाद।** चिकित्सा क्षेत्र में अग्रणीय एसएसबी हार्ट एंड मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल में विश्व हृदय दिवस पर रविवार को निशुल्क हृदय जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में करीब 300 मरीजों ने अपनी जांच करवाई। शिविर में आए मरीजों की बीपी, शुगर, ईसीजी, ईको इत्यादि जांचें निशुल्क की गई। शिविर में वरिष्ठ हृदय विशेषज्ञ एवं अस्पताल के निदेशक डा. एस.एस. बंसल, डा. ब्रिगेडियन एस.एस. सिद्धू, डा. सिद्धांत बंसल, डा. अजय बालिया, डा. चेतन स्वरुप, डा. रिधिका मुंजा व डा. सौरभ के देव आदि ने मरीजों की जांच की और उन्हें निशुल्क परामर्श दिए। इस मौके पर डा. एस.एस. बंसल ने बताया कि भारत में हृदय के मरीजों की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है, इसका मुख्य कारण जहां सही खान-पान न होना है वहीं जागरुकता की कमी भी हृदय रोगों को बढ़ावा देती है, इसलिए हमें समय-समय पर अपने हृदय की जांच करवानी चाहिए ताकि भविष्य में किसी भी अप्रिय घटना से बचा जा सके। उन्होंने कहा कि एसएसबी अस्पताल समय-समय पर इस प्रकार के निशुल्क जांच शिविर लगाकर अपने सामाजिक दायित्व का निर्वहन करता रहता है।

# रघुबीर तेवतिया को विधायक बना दो, पृथला के विकास की जिम्मेदारी मेरी :भूपेन्द्र हुड्डा

**समाचार गेट/संजय शर्मा**

**फरीदाबाद।** पूर्व मुख्यमंत्री चौघरी भूपेन्द्र सिंह हुड्डा ने पृथला विधानसभा क्षेत्र की जनता से भावनात्मक अपील करते हुए कहा कि आप मेरा एक काम कर दो, मैं भी आपका एक काम करूंगा। आप रघुबीर तेवतिया को पृथला से विधायक बना दो मैं आपसे वायदा करता हूं कि हरियाणा में कांग्रेस की सरकार बनाकर पृथला क्षेत्र के विकास, मान, सम्मान की जिम्मेदारी मेरी होगी। उन्होंने कहा कि हरियाणा की हवा बता रही है कि कांग्रेस आ रही है और भाजपा जा रही है। ऐसे में पृथला के लोग भी हरियाणा में बनने वाली कांग्रेस की सरकार में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें, क्योंकि रघुबीर तेवतिया हमेशा मेरे संघर्ष का साथी और परिवारिक सदस्य के रूप में रहा है, ऐसे में पृथला क्षेत्र के लोगों के



समक्ष फिर से मौका आ रहा है कि वह भी कांग्रेस के पक्ष में मतदान कर हरियाणा प्रदेश में कांग्रेस की सरकार बनाने में अपना अहम योगदान दें। उन्होंने लोगों से सीधे जुड़ते हुए कहा कि आपको पता है कि इस बार कांग्रेस के हाथ के निशान पर बटन दबाने से पृथला क्षेत्र दो-दो विधायक चुने जाएंगे, एक रघुबीर तेवतिया और दूसरा स्वयं मैं यानि भूपेन्द्र हुड्डा इसलिए आपको क्षेत्र के विकास, रोजगार और मान-सम्मान की चिंता करने की जरूरत नहीं। उन्होंने लोगों से दोनों हाथ उठवाकर पूछा कि इस बार भूपेन्द्र हुड्डा के इंजन के साथ रघुबीर तेवतिया का इंजन जोड दोगे, जिसपर उपस्थित विशाल जनसैलाब ने दोनों हाथ उठाकर विजयी आर्शीवाद दिया। पूर्व मुख्यमंत्री हुड्डा रविवार को पृथला विधानसभा क्षेत्र के कांग्रेस प्रत्याशी एवं पूर्व विधायक रघुबीर तेवतिया के समर्थन में आयोजित विशाल जन आर्शीवाद रैली को संबोधित कर रहे थे। रैली में राज्यसभा सांसद एवं राज्यसभा में कांग्रेस के उपनेता प्रमोद तिवारी, राजस्थान से सांसद भजनलाल जाटव भी मुख्यरूप से मौजूद थे। रैली में कांग्रेस प्रत्याशी रघुबीर तेवतिया ने श्री हुड्डा को पृथला क्षेत्र के सभी 104 गावों की ओर से जहां शक्ति रूपक गदा भेंट कर सम्मान किया वहीं उन्हें ब्राह्मण समाज, दलित समाज, सैनी समाज, बघेल समाज, राजपूत समाज, बालमीक समाज, मुर्सलिम वर्ग हर वर्ग और 34 बिरादरी की ओर से पगडी भेंट कर फूलों की बडी माला से स्वागत कर अपने समर्थन का ऐलान किया गया। सभा में हजारों-हजारों की संख्या में लोग मौजूद थे। रैली में रघुबीर तेवतिया को उस समय बडी कामयाबी मिली जब पृथला विधानसभा क्षेत्र से जन नायक जनता पार्टी व आजाद समाल पार्टी के संयुक्त उम्मीवार गिर्राज जटौला ने अपने समर्थकों सहित कांग्रेस प्रत्याशी को अपना समर्थन देने का ऐलान कर दिया।

# फोरेस्ट के नाम पर एक भी मकान का नहीं होने दिया जाएगा नुकसान : विजय प्रताप

## कांग्रेस प्रत्याशी को जगह-जगह मिल रहा छत्तीस बिरादरी का अपार जनसमर्थन

**समाचार गेट/संजय शर्मा**

**फरीदाबाद।** बडख़ल विधानसभा क्षेत्र में उस समय एक एतिहासिक क्षण बन गया जब कांग्रेस प्रत्याशी विजय प्रताप के समर्थन में हजारों लोगों का जनसैलाब उमड़ पड़ा और लोगों ने फूलों की वर्षा कर अपना प्यार स्नेह विजय प्रताप को दिया।

इस अद्वितीय सम्मान से अभिभूत होकर विजय प्रताप ने जनता के प्रति आभार व्यक्त किया। विजय प्रताप ने कहा कि जनसेवा का संस्कार उन्हें अपने बड़े बुर्जुगों से मिला है और लगातार अपार संख्या में लोगों से मिल रहे प्यार और स्नेह , बड़े बर्जुर्गो का आर्शिवाद का ऋण वह चुनाव जीतने के बाद सूत सहित उतारेंगे। रविवार को उन्होंने फ्रेंडस कॉलोनी, जेड पार्क, सैक्टर-48, एसी नगर, कम्युनिटी सेंटर सेक्टर-46, ओमैक्स फोरेस्ट, पार्षद जित्ते भड़ाना



कार्यालय, दयालबाग, शिव दुर्गा विहार एफ ब्लॉक, नजदीक सेंट मेरी स्कूल, जी ब्लॉक, गांधी कॉलोनी, कॉमेटरी क्लब इरोज, सेंट्रल ग्रीन एन.एच.5, एनआईटी 1 ए ब्लॉक, 33 फीट रोड एसजीएम नगर, गुरुद्वारा वाली गली एसजीएम नगर, पटेल चौक एसजीएम नगर में आयोजित जनसभाओं में शिरकत की। साी जगह विजय प्रताप का जोरदार स्वागत किया और फूल-मालाओं एवं पगड़ी पहनाकर उनका सम्मान किया।

इस मौके पर उपस्थित लोगों को सम्बोधित करते हुए विजय प्रताप ने कहा कि हरियाणा में कांग्रेस सरकार बनने जा रही है और सरकार बनने के बाद हमारे गांवों का जो पहाड़ है, जो हमारी मल्कियत है उसको लेकर वन विभाग द्वारा जो लोगों को परेशान किया जाता है, उसका स्थाई समाधान कराया जाएगा। विजय प्रताप ने कहा कि मैं आपसे वादा करता हूं कि कांग्रेस सरकार आने पर आपको बुनियादी सुविधाओं के लिए धक्के नहीं खाने पड़ेंगे। पूर्व की कांग्रेस सरकार ने फरीदाबाद में पानी, बिजली एवं सडक़ों पर बहुत काम किया। इस बार भी मैं आपसे वादा करता हूं हर गांव में कम्युनिटी सेंटर होगा, बारात घर होगा, सीनियर सिटीजन क्लब बनेगा, जहां हमारे बड़े-बुजुर्गो को सुविधाएं मिलेंगी। विजय प्रताप ने कहा कि बडख़ल विधानसभा क्षेत्र की टूटी सडक़ों को दुरुस्त करने का काम हम करेंगे। इसके अलावा अनंगपुर चौक पर फ्लाईओवर बनाने का काम करेंगे, ताकि क्षेत्र के लोगों को जाम से मुक्ति मिल सके।

## संपादकीय

# संरक्षित हों तीर्थस्थल पर हिन्दू वंशावलियां




**नरवीर यादव**
**कार्यकारी संपादक**

हिंदू तीर्थस्थल धार्मिक मान्यताओं और पूजन अर्चन के लिए विख्यात है। इन सब कार्य को इन स्थलों के ब्राह्मण पंडित कराते हैं। ये ब्राह्मण पंडित पंडा कहे जाते हैं। ये पंडा सदियों से एक कार्य करते और कराते आ रहे हैं। ये पंडा अपने पास आने वाले यजमान (भक्तों) के परिवार का इतिहास अपनी बहियों में संजोते जा रहें हैं। ये काम सदियों से अनवरत रूप से जारी है। ये हिन्दू वंशावलियों की पंजिकाएं ऐतिहासिक धरोहर हैं। आज इनके संरक्षण की आवश्यक्ता है। इनके संजोकर रखने की जरूरत है।

हिंदू परिवारों को इस बारे में बहुत कम या न के बराबर जानकारी है। उन्हें पता भी नही कि इन स्थानों पर उनके परिवार का इतिहास संग्रहित है। सदियों से बहियों में ये रिकार्ड व्यापारी के खाते की तरह लिखकर रखा जा रहा है। अधिकतर भारतीयों व वे परिवार जो विदेश में बस गए उनको आज भी पता नहीं कि इन तीर्थस्थल की पंडो की बहियों में उनके परिवार की वंशावली दर्ज है। हिन्दू परिवारों की पिछली कई पीढ़ियों की विस्तृत वंशावलियां इन पंडा के पास संग्रहित हैं। ये पंडा आने वाले यजमान से उसके परिवार की जानकारी नोट करने के बाद उसके हस्ताक्षर कराकर बही में अपने पास रखते हैं। ये पंडा ये बहियां अपनी आने वाली अपनी पीढ़ी को सौंपते जाते हैं। ये बहियां जिलों व गांवों के आधार पर वर्गीकृत की गयीं हैं। प्रत्येक जिले की पंजिका का विशिष्ट पंडित होता है। यहाँ तक कि भारत के विभाजन के उपरांत जो जिले व गाँव पाकिस्तान में रह गए व हिन्दू भारत आ गए उनकी भी वंशावलियां यहाँ हैं। कई स्थितियों में उन हिन्दुओं के वंशज अब सिख हैं, तो कई के मुस्लिम अपितु ईसाई भी हैं। किसीकिसी की सात वंश या उससे भी ज्यादा की जानकारी पंडों के पास रखी इन वंशावली पंजिकाओं से होना साधारण सी बात है।

शताब्दियों पूर्व से हिन्दू पूर्वजों ने हरिद्वार या किसी पावन नगरी की यात्रा की/ तीर्थयात्रा के लिए या/ शव-दाह या स्वजनों के अस्थि व राख का गंगा जल में किया होगा तो वे संबद्ध पंडा के पास गए होंगे। ये पंडा इन आने वालों के रहने खाने तक की व्यवस्था करते हैं। इन पंडाओं ने अपनी पंजिका में वंश-वृक्ष को संयुक्त परिवारों में हुए सभी विवाहों, जन्म व मृत्युओं के विवरण दर्ज किया हुआ हैं। वर्तमान में धार्मिक स्थल पर जाने वाले भारतीय हक्के-बक्के रह जाते हैं जब वहां के पंडित उनसे उनके अपने वंश-वृक्ष को नवीनीकृत कराने को कहते हैं।

आजकल जब संयुक्त हिदू परिवार का चलन ख़त्म हो गया है। लोग एकल परिवारों को तरजीह दे रहे हैं, ये पंडित चाहते हैं कि आगंतुक अपने फैले परिवारों के लोगों व अपने पुराने जिलों- गाँवों, दादा- दादी के नाम व परदादा-परदादी और विवाहों, जन्मों और मृत्यु, परिवारों में हुए विवाह आदि की पूरी जानकारी के साथ वहां आएं। आगंतुक परिवार के सदस्य को सभी जानकारी नवीनीकृत करने के उपरांत वंशावली पंजीका को भविष्य के पारिवारिक सदस्यों के लिए व प्रविष्टियों को प्रमाणित करने के लिए हस्ताक्षरित करना होता है। साथ आये मित्रों व अन्य पारिवारिक सदस्यों से भी साक्षी के तौर पर हस्ताक्षर करने की विनती की जा सकती है।

इन तीर्थ स्थल के पुरोहितों के पास देश और दुनिया भर के यजमानों का दशकों पुराना लिखित रिकॉर्ड वंशावली के रूप में मौजूद है। किसी यजमान के आने पर चंद मिनटों में ही संबंधित पुरोहित कंप्यूटर से भी तेज गति से वंशावली देखकर उनके पूर्वजों की जानकारी दे देते हैं। पितृ पक्ष के दौरान इन तीर्थ स्थल पर आने वाले लोग अपने तीर्थ पुरोहितों के पास आकर वंशावली में अपने वंश के बारे में जरूर जानते हैं। ये पडे जनपद के हिसाब से हैं। तीर्थ स्थल में पहने वालों को पता है कि किस जनपद के पंडा कौन हैं। किसी दूसरे के यजमान को कोई अन्य पंडा खुद क्रियाकर्म नहीं कराता। संबधित जिले के पंडा के पास उसे भेज देता है।

शताब्दियों से हो रहा ये लेखन भोज पत्रों और ताम्र पत्रों के बाद अब कागज की बहियों पर शुरू किया गया। तीर्थ पुरोहितों के पास सैकड़ों वर्ष पुरानी बहियां आज भी सुरक्षित हैं। तीर्थ पुरोहितों की बहियों में देश भर के राजाओं, महाराजाओं, साधु, संतों, राजनेताओं एवं आम लोगों के परिवारों के वंश लेखन बहियों में मौजूद हैं। अकेले हरिद्वार में 30 हजार से अधिक की संख्या में वंशावली की बहियां सुरक्षित और संरक्षित हैं। इन बहियों में लेखन करने के लिए अलग स्याही तैयार करके तीर्थ पुरोहित वही लेखन करते हैं, जो काफी वर्षों तक सुरक्षित रहती है। इन वंशावलियों में जातियों, गोत्रों, उपगोत्रों का भी जिक्र रहता है। सबसे अहम बात इन बहियों में देखने को मिलती हैं कि तीर्थ पुरोहितों ने लेखन को भेदभाव से दूर रखा है। जहां राजाओं, महाराजाओं की वंशावलियां जिस क्रम में अंकित हैं, उसी क्रम में तीर्थ नगरी में पहुंचने वाले अन्य श्रद्धालुओं की हैं। विभिन्न राजवंशों की मुद्रांए, हस्त लेखन, दान पत्र, अंगूठे और पंजों के निशान बहियों में मौजूद हैं। यहां की वंशावलियों में देश की कई रियासतों के राजाओं के आने के उल्लेख दर्ज हैं।

अक्तूबर 2007 में हमें इंडियन वर्किंग जर्नलिस्ट की एक कांफ्रेंस में बद्रीनाथ जाने का अवसर मिला। मेरे साथ गए मेरे दोस्त नरेंद्र मारवाड़ी भी थे। हम मारवाड़ी के साथ बद्रीनाथ में, अजमेर के महावर वालों की धर्मशाला में चले गए। ये मारवाड़ी के परिवारवालों की धर्मशाला हैं। वहां पंडित जी से बात की। वंशानुक्रम के बारे में बताया। बात करते-करते पंडित जी ने अपनी बही खोलकर उनके गोत्र का विवरण खोला तो पता चला कि मारवाड़ी के पिता जी 41 वर्ष पूर्व यहां यात्रा को आए थे। यात्रा को आने के बाद हुए उनके दो बच्चों का विवरण दर्ज नहीं थे। पंडित जी ने बही देखकर बताया कि 93 साल पूर्व उनके दादा जी बद्रीनाथ आए थे। दोनों के आने की तिथि तक वही में दर्ज थी। उनके हस्ताक्षर भी बही में मौजूद थे। मित्र को अपने बाबा का नाम ज्ञात था। यहां बही से उन्होंने अपने बाबा के पिता उनके भाई, बाबा के दादा और उनके भाइयों आदि का विवरण नोट किया। पंडित जी ने अपनी वही में मित्र से अपने और उनके बच्चे, भाई और भाइयों के बच्चों की जानकारी नोट की। नीचे तारीख, माह, सन डालकर हस्ताक्षर कराए।

सदियों से चले आ रहा इतिहास को संजोकर रखना एक दुरूह कार्य है। इस कार्य को ये पंडे सुगमता से पीढ़ियों से करते चले आ रहे हैं। आज इस इतिहास को संजोने और संरक्षण की जरूरत है। अच्छा रहे कि इनका कंप्यूटरीकरण हो जाए। बहियों को लैमिनेट करके भी संरक्षित किया जा सकता है। कैसे भी हो, ये होना चाहिए, नहीं तो समय के साथ ये गलता और खराब होता चला जाएगा।। ये काम इनके व्यक्तिगत स्तर से संभव नहीं। सरकार को अपने स्तर से कराना होगा, तभी ये संभव हो पाएगा।

# विपुल गोयल को मिल रहा है फरीदाबाद क्षेत्र की जनता का अपार प्यार

## भारतीय जनता पार्टी की कथनी और करनी में कोई अंतर नहीं : विपुल गोयल

**समाचार गेट/संजय शर्मा**

**फरीदाबाद।** भारतीय जनता पार्टी के फरीदाबाद विधानसभा क्षेत्र से प्रत्याशी विपुल गोयल को लोगों का अपार प्यार और जनसमर्थन मिल रहा है। लोग विपुल गोयल को न केवल विधायक बल्कि मंत्री बनाकर भेजना चाहते हैं। हजारों लोगों को तीर्थ यात्रा के दर्शन कराने वाले विपुल गोयल को लोग दिल की गहराईयों से अपना प्यार न्यौछावर कर रहे हैं। विपुल गोयल रविवार को ओल्ड फरीदाबाद चुंगी पर आयोजित जन सभा में पहुंचे तो लोग उनके दर्शन के लिए उमड़ पड़े। उपस्थित लोगों ने एकमत होकर कहा कि विपुल गोयल हमारा नेता है और आने वाली 5 तारीख को विपुल गोयल को वोट देकर हरियाणा के मंत्रिमंडल में भेजने का काम करेंगे।



इस अवसर पर भाजपा प्रत्याशी विपुल गोयल ने कहा कि आप लोगों के प्यार और आशीर्वाद से ही आज हमें यह ताकत मिली है। जन आकांक्षाओं पर खरा उतरने के बाद पार्टी ने मुझे दोबारा से क्षेत्र के लोगों की सेवा करने का मौका दिया है। उन्होंने क्षेत्र के लोगों से वादा किया कि फरीदाबाद विधानसभा क्षेत्र के सेक्टर, कॉलोनी या गांव सब जगह समान रूप से विकास कार्य कराए जाएंगे। पार्कों की हालत सुधर जाएगी, उनको सुंदर बनाया जाएगा। विपुल ने कहा कि फरीदाबाद विधानसभा क्षेत्र के विकास के भाजपा को दोबारा से लाना जरूरी है। इसलिए अपना शत-प्रतिशत लगा दो और 5 दिन मुझे दे दो। न तो आपके यहां पानी की समस्या रहेगी न ही सीवर की। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी व्यापारियों, दुकानदारों, आमजन, मजदूर, किसान सहित महिला वर्ग के उत्थान के लिए जरूरी है। आज महिलाएं पूरी तरह स्वतंत्र, निडर और आत्मनिर्भर होकर समाज के हर क्षेत्र में अपना योगदान दे रही हैं। विपुल गोयल ने कहा कि पिछले 10 वर्ष में भाजपा ने जो काम किए हैं, आज लोग बिजली, पानी सडक़ से आगे बढक़र फरीदाबाद को एक विकसित शहर के रूप में देख रहे हैं। हाईवे, फ्लाईओवर, सडक़ विश्वविद्यालय हर क्षेत्र में भाजपा ने निष्पक्ष रूप से काम किया है।

इस मौके पर विपुल गोयल ने लोगों की समस्याओं को सुना और उनके समाधान करने का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि विपुल गोयल पर अपना विश्वास जताकर देखो, 2014 में भी आप लोगों ने मेरा काम देखा था। अगर, 2014 के कामों से आप संतुष्ट हैं, तो मुझे एक बार फिर मौका देकर देखें। विपुल ने बताया कि 2300 करोड़ रुपए की लागत से उन्होंने फरीदाबाद विधानसभा क्षेत्र की काया पलट करने का काम किया, लेकिन पार्टी ने उनको संगठन में काम करने के लिए आदेश दिया और वह अपनी जनता की सेवा करने से वंचित रह गए। विपुल ने बताया कि भारतीय जनता पार्टी ने हर महीना महिलाओं को 2100 रुपए देने का निर्णय अपने घोषणा पत्र में लिया और उनकी देखा-देखी कांग्रेस भी अब महिलाओं को 2000 रुपए देने की बात कर रही है। इसके अलावा भारतीय जनता पार्टी 2 लाख नौकरियों युवाओं को देगी, वो भी बिना पर्ची-खर्ची के। 500 रुपए में गैस सिलेंडर, आयुष्मान कार्ड के तहत अब 10 लाख तक का इलाज लोगों को दिया जाएगा। इसके अलावा हमारी बेटियों को जो कॉलेज में पढ़ने जाती है, उनको स्कूटी हरियाणा की भाजपा सरकार देगी।

# भाजपा प्रत्याशी सतीश फागना को विजयी भव का आर्शीवाद दे रही एनआईटी की जनता



**समाचार गेट/संजय शर्मा**

**फरीदाबाद।** एनआईटी के भाजपा प्रत्याशी सतीश फागना का चुनावी प्रचार अब पूरी रफ्तार पकड़ चुका है और वे एनआईटी के जिस भी क्षेत्र में जाते है लोग उन्हें विजयी भव का आर्शीवाद दे रहे है। सतीश फागना को एनआईटी विधानसभा में लोगों का भरपूर समर्थन मिल रहा है आज भी चुनावी प्रचार के दौरान सतीश फागना एनआईटी विधानसभा के गौछी,राजीव कालोनी,कृष्णा कालोनी,सेक्टर-55,पर्वतीय कालोनी,गाजीपुर गांव,झाड़सेतली, संजय कालोनी में पहुंचे जहां लोगों ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। इस मौके पर लोगों को संबोधित करते हुए सतीश फागना ने कहा कि आपका बेटा,आपका भाई,आपका दोस्त और आपके सुख दुख का साथी चुनाव लड़ रहा है। यह चुनाव मेरा नहीं अपितु एनआईटी क्षेत्र की जनता जोकि मृलभूत सुविधाओं से वंचित रही उसका हक दिलाने का है। क्योकि पूर्व विधायक और निर्वतमान कांग्रेस विधायक का ध्यान सिर्फ अपनी जेबों को भरने तक सीमित रहा जिस कारण एनआईटी विधानसभा बदहाली की कगार पर पहुंच गई। लेकिन अब आपके कमल के निशान पर दिया गया एक एक वोट इसे वापिस खुशहाली और विकास के रास्ते पर ला सकता है। सतीश फागना ने कहा कि भाजपा सबका साथ,सबका विकास और सबका विश्वास की नीति से काम करती है। इसलिए आने वाली 5 अक्टूबर को कमल के फूल के निशान पर बटन दबाकर एक समृद्ध,सुन्दर व भयमुक्त एनआईटी बनाने में अपना महत्वपूर्ण योगदान दें। इस मौके पर कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।

# सूरजकुंड इंटरनेशनल स्कूल में भारत को जानो प्रतियोगिता का हुआ आयोजन



**समाचार गेट/ब्यूरो**

**फरीदाबाद।** सूरजकुंड इंटरनेशनल स्कूल में रविवार को भारत विकास परिषद ,अरावली शाखा फरीदाबाद की ओर से भारत को जानो प्रतियोगिता का आयोजन किया गया ।कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के मुख्य निदेशक एवं वरिष्ठ अधिवक्ता श्री सत्येंद्र भड़ाना जी , विद्यालय की प्रधानाचार्या श्रीमती शुभ्रता सिंह (मुख्य अतिथि रूप में) एवं मुख्य अतिथि श्रीमती प्रवीण जोशी (चेयरपर्सन हरियाणा राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग) सुरेंद्र जगगा जी उपाध्यक्ष संस्कार (प्रांत) श्रीमती विनीता गुप्ता जी (महिला संयोजिका ( प्रांत) के द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया । इस कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के छात्रों द्वारा वंदे मातरम गान प्रस्तुत किया गया।

ऑर्गेनाइजर भारत विकास परिषद अरावली की ओर से विद्यालय के मुख्य निदेशक एवं वरिष्ठ अधिवक्ता श्री सत्येंद्र भडाना जी व प्रधानाचार्या शुभ्रता सिंह व सभी अतिथिगण का पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया गया । भारत को जानो प्रतियोगिता का लक्ष्य बच्चों में भारतीय मूल्यों ,संस्कारों ,आस्थाओं और भारत की गौरव गाथा के प्रति गर्व की भावना पैदा करना है ।इस प्रतियोगिता में फरीदाबाद के 10 स्कूलों के छात्रों ने सीनियर वर्ग एवं जूनियर वर्ग (सूरजकुंड इंटरनेशनल स्कूल ,महाशय श्री चंद पब्लिक स्कूल ,श्रीजी स्कूल, द ग्रेट बुद्धा स्कूल,रानी झांसी सर्वोदय कन्या विद्यालय, सरदार पटेल स्कूल , आदर्श बाल विद्यालय केंद्र ,आइडियल पब्लिक स्कूल ) ने भाग लिया। सीनियर वर्ग में प्रथम स्थान सरदार पटेल स्कूल फरीदाबाद ने व जूनियर वर्ग में प्रथम स्थान द ग्रेट बुद्धा स्कूल ने प्राप्त किया ।इस प्रतियोगिता में भाग लेने वाले बच्चों को प्रमाण पत्र और विजेताओं को ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया ।कार्यक्रम के अंत में विद्यालय की प्रधानाचार्या श्रीमती शुभ्रता सिंह व स्कूल के मुख्य निदेशक एवं वरिष्ठ अधिवक्ता श्री सत्येंद्र भडाना जी ने बच्चों को जीवन में विभिन्न प्रतियोगिताओं में प्रतिभाग करने के लिए प्रोत्साहित किया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की एवं भारत की संस्कृति को बढ़ाने के लिए किए गए इस प्रयास की सराहना करते हुए बच्चों को हमेशा संस्कृति से जुड़े रहने की प्रेरणा दी।

# गरीब का बेटा नायब सिंह सैनी फिर बनने जा रहा है मुख्यमंत्री : मूलचंद शर्मा

### बल्लभगढ़ विधानसभा के भाजपा प्रत्याशी मूलचंद शर्मा ने किया तूफानी दौरा

### विभिन्न समाजों ने दिया आशीर्वाद और अपना समर्थन



**समाचार गेट/संजय शर्मा**

**बल्लबगढ़।** सेक्टर 22 में विजय संकल्प जन सभा और पिछड़ा वर्ग सम्मेलन में हरियाणा सरकार में कैबिनेट मंत्री रहे बल्लभगढ़ से तीसरी बार के प्रत्याशी मूलचंद शर्मा ने कहा की भाजपा आमजन, मजदूर, किसान और कर्मचारी हितेषी पार्टी है, इसलिए हरियाणा कि जनता प्रदेश में भाजपा को तीसरी बार सत्ता चुनने जा रही है। उन्होंने कहा की फिर से गरीब का बेटा नायब सैनी फिर से मुख्यमंत्री बनने जा रहे हैं।

भाजपा प्रत्याशी मूलचंद शर्मा ने जनता कालोनी में भी रविभगत द्वारा आयोजित विजय संकल्प जनसभा शिरकत की और कहा की जनता कालोनी बल्लबगढ़ विधान सभा का ताज है हमेशा से जनता कालोनी ने मुझे पूरा सम्मान दिया है, उन्होंने कहा की में आपके सम्मान को कभी कम नहीं होने दूंगा। उन्होंने कहा की डबल इंजन की सरकार विकास के नए दरवाजे प्रदेश की जनता के लिए खोलेगी।

वरिष्ठ नागरिक क्लब सेक्टर 3 में सीनियर सिटीजंस ने किया भाजपा प्रत्याशी का जोरदार स्वागत

वरिष्ठ नागरिक क्लब सेक्टर 3 में सीनियर सिटीजंस, महिला शक्ति बुजुर्ग ,युवा शक्ति ने मिलकर भाजपा प्रत्याशी मूलचंद शर्मा को जीत का आश्वासन दिया और समर्थन देने की बात कही। इस मौके पर कुमाऊं मित्र वेलफेयर एसोसिएशन के सभी सदस्य गण मौजूद रहे। इस मौके पर प्रधान रमेश नागर,नवीन चेची,राजेंद्र शर्मा,ओमप्रकाश ,गोरी दत्त और समस्त कार्यकारणी मोजूद रही।

**भुदत्त कालोनी में भाजपा प्रत्याशी मूलचंद शर्मा का किया गया स्वागत**

भुदत्त कॉलोनी में देव दत्त त्यागी द्वारा आयोजित चाय पर चुनावी चर्चा और वोट की अपील कार्यक्रम भाजपा प्रत्याशी मूलचंद शर्मा पहुंचे जहां सभी मातृशक्ति द्वारा उनका जोरदार स्वागत किया गया और सभी युवा साथियों ने भी स्वागत किया, इस मौके पर मास्टर चंद्रकिरण, नंदकिशोर शर्मा प्रदीप गोयल ,कृष्ण कुमार त्यागी, सुनील भोला वासी, देवांश त्यागी, गौरव शर्मा, संजय शर्मा ,गोविंद सिंह,अंजू गुप्ता ,पुष्पा शर्मा और भाजपा नेता भगवान सिंह फौजदार भी मुख्य रूप से उपस्थित रहे। इस मौके पर भाजपा प्रत्याशी मूलचंद शर्मा ने कहा कि बल्लबगढ़ के विकास में मैंने कोई कमी नहीं छोड़ी है और आगे भी विकास कार्यो में बल्लबगढ़ को सबसे आगे रखूंगा। बल्लभगढ़ की महावीर कॉलोनी में भाजपा प्रत्याशी श्री मूलचंद शर्मा का जोरदार स्वागत किया गया और भाजपा विजय बनाएं बनाने के लिए सभी से अपील की गई।

बंटी धमीजा की माताजी द्वारा भाजपा प्रत्याशी श्री मूलचंद शर्मा को शॉल भेंट कर उनका सम्मान किया। इस मौके पर संजीव सिंधु धर्मपाल शर्मा ,कपूर चंद, सोमनाथ , हरीश शर्मा सूबेदार, राजेंद्र शर्मा, अशोक प्रधान, सतवीर सिंह ,नितिन जैन ,वेद प्रकाश, मास्टर जगदीश, अमित राठी, रविंद्र वैष्णव, जगजीत ढिल्लों मुख्य रूप से मोजूद रहे।

भाजपा प्रत्याशी श्री मूलचंद शर्मा ने सभी से अपील करते हुए कहा कि पहले मतदान करें उसके बाद ही जलपान करें।

बल्लभगढ़ आजाद नगर में भाजपा प्रत्याशी श्री मूलचंद शर्मा का जोरदार स्वागत किया गया, इस मौके पर प्रधान भवानी प्रसाद, सुंदर आजाद ,कृपाराम वकील, मोजी राम विनोद गौतम, शेर सिंह , जितेंद्र सिकरवास, सतीश शर्मा, डॉक्टर हर प्रसाद अत्री,रमेश बघेल सहित समस्त कॉलोनी वासियों ने फूल मालाओं से और चांदी का मुकुट पहनाकर स्वागत किया और उन्हें अपना समर्थन दिया।

**आजाद नगर में मूलचंद शर्मा को समर्थन**

भाजपा प्रत्याशी मूलचंद शर्मा ने आजाद नगर की सभी मातृशक्ति गणमान्य लोगों का आभार प्रकट किया ,उन्होंने कहा कि आजाद नगर के मने विकास में कोई कमी नहीं छोड़ी है ,और फिर से भाजपा सरकार बनने पर विकास कार्य कि मैं फिर से झड़ी लगा दूंगा।

इस मौके पर महिला मोर्चा से श्रीमती रेनू आर्य ने भी वोट की अपील की उन्होंने कहा कि यदि बल्लभगढ़ का हरियाणा का विकास देखना है तो पंडित मूलचंद शर्मा को हमें यहां से भारी मतों से जिता कर भेजना है।

# गुंडाराज और क्षेत्रवाद हैं कांग्रेस शासन की पहचान: शेखावत



**समाचार गेट ब्यूरो**

**चंडीगढ़।** केंद्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने रविवार को रोहतक में कांग्रेस पर जमकर प्रहार किए। भारतीय जनता पार्टी के मीडिया सेंटर में पत्रकारों से बातचीत करते हुए शेखावत ने कहा कि कांग्रेस राज में हरियाणा की पहचान गुंडाराज के रूप में होती थी और मात्र कुछ ही जिलों का विकास होता था। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि कांग्रेस ने भर्ती रोको गैंग बनाकर युवाओं की भर्तियों में अड़चने पैदा की। उन्होंने कहा कि कांग्रेस कभी नहीं चाहती कि युवाओं को बिना खर्ची और बिना पर्ची के नौकरी मिल सके। श्री शेखावत ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार ने पिछले 10 वर्षों में हरियाणा में सबका साथ, सबका विकास, सबका प्रयास और सब का विश्वास के मंत्र से हरियाणा को सर्वांगीण नॉनस्टॉप विकास करने वाला प्रदेश बनाया है। प्रेसवार्ता के दौरान राष्ट्रीय प्रवक्ता केके शर्मा, हरियाणा भाजपा मीडिया प्रभारी अरविंद सैनी, प्रदेश सह मीडिया प्रमुख शमशेर सिंह खरक आदि मौजूद रहे। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि वर्ष 2014 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के राष्ट्रीय राजनीति में पदार्पण के साथ देश में विकासवादी राजनीति की एक नई लहर चली, जिसके अंतर्गत विकास और गरीब कल्याण को केंद्र बिंदु मानते हुए सामान्य मानव के सशक्तिकरण के माध्यम से राष्ट्र के सशक्तिकरण का संकल्प पूर्ण करना ही सरकार का ध्येय था। सरकार की गरीब कल्याण से संबंधित योजनाओं की सहायता से 30 करोड लोग देश में गरीबी रेखा से बाहर निकलकर मध्यमवर्गीय परिवारों की तरह जीने का सौभाग्य प्राप्त कर सके।

केन्द्रीय मंत्री शेखावत ने कहा कि प्रधानमंत्री ने जब योजनाओं के क्रियान्वन के लिए विभिन्न प्रदेशों के मुख्यमंत्रियों से एकजुट होकर एक टीम की तरह काम करने के लिए कहा, तो भारतीय जनता पार्टी की हरियाणा सरकार ने पिछले 10 वर्षों में केंद्र सरकार की सभी योजनाओं को धरातल पर उतारने के लिए लगातार प्रयास किया। हर घर तक बिजली, शौचालय, पीने का पानी आदि व्यवस्थाएं पहुंचाई गईं, साथ ही आयुष्मान कार्ड और गरीबों का खाता खोलने के विषय में भी हरियाणा हमेशा पहली पंक्ति में रहा। कांग्रेस पर जोरदार हमला करते हुए उन्होंने कहा कि 2014 से पहले देश में या तो घोटाले के समाचार होते थे, या आतंकवादियों के बम धमाकों के समाचार होते थे। भारतीय जनता पार्टी की सरकार ने इन व्यवस्थाओं को बदलकर भारत को सबसे तेजी से विकसित होने वाली अर्थव्यवस्था बनाया, और आज देश की गिनती पांच सबसे ताकतवर अर्थव्यवस्थाओं में होती है। उन्होंने कहा कि भारत में नए गवर्निंग मॉडल के साथ गरीब कल्याण की योजनाओं को धरती पर उतारा और स्वच्छ एवं स्वस्थ प्रशासन सुनिश्चित किया गया।



# अर्जुन से बदला लेने के लिए जब कर्ण के तूणीर में पहुंचा एक जहरीला सर्प

महाभारत से इतर भी हमें महाभारत के संबंध में कुछ कथाएं मिलती हैं। उन्हीं में से एक कथा है कर्ण और सर्प के बारे में। लोककथाओं के अनुसार माना जाता है कि युद्ध के दौरान कर्ण के तूणीर में कहीं से एक बहुत ही जहरीला सर्प आकर बैठ गया। तूणीर अर्थात जहां तीर रखते हैं, जिसे तरकश भी कहते हैं। यह पीछे पीठ पर बंधी होती है। कर्ण ने जब एक तीर निकालना चाहा तो तीर की जगह यह सर्प उनके हाथ में आ गया। कर्ण ने पूछा, तुम कौन हो और यहां कहां से आ गए। तब सर्प ने कहा, हे दानवीर कर्ण, मैं अर्जुन से बदला लेने के लिए आपके तूणीर में जा बैठा था। कर्ण ने पूछा, क्यों?

इस पर सर्प ने कहा, राजन! एक बार अर्जुन ने खांडव वन में आग लगा दी थी। उस आग में मेरी माता जलकर मर गई थी, तभी से मेरे मन में अर्जुन के प्रति विद्रोह है। मैं उससे प्रतिशोध लेने का अवसर देख रहा था। वह अवसर मुझे आज मिला है। कुछ रुककर सर्प फिर बोला, आप मुझे तीर के स्थान पर चला दें। मैं सीधा अर्जुन को जाकर डस लूंगा और कुछ ही क्षणों में उसके प्राण-पखेरू उड़ जाएंगे।

सर्प की बात सुनकर कर्ण सहजता से बोले, हे सर्पराज, आप गलत कार्य कर रहे हैं। जब अर्जुन ने खांडव वन में आग लगाई होगी तो उनका उद्देश्य तुम्हारी माता को जलाना कभी न रहा होगा। ऐसे में मैं अर्जुन को दोषी नहीं मानता। दूसरा अनैतिक तरह से विजय प्राप्त करना मेरे संस्कारों में नहीं है इसलिए आप वापस लौट जाएं और अर्जुन को कोई नुकसान न पहुंचाएं। यह सुनकर सर्प वहां से उड़ गया। यदि कर्ण सर्प की बात मान लेते तो क्या होता?

# विंध्याचल पर्वत माला का पौराणिक महत्व

यह पर्वत प्राचीन भारत के सप्तकुल पर्वतों में से एक है। विंध्य' शब्द की व्युत्पत्ति 'विध' धातु से कही जाती है। भूमि को बेध कर यह पर्वतमाला भारत के मध्य में स्थित है। यही मूल कल्पना इस नाम में निहित जान पड़ती है। विंध्य की गणना सप्तकुल पर्वतों में है। विंध्य का नाम पूर्व वैदिक साहित्य में नहीं है। इस पर्वत श्रंखला का वेद, महाभारत, रामायण और पुराणों में कई जगह उल्लेख किया गया है। विंध्य पहाड़ों की रानी विंध्यवासिनी माता है। मां विंध्यवासिनी देवी मंदिर (मिरजापुर, उप्र.) श्रद्धालुओं की आस्था का प्रमुख केन्द्र है। देश के 51 शक्तिपीठों में से एक है विंध्याचल। विध्यांचल पर्वतश्रेणी पहाड़ियों की टूटी-फूटी श्रृंखला है, जो भारत की मध्यवर्ती उच्च भूमि का दक्षिणी कगार बनाती है। यह पर्वतमाल भारत के पश्चिम-मध्य में स्थित प्राचीन गोलाकार पर्वतों की श्रेणियां है, जो भारत उपखंड को उत्तरी भारत व दक्षिणी भारत में बांटती है। इस पर्वतमाला का विस्तार उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, गुजरात, बिहार तक लगभग 1,086 किमी.तक विस्तृत फैला है। हालांकि इसकी कई छोटी बड़ी पहाड़ियों को विकास का नाम पर काट दिया गया है। इन श्रेणियों में बहुमूल्य हीरे युक्त एक भ्रंशीय पर्वत भी हैं।


**इसकी प्रमुख नदियां :** पहाड़ों के कटने से यहां से निकलने वाली नदियों का अस्तित्व भी संकट में है। विंध्य पर्वत में से उद्गम पाने वाली नदियां- शिप्रा या भद्रा (सिप्रा), पयोष्णी, निर्विंध्या (नेबुज), तापी निषधा या निषधावती (सिंद), वेण्वा या वेणा (वेणगंगा), वैतरणी (बैत्रणी), सिनीवाली या शिति बाहू, कुमुद्वती (स्वर्ण रेखा), करतोया या तोया (ब्राह्मणी), महागौरी (दामोदर), और पूर्णा, शोण (सोन), महानद (महानदी) और नर्मदा। मध्यप्रदेश और गुजरात की सरकार ने मिलकर सबसे बड़ी नर्मदा नदी की हत्या कर दी है। इस एक नदी के कारण संपूर्ण मध्यप्रदेश और गुजरात के जंगल हरे भरे और पशु पक्षी जीवंत रहते थे। लेकिन अब बांध बनाकर एक ओर जहां नदी के जलचर जंतु मर गए है।

**प्राकृतिक संपदा :** भारत में पर्यावरण विनाश की सीमा अरावली पर्वत श्रेणियों और पश्चिम के घाटों तक ही सीमित नहीं हैं, मध्यक्षेत्र में भी बेतरतीब ढंग से जारी रहकर प्राकृतिक संपदाओं के दोहन के कारण सतपुड़ा और विंध्याचल की पर्वत श्रेणियां तो खतरे में हैं ही अनेक जीवनदायी नदियों का वजूद भी संकट में है। वे लोग देशद्रोही है जो अपनी ही धरती को छलनी कर उसे विकास के नाम पर नष्ट कर रहे हैं।

**पुराणों अनुसार :** इसके अंतर्गत रोहतासगढ़, चुनारगढ़, कलिंजर आदि अनेक दुर्ग हैं तथा चित्रकूट, विन्ध्याचल आदि अनेक पावन तीर्थ हैं। पुराणों के अनुसार इस पर्वत ने सुमेरू सेर् ईष्या रखने के कारण सूर्यदेव का मार्ग रोक दिया था और आकाश तक बढ़ गया था, जिसे अगस्त्य ऋषि ने नीचे किया। यह शरभंग, अगस्त्य इत्यादि अनेक श्रेष्ठ ऋषियों की तप:स्थली रहा है। हिमालय के समान इसका भी धर्मग्रंथों एवं पुराणों में विस्तृत उल्लेख मिलता है।

अगस्त्य मुनि : दक्षिण भारत और हिदु महासागर से संबंधि अगस्ति (अगस्त्य) मुनि की गाथा है। उन्होंने विंध्याचल के बीच से दक्षिण का मार्ग निकाला। किंविंदंती है कि विंध्याचलपर्वत ने उनके चरणों पर झुककर प्रणाम किया। उन्होंने आशीर्वाद देकर कहा कि जब तक वे लौटकर वापस नहीं आते, वह इसी प्रकार झुका खड़ा रहे। वह वापस लौटकर नहीं आए और आज भी विंध्याचल पर्वत वैसे ही झुका उनकी प्रतीक्षा कर रहा है।

**विंध्याचल के जंगल :** विंध्यांचल पर्वत श्रेणियों के दोनों तरफ घने जंगल हैं, जो अब शहरी आबादी और विकास के चलते काट दिए गए हैं। अन जंगलों में शेर, चीते, भालु, बंदर, हिरणों के कई झुंड होते थे जो अब दर बदर हैं। अब चंबल, सतपुड़ा और मालवा के पठारी इलाके में ही कुछ जंगल बचे हैं। यहां की पर्वतों की कंदराओं में कई प्राचीन ऋषियों के आश्रम आज भी मौजूद हैं। यह क्षेत्र पहले ऋषि मुनियों का तप स्थल हुआ करता था। पर्वतों की कंदराओं में साधना स्थल, दुर्लभ शैल चित्र, पहाड़ों से अनवरत बहती जल की धारा, गहरी खाईयां और चारों ओर से घिरे घनघोर जंगलों पर अब संकट के बादल घिर गए हैं। यहीं पर भीम बैठका जैसी गुफाएं हैं।





# शिव को क्यों प्रिय है भस्म?

शिवजी के पूजन में भस्म अर्पित करने का विशेष महत्व है। बारह ज्योर्तिलंग में से एक उज्जैन स्थित महाकालेश्वर मंदिर में प्रतिदिन भस्म आरती विशेष रूप से की जाती है। यह प्राचीन परंपरा है। आइए जानते है शिवपुराण के अनुसार शिवलिंग पर भस्म क्यों अर्पित की जाती है। भगवान शिव अद्भुत व अविनाशी हैं। भगवान शिव जितने सरल हैं, उतने ही रहस्यमयी भी हैं। भोलेनाथ का रहन-सहन, आवास, गण आदि सभी देवताओं से एकदम अलग हैं। शास्त्रों में एक ओर जहां सभी देवी-देवताओं को सुंदर वस्त्र और आभूषणों से सुसज्जित बताया गया है, वहीं दूसरी ओर भगवान शिव का रूप निराला ही बताया गया है। शिवजी सदैव मृगचर्म (हिरण की खाल) धारण किए रहते हैं और शरीर पर भस्म (राख) लगाए रहते हैं। शिवजी का प्रमुख वस्त्र भस्म यानी राख है, क्योंकि उनका पूरा शरीर भस्म से ढंका रहता है। शिवपुराण के अनुसार भस्म सृष्टि का सार है, एक दिन संपूर्ण सृष्टि इसी राख के रूप में परिवर्तित हो जानी है। ऐसा माना जाता है कि चारों युग (त्रेता युग, सत युग, द्वापर युग और कलियुग) के बाद इस सृष्टि का विनाश हो जाता है और पुन: सृष्टि की रचना ब्रह्माजी द्वारा की जाती है। यह क्रिया अनवरत चलती रहती है। इस सृष्टि के सार भस्म यानी राख को शिवजी सदैव धारण किए रहते हैं। इसका यही अर्थ है कि एक दिन यह संपूर्ण सृष्टि शिवजी में विलीन हो जानी है। शिवपुराण के लिए अनुसार भस्म तैयार करने के लिए कपिला गाय के गोबर से बने कंडे, शमी, पीपल, पलाश, बड़, अमलतास और बेर के वृक्ष की लकड़ियों को एक साथ जलाया जाता है। इस दौरान उचित मंत्रोच्चार किए जाते हैं। इन चीजों को जलाने पर जो भस्म प्राप्त होती है, उसे कपड़े से छान लिया जाता है। इस प्रकार तैयार की गई भस्म शिवजी को अर्पित की जाती है। ऐसा माना जाता है कि इस प्रकार तैयार की गई भस्म को यदि कोई इंसान भी धारण करता है तो वह सभी सुख-सुविधाएं प्राप्त करता है। शिवपुराण के अनुसार ऐसी भस्म धारण करने से व्यक्ति का आकर्षण बढ़ता है, समाज में मान-सम्मान प्राप्त होता है। अत: शिवजी को अर्पित की गई भस्म का तिलक लगाना चाहिए। जिस प्रकार भस्म यानी राख से कई प्रकार की वस्तुएं शुद्ध और साफ की जाती है, ठीक उसी प्रकार यदि हम भी शिवजी को अर्पित की गई भस्म का तिलक लगाएंगे तो अक्षय पुण्य की प्राप्ति होगी और कई जन्मों के पापों से मुक्ति मिल जाएगी।

भस्म की यह विशेषता होती है कि यह शरीर के रोम छिद्रों को बंद कर देती है। इसे शरीर पर लगाने से गर्मी में गर्मी और सर्दी में सर्दी नहीं लगती। भस्म, त्वचा संबंधी रोगों में भी दवा का काम भी करती है। शिवजी का निवास कैलाश पर्वत पर बताया गया है, जहां का वातावरण एकदम प्रतिकूल है। इस प्रतिकूल वातावरण को अनुकूल बनाने में भस्म महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। भस्म धारण करने वाले शिव संदेश देते हैं कि परिस्थितियों के अनुसार स्वयं को ढाल लेना चाहिए। जहां जैसे हालात बनते हैं, हमें भी स्वयं को उसी के अनुरूप बना लेना चाहिए।



## क्यों लगाते हैं भोलेनाथ शरीर पर भस्म, कैसे बनती है भस्मार्ती की भस्म

भगवान शिव ने अपने तन पर जो भस्म रमाई है वह उनकी पत्नी सती की चिता की भस्म थी जो कि अपने पिता द्वारा भगवान शिव के अपमान से आहत हो वहां हो रहे यज्ञ के हवनकुंड में कूद गई थी। भगवान शिव को जब इसका पता चला तो वे बहुत बेचैन हो गये। जलते कुंड से सती के शरीर को निकालकर प्रलाप करते हुए ब्रह्माण्ड में घूमते रहे। उनके क्रोध व बेचैनी से सृष्टि खतरे में पड़ गई। जहां जहां सती के अंग गिरे वहां शक्तिपीठ की स्थापना हो गई। पिर भी शिव का संताप जारी रहा। तब श्री हरि ने सती के शरीर को भस्म में परिवर्तित कर दिया। शिव विरह की अग्नि में भस्म को ही उनकी अंतिम निशानी के तौर पर तन पर लगा लिया। पहले भगवान श्री हरि ने देवी सती के शरीर को छिन्न भिन्न कर दिया था। जहां जहां उनके अंग गिरे वहीं शक्तिपीठों की स्थापना हुई। लेकिन पुराणों में भस्म का विवरण भी मिलता है। भगवान शिव के तन पर भस्म रमाने का एक रहस्य यह भी है कि राख विरक्ति का प्रतीक है। भगवान शिव चूंकि बहुत ही लौकिक देव लगते हैं। कथाओं के माध्यम से उनका रहन-सहन एक आम सन्यासी सा लगता है। एक ऐसे ऋषि सा जो गृहस्थी का पालन करते हुए मोह माया से विरक्त रहते हैं और संदेश देते हैं कि अंत काल सब कुछ राख हो जाना है। एक रहस्य यह भी हो सकता है चूंकि भगवान शिव को विनाशक भी माना जाता है। ब्रह्मा जहां सृष्टि की निर्माण करते हैं तो विष्णु पालन-पोषण लेकिन जब सृष्टि में नकारात्मकता बढ़ जाती है तो भगवान शिव विध्वंस कर डालते हैं। विध्वंस यानि की समाप्ति और भस्म इसी अंत इसी विध्वंस की प्रतीक भी है। शिव हमेशा याद दिलाते रहते हैं कि पाप के रास्ते पर चलना छोड़ दें अन्यथा अंत में सब राख ही होगा।

## महाकाल की भस्मार्ती

उज्जैन स्थित महाकालेश्वर की भस्मार्ती विश्व भर में प्रसिद्ध है। ऐसी मान्यता है कि वर्षों पहले श्मशान भस्म से भूतभावन भगवान महाकाल की भस्म आरती होती थी लेकिन अब यह परंपरा खत्म हो चुकी है और अब कंडे की भस्म से आरती-श्रृंगार किया जा रहा है। वर्तमान में महाकाल की भस्म आरती में कपिला गाय के गोबर से बने औषधियुक्त उपलों में शमी, पीपल, पलाश, बड़, अमलतास और बेर की लकड़ियों को जलाकर बनाई भस्म का प्रयोग किया जाता है। जलते कंडे में जड़ीबूटी और कपूर-गुगल की मात्रा इतनी डाली जाती है कि यह भस्म ना सिर्फ सेहत की दृष्टि से उपयुक्त होती है बल्कि स्वाद में भी लाजवाब हो जाती है। श्रौत, स्मार्त और लौकिक ऐसे तीन प्रकार की भस्म कही जाती है। श्रुति की विधि से यज्ञ किया हो वह भस्म श्रौत है, स्मृति की विधि से यज्ञ किया हो वह स्मार्त भस्म है तथा कण्डे को जलाकर भस्म तैयार की हो वह लौकिक भस्म है। शिव का शरीर पर भस्म लपेटने का दार्शनिक अर्थ यही है कि यह शरीर जिस पर हम घमंड करते हैं, जिसकी सुविधा और रक्षा के लिए ना जाने क्या-क्या करते हैं एक दिन इसी इस भस्म के समान हो जाएगा। शरीर क्षणभंगुर है और आत्मा अनंत। कई सन्यासी तथा नागा साधु पूरे शरीर पर भस्म लगाते हैं। यह भस्म उनके शरीर की कीटाणुओं से तो रक्षा करता ही है तथा सब रोम कूपों को ढंककर ठंड और गर्मी से भी राहत दिलाती है। रोम कूपों के ढंक जाने से शरीर की गर्मी बाहर नहीं निकल पाती इससे शीत का अहसास नहीं होता और गर्मी में शरीर की नमी बाहर नहीं होती। इससे गर्मी से रक्षा होती है। मच्छर, खटमल आदि जीव भी भस्म रमे शरीर से दूर रहते हैं।

# कैसे हुई भीष्म पितामह की पराजय


महाभारत युद्ध के दसवें दिन भी भीष्म पितामह ने पांडवों की सेना में भयंकर मारकाट मचाई। यह देखकर युधिष्ठिर ने अर्जुन से भीष्म पितामह को रोकने के लिए कहा। अर्जुन शिखंडी को आगे करके भीष्म से युद्ध करने पहुंचे। शिखंडी को देखकर भीष्म ने अर्जुन पर बाण नहीं चलाए और अर्जुन अपने तीखे बाणों से भीष्म पितामह को बींधने लगे। इस प्रकार बाणों से छलनी होकर भीष्म पितामह सूर्यास्त के समय अपने रथ से गिर गए। उस समय उनका मस्तक पूर्व दिशा की ओर था। उन्होंने देखा कि इस समय सूर्य अभी दक्षिणायन में है, अभी मृत्यु का उचित समय नही हैं, इसलिए उन्होंने उस समय अपने प्राणों का त्याग नहीं किया।

## युधिष्ठिर को दिया धर्म ज्ञान

महाभारत युद्ध की समाप्ति के बाद भगवान श्रीकृष्ण ने युधिष्ठिर से कहा कि इस समय पितामह भीष्म बाणों की शैय्या पर हैं। आप उनके पास चलकर उनके चरणों को प्रणाम कीजिए और आपके मन में जितने भी संदेह हो, उनके बारे में पूछ लीजिए। श्रीकृष्ण की बात मानकर युधिष्ठिर भीष्म पितामह के पास गए और उनसे धर्म, अर्थ, काम और मोक्ष का ज्ञान प्राप्त किया। युधिष्ठिर को ज्ञान देने के बाद भीष्म पितामह ने उनसे कहा कि अब तुम जाकर न्यायपूर्वक शासन करो, जब सूर्य उत्तरायण हो जाए, उस समय फिर मेरे पास आना।

## ऐसे त्यागे भीष्म पितामह ने अपने प्राण

जब सूर्यदेव उत्तरायण हो गए तब युधिष्ठिर सहित सभी लोग भीष्म पितामह के पास पहुंचे। उन्हें देखकर भीष्म पितामह ने कहा कि इन तीखे बाणों पर शयन करते हुए मुझे 58 दिन हो गए हैं। उन्होंने श्रीकृष्ण को संबोधित करते हुए कहा कि अब मैं प्राणों का त्याग करना चाहता हूं। ऐसा कहकर भीष्मजी कुछ देर तक चुपचाप रहे। इसके बाद वे मन सहित प्राणवायु को क्रमश: भिन्न-भिन्न धारणाओं में स्थापित करने लगे। भीष्मजी का प्राण उनके जिस अंग को त्यागकर ऊपर उठता था, उस अंग के बाण अपने आप निकल जाते और उनका घाव भी भर जाता। भीष्मजी ने अपने देह के सभी द्वारों को बंद करके प्राण को सब ओर से रोक लिया, इसलिए वह उनका मस्तक (ब्रह्म रंध्र) फोड़कर आकाश में चला गया। इस प्रकार महात्मा भीष्म के प्राण आकाश में विलीन हो गए।



## गांजे पर दिए बयान पर सपा सांसद के खिलाफ गाजीपुर में मामला दर्ज

गाजीपुर। यूपी के गाजीपुर में समाजवादी पार्टी सांसद अफजाल अंसारी के खिलाफ बीएनएस की धारा के तहत मामला दर्ज किया गया है। यह कार्रवाई सांसद द्वारा गांजे के संबंध में की गई विवादास्पद टिप्पणियों के चलते की गई है। गोराबाजार चौकी इंचार्ज राजकुमार शुक्ला ने उनके खिलाफ मामला दर्ज कराया है। अफजाल ने मीडिया से बात करते हुए कहा था कि लाखों लोग गांजा पीते हैं और इसे भगवान का प्रसाद मानते हैं। उन्होंने सवाल उठाया कि यदि गांजा भगवान का प्रसाद है, तो इसे अवैध क्यों माना जाता है। सांसद ने यह भी कहा कि कई साधु-संत और महात्मा समाज के लोग गांजे का सेवन करते हैं और आगामी कुम्भ मेला के दौरान यदि वहां एक मालगाड़ी गांजा भेज दिया जाए, तो वह भी खत्म हो जाएगा। सांसद के बयान में यह भी उल्लेख था कि लखनऊ में भी बड़े-बड़े लोग गांजा पीते हैं। इसलिए भांग की तरह सरकार को इसे भी लाइसेंस देना चाहिए। अफजाल अक्सर अपने बयानों के चलते चर्चाओं में रहते हैं और इससे पहले भी वह कई बार सुर्खियां बटोर चुके हैं। गांजे वाले बयान ने गाजीपुर में राजनीतिक हलचल पैदा कर दी है, और लोग इस पर अलग-अलग प्रतिक्रिया दे रहे हैं। सांसद के बयानों ने न केवल विवाद खड़ा कर दिया है, बल्कि सवाल भी उठाया है कि भारतीय कानून में नशीली पदार्थों के सेवन के प्रति दृष्टिकोण किस प्रकार का होना चाहिए।

## तेंदुए ने ली महिला की जान, हमले में दस दिन में 6 लोगों की हो चुकी है मौत

उदयपुर। राजस्थान में उदयपुर के गोगुंदा में तेंदुए ने एक महिला पर हमला कर दिया जिससे उसकी मौत हो गई। महिला का शव उसके घर से 300 मीटर दूर पहाड़ी पर मिला है। घटना के बाद कोहराम मच गया। वहीं तेंदुए के हमले को लेकर क्षेत्र के लोग दहशत में हैं। इस क्षेत्र में अब तक दस दिनों में तेंदुए के हमले से 6 लोगों की मौत हो चुकी है। वन विभाग टीम ने तीन तेंदुओं को पकड़ भी लिया है। जानकारी के मुताबिक गोगुंदा के पास गुर्जरों का गुड़ा गांव में रहने वाली महिला गटू बाई (55) पत्नी मोती लाल गुर्जर शनिवार को मवेशियों के लिए चारा लेने गई थीं। गटू बाई देर शाम तक जब वापस नहीं लौटीं तो परिजनों को चिंता हुई। महिला के पति मोती लाल गुर्जर कुछ ग्रामीणों के साथ उसे खोजने जंगल गए। इस दौरान पहाड़ी पर महिला का क्षत-विक्षत शव उसे मिला। इस बात की सूचना पर पुलिस और वन विभाग को दी गई। सूचना मिलते ही टीम मौके पर पहुंची और जायजा लिया।

## सुप्रीमकोर्ट और हाईकोर्ट के जज नहीं करना चाहते संपत्ति का खुलासा

**-सुप्रीम कोर्ट के 33 जजों में 27 जजों ने दी जानकारी**

नई दिल्ली। भारत में 25 हाईकोर्ट के 789 जजों में से मात्र 98 जजों ने अपनी संपत्ति के बारे में जानकारी दी है। वहीं सुप्रीम कोर्ट के 33 जजों में से 27 जजों ने अपनी संपत्ति की जानकारी, मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ को दी है। सुप्रीम कोर्ट के 6 जजों ने अभी तक कोई जानकारी नहीं दी है। संसद की कार्मिक लोक शिकायत और न्याय समिति ने 1 साल पहले सुप्रीम कोर्ट और हाईकोर्ट के न्यायाधीशों की संपत्ति और देनदारी का अनिवार्य रूप से खुलासा करने की अनुशंसा की थी। इस अनुशंसा के बाद भी हाईकोर्ट के जजों में संपत्ति का खुलासा करने में कोई रुचि नहीं ली है। पिछले कुछ वर्षों में न्यायपालिका के फैसलों से आम जनता के बीच में न्यायपालिका की साख कम हुई है। उसको देखते हुए यह माना जा रहा है। जजों को अपनी संपत्ति का खुलासा करना चाहिए।

## गड्ढे में डूबने से साढ़े चार साल के बच्चे की मौत

फरीदाबाद। नेहरू एनक्लेव सूरदास कॉलोनी में दर्दनाक हादसा हो गया। यहां सीवर लाइन के लिए खोदे गए गड्ढे में डूबकर साढ़े चार साल के बच्चे की मौत हो गई। नगर निगम द्वारा सीवर लाइन डाली जा रही है। जिसके लिए यह गड्ढा खोदा गया था। सीवर लाइन के लिए करीब महीने भर पहले गड्ढा खोद दिया था। गड्ढे में बारिश का पानी भर गया था। यहां रहने वाले राधा शाह का बेटा आर्यन कुमार खेल रहा था। इस दौरान पैर फिसलने की वजह से वह इस गड्ढे में गिर गया और डूब गया। पुलिस ने नगर निगम अधिकारियों के खिलाफ लापरवाही का मुकदमा दर्ज किया है। मामले की जांच की जा रही है।

## महाराष्ट्र में बढ़ा आर्थिक संकट, नई योजनाओं के लिए वित्त विभाग ने किया इनकार

मुंबई। महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव से पहले महायुती सरकार ने कई नई योजनाओं का ऐलान किया है। इनके प्रस्तावों को देखकर वित्त विभाग ने अपनी मजबूरियां गिनाते हुए प्रस्ताव स्वीकार करने से इनकार कर दिया है। खेल विभाग के एक प्रस्ताव पर जवाब देते हुए राज्य के वित्त विभाग ने बताया है कि राजस्व घाटा और वित्तीय जिम्मेदारियों के साथ नई योजनाओं की वजह से लायबिलिटी को बढ़ाया नहीं जा सकता है। खेल विभाग ने 1781 करोड़ के स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स बनवाने का प्रस्ताव रखा था। बता दें कि हाल ही में महाराष्ट्र सरकार ने माझी लड़की बहिन योजना की शुरुआत की है जिसके तहत पात्र महिलाओँ को 1500 रुपये प्रति महीने मिलने हैं। इस योजना के लिए सरकार का हर साल 46 हजार करोड़ रुपये खर्च होगा। इसके अलावा अन्नपूर्णा योजना के तहत गरबी रेखा से नीचे के परिवारों को तीन फ्री गैस के सिलिंडर दिए जाने हैं। इसके अलावा पिछड़ी जातियों और गरीबों की लड़कियों की उच्च शिक्षा का खर्च सरकार वहन करेगी। रिपोर्ट के मुताबिक वित्त विभाग के निगेटिव रिस्पॉन्स के बाद बी सरकार ने इस प्रस्ताव को मंजूरी दे दी। सरकार ने 339.68 करोड़ रुपये का आवंटन भी इस काम के लिए कर दिया है। बता दें कि खेल विभाग एनसीपी के मंत्री संजय बानसोडे के पास है। खेल विभाग के प्रपोजल पर वित्त विभाग ने बताया था, 2024-25 में राजकोषीय घाटा बढ़कर 1,99,125.87 करोड़ पर पहुंच गया है। वहीं राजस्व घाटा 3 फीसदी के निशान को पार कर गया है। ऐसे में सरकार की नई योजनाओं की वजह से काफी आर्थिक दबाव का सामना करना पड़ रहा है। ऐसी स्थित में राज्य सरकार अतरिक्त जिम्मेदारी का बोझ नहीं उठा सकती।

### हरियाणा और जम्मू कश्मीर की जनता से मायावती ने की अपील

# कांग्रेस और भाजपा को अपना वोट देकर इसे खराब न करें




**मंडी (एजेंसी)।** लखनऊ। बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की अध्यक्ष मायावती ने कांग्रेस पर दलितों की उपेक्षा का आरोप लगाते हुए रविवार को कहा कि दलित समाज के लोग कांग्रेस और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को अपना वोट देकर इसे खराब न करें। बसपा प्रमुख ने हरियाणा और जम्मू कश्मीर विधानसभा चुनाव के मद्देनजर दलितों से यह अपील की।

बसपा प्रमुख ने अपने आधिकारिक 'एक्स' खाते पर श्रृंखलाबद्ध पोस्ट में कहा, ''हरियाणा में विधानसभा चुनाव के वक्त भी कांग्रेस द्वारा दलितों की लगातार की जा रही उपेक्षा व तिरस्कार से यह साबित है कि पार्टी में जब अभी सब ठीक नहीं है तो आगे क्या होगा? ऐसे में दलित समाज के लोग कांग्रेस व भाजपा आदि को वोट देकर इसे खराब न करें...।'' उन्होंने कहा, ''वैसे भी हमेशा आरक्षण विरोधी रही कांग्रेस के नेता अब आरक्षण को समय आने पर खत्म करने की बात करते हैं।''

मायावती ने कहा, ''अतः दलित अपना वोट बसपा को ही दें क्योंकि यही पार्टी उनके हित व कल्याण की सुरक्षा तथा संवैधानिक हक दिलाकर उन्हें शासक वर्ग बनाने के लिए लगातार संघर्षरत है।'' बसपा प्रमुख ने कहा, ''साथ ही जम्मू-कश्मीर में दलित वर्ग के लोगों कोकांग्रेस, भाजपा व अन्य किसी भी गठबंधन के मिथ्या वादे व अन्य बहकावे आदि में नहीं आना है। इनके दलित विरोधी इतिहास को ध्यान में रखते हुए अपना कीमती वोट बसपा को ही दें।''

हरियाणा में पांच अक्टूबर को मतदान होगा। वहीं जम्मू-कश्मीर में तीन चरणों में विधानसभा चुनाव हो रहे हैं, जहां पहले चरण में 18 सितंबर को 24 सीटों के लिए और दूसरे चरण में 25 सितंबर को 26 सीटों के लिए मतदान हुआ। तीसरे चरण का मतदान एक अक्टूबर को 40 सीटों पर होगा और वोटों की गिनती आठ अक्टूबर को होगी।

## उत्तर बंगाल में बाढ़ की स्थिति चिंताजनक, केंद्र मदद नहीं कर रहा : ममता बनर्जी



कोलकाता। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने उत्तरी जिलों में बाढ़ की स्थिति को ''खतरनाक'' बताया और दावा किया कि राज्य को इस प्राकृतिक आपदा से निपटने के लिए केंद्र सरकार से सहायता नहीं मिल रही है। बंगाल के उत्तरी हिस्से में बाढ़ की स्थिति का निरीक्षण करने के लिए वहां जा रहीं बनर्जी ने संवाददाताओं से कहा कि राज्य सरकार युद्ध स्तर पर बाढ़ से निपट रही है। मुख्यमंत्री ने सिलीगुड़ी जाते समय कहा, ''उत्तर बंगाल बाढ़ की चपेट में है। कूचबिहार, जलपाईगुड़ी और अलीपुरद्वार जैसे जिले प्रभावित हुए हैं। कोशी नदी के जलग्रहण क्षेत्रों में भारी बारिश के कारण, बिहार के कई स्थान और बंगाल के मालदा और दक्षिण दिनाजपुर जिले निकट भविष्य में प्रभावित होंगे।'' केंद्र सरकार पर ''राज्य को आपदाओं से लड़ने में मदद करने के लिए अपनी भूमिका नहीं निभाने'' का आरोप लगाते हुए उन्होंने कहा, ''हमारे बार-बार याद दिलाने के बावजूद केंद्र ने फरक्का बैराज का रखरखाव कार्य नहीं किया और इसकी जल-धारण क्षमता काफी हद तक कम हो गई है।

## दहेज प्रताड़ना मामले में झूठे व गोलमोल आरोपों की गहन जांच जरुरी: सुप्रीम कोर्ट

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दहेज प्रताड़ना के एक मामले में सुप्रीम कोर्ट ने महिला द्वारा अपने ससुराल वालों के खिलाफ दायर किए गए मुकदमे को खारिज कर दिया और कहा कि शिकायतकर्ता द्वारा लगाए गए आरोप स्पष्ट नहीं हैं। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि मामले में उसने क्रिमिनल प्रोसिजर का गलत इस्तेमाल किया और ससुराल वालों को प्रताड़ित करने के लिए गलत नियत से दहेज प्रताड़ना का मामला दर्ज कराया। महिला ने अपनी सौतेली सास, सौतेले देवर और ससुर आदि के खिलाफ इस मामले में दहेज प्रताड़ना और धमकी का केस दर्ज कराया था। सुप्रीम कोर्ट ने पहले के फैसले का हवाला देते हुए कहा कि कोर्ट की यह ड्यूटी है कि वह आरोपों की सही तरह से जांच करे और तब ज्यादा सजग रहे जब आरोप अफसोसजनक और दुर्भावनापूर्ण लगाए गए हों। सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि महिला ने अपने ससुराल वालों पर आरोप लगाया था कि उन्होंने उसके साथ क्रुएल्टी की है। साथ ही उन्हें धमकी दी है कि उन्हें संपत्ति आदि से बेदखल कर दिया जाएगा। मामले में केस दर्ज कराया गया। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि एफआइआर में शिकायत सामान्य है और अस्पष्ट है। मैटेरियल का भी अभाव है। इस मामले में आरोपियों ने पहले हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया था, लेकिन बॉम्बे हाईकोर्ट ने दहेज प्रताड़ना समेत अन्य मामलों में दर्ज केस और कार्रवाई को खारिज करने से मना कर दिया था। महिला के ससुराल वालों ने इसे सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी थी। कोर्ट के जस्टिस पीएस नरसिम्हा की बेंच ने कहा कि इस मामले में शिकायती महिला ने अपने ससुराल वालों के खिलाफ जो शिकायत की थी वह गलत नियत से की गई थी। यह सब उन्हें प्रताड़ित करने के लिए किया गया है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि यह एक यूनिक एफआईआर है, क्योंकि महिला ने अपने पति को आरोपी नहीं बनाया है। मामला दहेज के लिए प्रताड़ना का है, जिसमें महिला ने शिकायत की थी, लेकिन पति का नाम नहीं लिया।

## भाजपा नेताओं के साथ मिलकर जबरन वसूली कर रहे ईडी के अधिकारी, फडणवीस को है जानकारी: संजय राउत

**मुंबई (एजेंसी)।** शिवसेना के नेता संजय राउत ने आरोप लगाया कि प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के कुछ अधिकारी भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेताओं की मिली भगत से लोगों से भारी मात्रा में धन उगाही कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि जब उनकी पार्टी सत्ता में आएगी तो इन अवैध गतिविधियों का पर्दाफाश किया जाएगा। राउत ने पत्रकारों से बात करते हुए यह आरोप भी लगाया कि महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री देवेन्द्र फडणवीस को ऐसे अवैध कार्यों में लिप्त लोगों के बारे में पता है।



राउत ने आरोप लगाया, 'ईडी के एक एजेंट के रूप में काम करने वाला जीतू नवलानी नामक व्यक्ति जबरन वसूली में शामिल था। हमारी एमवीए सरकार ने उसके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की। ऐसा माना जाता है कि उसे ईडी और भाजपा नेता देवेन्द्र फडणवीस, दोनों का समर्थन प्राप्त था।' राउत ने दावा किया कि (जून 2022 में एकनाथ शिंदे सरकार में) राज्य के गृह मंत्री के रूप में कार्यभार संभालने के बाद फडणवीस ने इस मामले की जांच के लिए महाराष्ट्र विकास आघाडी (एमवीए) सरकार द्वारा गठित विशेष जांच दल को खत्म कर दिया।

कुछ अन्य लोगों का नाम लेते हुए राउत ने कहा कि ईडी के पूर्व अधिकारी राजेश्वर सिंह अब उत्तर प्रदेश में भाजपा के विधायक हैं। राउत ने दावा करते हुए कहा कि ईडी के साथ मिलकर काम करने वाला रोमी भगत नामक व्यक्ति भी जबरन वसूली की गतिविधियों में शामिल था और फिलहाल आर्थर रोड जेल में बंद है। राउत ने कहा, 'देवेन्द्र फडणवीस इन लोगों और इनकी करतूतों को जानते हैं। उन्हें इसे सामने लाना चाहिए। हम (महा विकास आघाड़ी) सत्ता में आने के बाद हिसाब बराबर कर लेंगे। किसी को भी बख्शा नहीं जाएगा। ईडी भाजपा की उगाही एजेंट है।'

चुनावी बांड योजना के संबंध में केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के खिलाफ कर्नाटक में मामला दर्ज होने पर राउत ने कहा कि यह कार्रवाई स्थानीय अदालत के निर्देश पर की गई। चुनावी बॉण्ड योजना से संबंधित एक शिकायत के बाद बेंगलुरु की एक अदालत के निर्देश पर केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण और अन्य के खिलाफ शनिवार को मामला दर्ज किया गया। इस योजना को अब निरस्त किया जा चुका है। पुलिस के अनुसार एक विशेष अदालत के आदेश के आधार पर केंद्रीय मंत्री निर्मला सीतारमण, प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के अधिकारियों, राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर भाजपा के पदाधिकारियों के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धाराओं 384, 120 बी और 34 के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई।

## राहुल गांधी जमीनी हकीकत से अंजान, बे-मतलब की करते हैं बयानबाजी: कविंदर गुप्ता



**जम्मू (एजेंसी)।** जम्मू-कश्मीर में एक चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने शनिवार को कांग्रेस पर जमकर हमला बोला था। जम्मू-कश्मीर के पूर्व डिप्टी सीएम और बीजेपी के वरिष्ठ नेता कविंदर गुप्ता ने पीएम मोदी की रैली को सफल बताते हुए कहा कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी को जमीनी हालात की जानकारी नहीं है। बिना मतलब के बयानबाजी में वह यकीन रखते हैं। मेरी समझ के परे है कि उनका कौन सलाहकार हैं। उनको कोई गंभीरता से नहीं लेता है। कांग्रेस और नेशनल कांफ्रेंस के नेता हर दिन पाकिस्तान की भाषा बोल रहे हैं। पाकिस्तान आतंकवाद से ग्रस्त है। उससे पैसा लेकर ये लोग भारत के खिलाफ प्रचार करने में कोई कसर नहीं छोड़ रहे हैं।

वहीं, पीएम मोदी ने शर्नि?वार को एक रैली को संबोधित करते हुए कहा था कि, यह चुनाव जम्मू-कश्मीर का भविष्य बनाने का चुनाव है। राज्य के लोग आतंकवाद, अलगाववाद और हिंसा के बजाय शांति, समृद्धि और अपने बच्चों का उज्ज्वल भविष्य चाहते हैं। ऐसे में यहां बीजेपी सरकार बनाना जरूरी है। यहां की जनता कांग्रेस, नेशनल कॉन्फ्रेंस (एनसी) और पीडीपी के तीन खानदानों से त्रस्त हैं। लोग फिर वही निजाम नहीं चाहते, जिसमें भ्रष्टाचार हो, नौकरियों में भेदभाव हो। पीएम नरेंद्र मोदी ने कहा था कि बीते दशकों में यहां सिर्फ कांग्रेस, एनसी और पीडीपी के नेता और उनके परिवार ही फले-फुले हैं। आपके हिस्से तो सिर्फ तबाही आई है। ये जो हमारी पीढ़ियां बर्बाद हुई हैं, इसकी सबसे बड़ी जिम्मेदार कांग्रेस है। आजादी के बाद से ही कांग्रेस की गलत नीतियों ने आपको सिर्फ और सिर्फ तबाही दी है। बता दें कि जम्मू-कश्मीर में विधानसभा चुनाव के दो चरणों का चुनाव हो चुका है। तीसरे और अंतिम चरण का चुनाव एक अक्टूबर को होना है और आठ अक्टूबर को चुनाव के नतीजे घोषित किए जाएंगे।

## विधानसभा चुनाव से पहले बाहर आएंगे राम रहीम?



**लखनऊ (एजेंसी)।** चंडीगढ़(ईएमएस)। हरियाणा में विधानसभा चुनाव है और राजनैतिक दल अपनी अपनी जीत के लिए प्रयास कर रहे हैं। इसी बीच खबर आ रही है कि राम रहीम को 20 दिन की पैरोल पर जेल से बाहर आ सकते हैं। बता दें कि 2017 में 20 साल की सजा सुनाए जाने के बाद से डेरा प्रमुख 10 बार पैरोल या छुट्टी पर जेल से बाहर आ चुके हैं। इस दौरान वह 255 दिन यानी कि करीब आठ महीने से ज्यादा समय जेल से बाहर बिता चुके हैं। उनकी कई पैरोल और छुट्टी की टाइमिंग हरियाणा और पड़ोसी राज्यों में चुनावों के साथ मेल खाती हैं।

हरियाणा में पांच अक्तूबर को विधानसभा चुनाव के लिए वोट डाले जाएंगे। इस बीच अपने दो शिष्यों के साथ रेप के आरोप में 20 साल की जेल की सजा काट कर रहे डेरा सच्चा सौदा प्रमुख गुरमीत राम रहीम सिंह ने 20 दिन की पैरोल की मांग की है। इसे पहले उन्हें बीते 13 अगस्त को 21 दिन की छुट्टी पर रिहा किया गया था। वह फिलहाल 2 सितंबर को रोहतक की सुनारिया जेल में अपनी सजा काट रहे हैं। राम रहीम पर चुनावों में एक खास तरीके से वोट देने के लिए प्रभावित करने की कोशिश करने का आरोप लगाया जाता रहा है। डेरा प्रवक्ता ने कहा कि चूंकि राम रहीम एक कैलेंडर वर्ष में 91 दिनों की अस्थायी रिहाई के हकदार हैं, इसलिए 20 दिन की पैरोल के लिए उनका अनुरोध कानून के अनुसार है। प्रवक्ता ने कहा, उन्होंने 50 दिन की पैरोल और 21 दिन की फरलो ली है। इसलिए वे कैलेंडर वर्ष में 20 दिन की पैरोल के हकदार हैं। चूंकि वर्ष समाप्त होने वाला है, इसलिए उन्हें 20 दिन की पैरोल लेनी होगी, अन्यथा यह समाप्त हो जाएगी।

इस मामले से जुड़े एक अधिकारी ने कहा है कि राम रहीम के पैरोल की अर्जी चुनाव आयोग को भेज दी गई है। अप्रैल 2019 में राज्यों को भेजे गए चुनाव आयोग के संदेश के अनुसार, पैरोल अत्यंत आपातकालीन मामलों में दी जानी चाहिए और यह सुनिश्चित किया जाना चाहिए कि दोषी चुनाव संबंधी किसी भी गतिविधि में शामिल न हो। सियासी जानकारों का कहना है कि सिरसा स्थित संप्रदाय के विवादास्पद प्रमुख के आदेशों का पालन करने को देखते हुए डेरा प्रमुख चुनावी मौसम में प्रासंगिक बने हुए हैं। पंजाब विश्वविद्यालय, चंडीगढ़ के राजनीति विज्ञानी प्रोफेसर आशुतोष कुमार ने कहा कि विभिन्न विचारधारा के राजनेता चुनावों के दौरान उनका आशीर्वाद लेने के लिए जाने जाते हैं।

## नवादा हिंसा: इलाके में पुलिस तैनात, फिर भी लोग बाहर जाने से डर रहे



*** टेंट में रह रहे दलित परिवार, खिचड़ी खाकर जीने को मजबूर**

**नवादा (एजेंसी)।** दलित बस्ती को जलाने वाली घटना के बाद आज भी स्थिति सामान्य नहीं हो पाई है। बस्ती में अब भी सुरक्षाबल तैनात हैं, और तनाव बना हुआ है। प्रशासनिक स्तर पर राहत और पुनर्वास कार्य किए जा रहे हैं। मीडिया को वहां जाने से रोका जा रहा है। घटना के बाद अब बस्ती में स्थिति काफी हद तक सुधार हुआ है। त्रिपाल और तंबू लगाकर पीड़ित लोगों के रहने की व्यवस्था की गई है। प्रशासन की ओर से पीड़ित परिवार को मुआवजे के रूप में एक लाख 39 हजार 250 रुपए दिए गए हैं। स्थानीय लोग अब भी उस भयावह रात नहीं भूल पा रहे हैं। घटना के दौरान बस्ती का एक स्कूल, चर्च और कई घर पूरी तरह से जल चुके हैं।

मीडिया रिपोर्ट में स्थानीय लोगों ने बताया कि घटना के बाद से वे डरे हुए हैं और घर से बाहर निकलने से भी डर रहे हैं। कुछ लोगों ने कहा कि वे अब अकेले बाहर नहीं जाते और पुलिस को सूचना देकर ही निकलते हैं। काम-धंधे ठप हो गए हैं। स्थानीय प्रशासन ने राहत के तौर पर दो वक्त का खाना और सुबह नाश्ता उपलब्ध कराया है, जिसमें खिचड़ी जैसी सादी चीजें मिल रही हैं।

प्रशासन ने बस्ती में बिजली, पानी, वाशरूम और एंबुलेंस की सुविधा उपलब्ध कराई है। प्रभावित परिवारों को मुआवजा भी दिया जा चुका है लेकिन सवाल उठता है कि यह मदद कब तक जारी रहेगी और क्या इससे बस्ती के लोगों को राहत मिल पाएगी? प्रशासन ने कहा कि इस मामले को जरूरत से ज्यादा तूल दिया जा रहा है, जिससे उनकी ड्यूटी प्रभावित हो रही है। बस्ती के लोग अब भी उस रात के भय से उबरने की कोशिश कर रहे हैं, और सवाल यह है कि सरकार की यह मदद कब तक जारी रहेगी और उन्हें कब तक सामान्य स्थिति की ओर लौटने का मौका मिलेगा।

## देश में हेल्थ सर्विसेज़ हो रही महंगी, हर साल 14 फीसदी बढ़ रहा खर्च

*** दिल्ली में बढ़ रहे किडनी के मरीज, कोलकाता-मुंबई हार्ट अटैक में टॉप पर**



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** देश में हेल्थ सर्विसेज़ की लागत हर साल 14 फीसदी बढ़ रही है। एको इंडिया हेल्थ इंश्योरेंस इंडेक्स 2024 में यह खुलासा हुआ है। एक रिपोर्ट के मुताबिक लोग अस्पतालों का बिल 23 फीसदी रुपया उधार लेकर चुका रहे हैं। 62 फीसदी खर्च का भुगतान लोगों को अपनी जेब से करना पड़ता है, जिससे परिवारों पर फाइनैंसियल दबाव बढ़ रहा है। रिपोर्ट में हेल्थ खर्चों से बचाव के लिए बेहतर हेल्थ सर्विसेज़ कवरेज की जरूरतों पर जोर दिया गया है।

रिपोर्ट में कहा गया है कि दिल्ली देश में किडनी रोग की राजधानी के रूप में उभरी है। यहां किडनी से संबंधित स्वास्थ्य बीमा दावे सबसे ज्यादा हैं। इंडेक्स में यह भी पाया गया कि दिल्ली के बाद, किडनी रोग के लिए सबसे ज्यादा दावे कोच्चि से किए गए हैं। रिपोर्ट के मुताबिक दिल्ली एनसीआर में किडनी से जुड़ी समस्याएं सबसे ज्यादा हैं। कोच्चि, सिकंदराबाद, बेंगलुरु और जयपुर में भी इन दावों का हिस्सा नैशनल औसत से ज्यादा था। किडनी और गुर्दे की समस्याओं वाले रोगियों की औसत आयु 47 साल है, जो एक अहम स्वास्थ्य चिंता का विषय है।

गौरतलब है कि पिछले साल किडनी से जुड़ी समस्याओं के लिए इंडेक्स के मुताबिक सबसे बड़ा बिल 24,73,894 रुपए का था। यह ऐसी स्थितियों में मेडिकल खर्चों को दिखाता है। किडनी के अलावा, रिपोर्ट में हार्ट डिजीज़ सहित अन्य गंभीर बीमारियों के बारे में चर्चा की गई है। रिपोर्ट में कहा गया है कि कोलकाता और मुंबई में हार्ट से जुड़ी बीमारियों के लिए सबसे ज़्यादा क्लेम किए जाते हैं। हार्ट मामले में अस्पताल में भर्ती होने वालों में सबसे ज्यादा मरीज़ 31 से 50 साल के होते हैं और इनकी संख्या में हर साल इजाफा हो रहा है। कोलकाता और मुंबई हार्ट अटैक जैसे मामले में महानगरों की सूची में सबसे ऊपर है।

रिपोर्ट में कैंसर के मामलों में चिंताजनक रुझान की ओर इशारा किया गया है, जिसमें 2020 से 2025 तक 13 फीसद की बढ़ोतरी होना बताया गया है। इस बीच केंद्र सरकार ने देश में स्वास्थ्य सेवा में सुधार के लिए कई योजनाएं भी शुरू की हैं। 11 सितंबर 2023 को, केंद्रीय मंत्रिमंडल ने आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के तहत 70 साल और उससे ज्यादा उम्र के सभी सीनियर सिटीजंस के लिए स्वास्थ्य कवरेज को मंजूरी दी है। इस फैसले के साथ, सभी वरिष्ठ नागरिक, चाहे उनकी सामाजिक-आर्थिक स्थिति कुछ भी हो, इस योजना का लाभ उठा सकेंगे। इस योजना में एक परिवार को हर साल पांच लाख रुपये का हेल्थ कवर दिया गया है।

# श्रीलंका ने रचा इतिहास, न्यूजीलैंड को पारी और 154 रन से दी करारी शिकस्त

**गॉल (श्रीलंका) (एजेंसी)।** श्रीलंका ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए रविवार को यहां दूसरे और टेस्ट क्रिकेट मैच में चौथे दिन ही न्यूजीलैंड को पारी और 154 रन से करारी शिकस्त देकर दो मैच की श्रृंखला में क्लीन स्वीप किया। श्रीलंका ने इस श्रृंखला में शुरू से लेकर आखिर तक दबदबा बनाए रखा।


यह पिछले 15 वर्षों में पहला अवसर है जबकि उसने न्यूजीलैंड को श्रृंखला में हराया। श्रीलंका के इस जीत के नायक बाएं हाथ से स्पिनर प्रभात जयसूर्या रहे। उन्होंने दो मैच में 18 विकेट लिए और उन्हें श्रृंखला का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया। इस बीच कामिंदु मेंडिस को दूसरे टेस्ट मैच का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया। उन्होंने नाबाद 182 रन बनाए जिससे श्रीलंका ने अपनी पहली पांच विकेट पर 602 रन बनाकर समाप्त घोषित की थी। मेंडिस इस पारी के दौरान सबसे तेज 1000 टेस्ट रन बनाने वाले बल्लेबाजों की सूची में दिग्गज बल्लेबाज सर डॉन ब्रैडमैन के साथ संयुक्त तीसरे स्थान पर पहुंच गए।

पहले टेस्ट मैच में 9 विकेट लेने वाले जयसूर्या ने दूसरे टेस्ट मैच में भी यह कारनामा दोहराया। दूसरे टेस्ट मैच में उन्हें अपना पहला टेस्ट मैच खेल रहे निशान पेइरिस कभी अच्छा साथ मिला जिन्होंने नौ विकेट लिए, जिसमें दूसरी पारी के पांच विकेट भी शामिल हैं। न्यूजीलैंड के बल्लेबाज श्रीलंका के स्पिनरों के सामने जूझते हुए नजर आए। श्रीलंका के विशाल स्कोर के सामने उसकी टीम पहली पारी में केवल 88 रन पर सिमट गई थी और उसे फॉलोऑन के लिए मजबूर होना पड़ा।

न्यूजीलैंड ने दूसरी पारी में 360 रन बनाकर कुछ चुनौती पेश की लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी थी। कीवी टीम का इस दौरे में यह सर्वोच्च स्कोर है। टॉम ब्लंडेल (62), ग्लेन फिलिप्स (78) और मिशेल सेंटनर (67) ने दूसरी पारी में अर्धशतक बनाए लेकिन इससे वह हार का अंतर ही कम कर पाए। न्यूजीलैंड ने सुबह पांच विकेट पर 199 रन से आगे खेलना शुरू किया लेकिन उसने पहले सत्र में ही तीन विकेट गंवा दिए जिससे श्रीलंका की बड़ी जीत सुनिश्चित हो गई। पहले टेस्ट मैच में 63 रन से जीत दर्ज करने वाले श्रीलंका ने अब लगातार तीन टेस्ट मैच जीत लिए हैं और इससे उसने अगले जून में लॉर्ड्स में होने वाले आईसीसी विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप फाइनल के लिए क्वालीफाई करने की अपनी उम्मीदें बढ़ा दी हैं।



# जूनियर विश्व चैंपियनशिप में चमके भारतीय निशानेबाज, जीते दो गोल्ड मेडल



**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय निशानेबाजों ने पेरू में आईएसएसएफ जूनियर विश्व चैंपियनशिप (राइफल/ पिस्टल/ शॉटगन) में अपने अभियान की अच्छी शुरुआत की, जिसमें पुरुषों और महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धाओं में टीम स्वर्ण पदक जीता, हालांकि व्यक्तिगत श्रेणी में शीर्ष पोडियम पर पहुंचने की संभावना खत्म गई क्योंकि एक निशानेबाज को फाइनल के लिए देर से रिपोर्ट करने के लिए दो अंक काटे गए।

उमेश चौधरी, प्रद्युम्न सिंह और मुकेश नेलावल्ली की जूनियर पुरुष तिकड़ी ने 10 मीटर एयर पिस्टल में पुरुष टीम प्रतियोगिता में 1726 अंकों के साथ शीर्ष स्थान हासिल किया। वे दूसरे स्थान पर रहने वाले रोमानिया से 10 अंक आगे रहे, जबकि इटली ने 1707 अंकों के साथ कांस्य पदक जीता। हालांकि चौधरी फाइनल के लिए देर से रिपोर्ट करने के लिए दो अंकों की सजा के बाद संभावित व्यक्तिगत स्वर्ण से चूक गए।

चौधरी और सिंह ने पहले क्वालीफिकेशन राउंड में क्रमशः तीसरे और चौथे स्थान पर रहते हुए व्यक्तिगत फाइनल में जगह बनाई थी। चौधरी ने 580 और सिंह ने 578 का स्कोर किया, लेकिन व्यक्तिगत पदक से चूक गए और क्रमशः छठे और आठवें स्थान पर रहे। रोमानिया के लुका जोल्डिया ने स्वर्ण पदक जीता, जबकि चीनी ताइपे की हसिह शियांग-चेन ने रजत पदक जीता।

नेलावल्ली 574 के स्कोर के साथ क्वालीफिकेशन में नौवें स्थान पर रहीं। कनिष्का डागर, लक्षिता और अंजलि चौधरी की जोड़ी ने 1708 अंक हासिल कर जूनियर महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल टीम का स्वर्ण पदक जीता। उन्होंने अजरबैजान को एक अंक और कांस्य जीतने वाले यूक्रेन को चार अंकों से पीछे छोड़ा। डागर ने 573 के स्कोर के साथ तीसरे स्थान पर व्यक्तिगत फाइनल में भी जगह बनाई जबकि कनिका ने भी वही स्कोर किया, लेकिन कम आंतरिक 10 के साथ, पांचवें क्वालीफाइंग स्थान को हासिल किया। फाइनल में कनिका ने 217.6 के स्कोर के साथ कांस्य पदक जीता।

# मोहम्मद यूसुफ ने पाकिस्तान के चयनकर्ता पद से दिया इस्तीफा

**स्पोर्ट्स डेस्क।** मोहम्मद यूसुफ ने रविवार (29 सितंबर) को 'व्यक्तिगत कारणों' के चलते पाकिस्तान की पुरुष टीम के चयनकर्ता पद से इस्तीफा दे दिया। यूसुफ उस चयन पैनल का हिस्सा थे जिसने पुरुष टी20 विश्व कप के लिए टीम चुनी थी जिसमें पाकिस्तान ग्रुप चरण से आगे नहीं बढ़ पाया था। जुलाई में उन्हें असद शफीक के साथ नए पैनल में बरकरार रखा गया था।



शान मसूद की पाकिस्तान टीम हाल ही में नजमुल हुसैन शांतो की बांग्लादेश से 2-0 से हार गई जिसके बाद यूसुफ ने पद छोड़ने का फैसला किया। यूसुफ ने इंग्लैंड के खिलाफ शुरुआती टेस्ट के लिए भी टीम चुनी जो सोमवार, 7 अक्टूबर से शुरू होने वाला है। यूसुफ ने एक्स पर एक पोस्ट में लिखा, 'मैं 'व्यक्तिगत कारणों' से पाकिस्तान क्रिकेट टीम के चयनकर्ता पद से इस्तीफा देने की घोषणा करता हूं। इस अविश्वसनीय टीम की सेवा करना एक बड़ा सम्मान रहा है, और मुझे पाकिस्तान क्रिकेट के विकास और सफलता में योगदान देने पर गर्व है। मुझे अपने खिलाड़ियों की प्रतिभा और जज्बे पर पूरा भरोसा है और मैं अपनी टीम को शुभकामनाएं देता हूं क्योंकि वे महानता के लिए प्रयास करना जारी रखेंगे।'

इंग्लैंड के खिलाफ पहले टेस्ट के लिए टीम की घोषणा के बाद अनुभवी बल्लेबाज अहमद शहजाद ने पाकिस्तान चैंपियंस कप में दो शतक बनाने वाले कामरान गुलाम को बाहर करने के लिए यूसुफ की आलोचना की। उन्होंने कहा, 'आप कामरान और साहिबजादा फरहान को टीम में न चुनने को कैसे सही ठहराएंगे? उन्होंने क्या पाप किया? क्या यह इसलिए है क्योंकि वे उसी स्थान पर बल्लेबाजी करते हैं जहां बाबर बल्लेबाजी करते हैं? जब यूसुफ कोच थे, तो उन्होंने सब कुछ दो से तीन खिलाड़ियों पर छोड़ दिया था। यूसुफ चयनकर्ता हैं और वह इस टीम का चयन कर रहे हैं। मुझे एक तर्क बताइए कि कामरान गुलाम को बाहर क्यों रखा गया?'

पाकिस्तान 2023-25 विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) में 7 में से दो मैचों में जीत की बदौलत 16 अंकों के साथ तालिका में आठवें स्थान पर है। पिछले साल बाबर आजम से कप्तानी संभालने के बाद मसूद ने सभी पांच टेस्ट गंवाए हैं।

# वनडे श्रृंखला के लिए बांग्लादेश की मेजबानी करेगा अफगानिस्तान, यूएई में होगे मैच

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** अफगानिस्तान क्रिकेट बोर्ड (एसीबी) ने घोषणा की है कि वह 6 से 11 नवंबर तक संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) में तीन मैचों की पुरुष एकदिवसीय श्रृंखला के लिए बांग्लादेश की मेजबानी करेगा, हालांकि वेन्यू अभी तय नहीं है। ये मैच क्रमशः 6, 9 और 11 नवंबर को खेले जाएंगे। एसीबी ने कहा कि ये तीन वनडे, तीन टी20आई और दो टेस्ट मूल रूप से इस साल जुलाई-अगस्त के लिए निर्धारित अफगानिस्तान के फ्यूचर टूर प्रोग्राम (एफटीपी) का हिस्सा थे।



इसके अलावा, ग्रेटर नोएडा के शहीद पथिक सिंह स्टेडियम में जुलाई के अंत में एकदिवसीय मैचों की मेजबानी करने की खबरें सामने आईं, यह वह समय है जब उत्तर भारत में मानसून शुरू होता है। लेकिन एसीबी ने यूएई और भारत में अत्यधिक गर्मी का हवाला देते हुए श्रृंखला को स्थगित कर दिया। एसीबी ने कहा, 'व्यापक चर्चा के बाद, दोनों बोर्ड केवल एकदिवसीय चरण के साथ आगे बढ़ने पर सहमत हुए हैं, जो अगले साल फरवरी में पाकिस्तान में होने वाली आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी के लिए दोनों टीमों की तैयारियों के लिए महत्वपूर्ण होगा।'

अफगानिस्तान ने हाल ही में शारजाह में दक्षिण अफ्रीका पर 2-1 से ऐतिहासिक श्रृंखला जीत हासिल की और घरेलू टीम के खिलाफ सभी प्रारूपों की श्रृंखला के लिए दिसंबर में जिम्बाब्वे का दौरा करने के लिए तैयार है। अफगानिस्तान और बांग्लादेश एकदिवसीय मैचों में 16 बार एक-दूसरे से मिले हैं जिनमें से बांग्लादेश ने 10 गेम जीते हैं, जबकि अफगानिस्तान छह बार विजयी हुआ है।

बांग्लादेश के साथ अफगानिस्तान की आखिरी द्विपक्षीय एकदिवसीय बैठक 2023 में हुई थी, जब उसने चटगांव के जहूर अहमद चौधरी स्टेडियम में 2-1 से श्रृंखला जीती थी। पिछली बार जब ये दोनों टीमें अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मिली थीं, तो अफगानिस्तान ने इस साल के टी20 विश्व कप के महत्वपूर्ण सुपर आठ मैच में किंग्सटाउन, सेंट विंसेंट के अर्नोस वेले ग्राउंड में आठ रन (डीएलएस पद्धति के माध्यम से) से जीत हासिल की थी, और पहली बार टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में प्रवेश किया था।

## गीली आउटफील्ड के कारण तीसरे दिन भी खेल हुआ रद्द

कानपुर। भारत और बांग्लादेश के बीच दूसरे क्रिकेट टेस्ट का तीसरा दिन गीली आउटफील्ड के कारण एक भी गेंद फेंके बिना रद्द कर दिया गया। इससे पहले दूसरे दिन का खेल लगातार बारिश के कारण एक भी गेंद फेंके बगैर रद्द कर दिया गया था। सुबह हल्की बूंदाबांदी के बाद तेज बारिश शुरू हो गई जिससे ग्रीन पार्क स्टेडियम पर दूसरे दिन कोई खेल नहीं हो सका। मैदानकर्मियों ने 11.15 के आसपास बारिश रूकने पर तीन सुपर सोपर्स लगाए। रोशनी भी साफ नहीं थी लिहाजा सवा 2 बजे आधिकारिक तौर पर खेल रद्द करना पड़ा। मौसम विभाग के अनुसार रविवार को भी बारिश की संभावना है लेकिन सोमवार और मंगलवार को आसमान साफ रहने की उम्मीद है। ऐसे में मैच ड्रॉ की ओर बढता दिख रहा है। पहले दिन बांग्लादेश ने तीन विकेट पर 107 रन बनाए थे जब बारिश के कारण 35 ओवर ही फेंके जा सके थे। भारतीय तेज गेंदबाज आकाश दीप ने बांग्लादेश के सलामी बल्लेबाज जाकिर हसन और शादमान इस्लाम को आउट किया था जबकि रविचंद्रन अश्विन ने कप्तान नजमुल हुसैन शंटो के विकेट लिए थे।

## फिटनेस सुधारो वर्ना अनुबंध समाप्त होगा, पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड की खिलाड़ियों को कड़ी चेतावनी



कराची। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने छह–सात केंद्रीय अनुबंधित खिलाड़ियों को कड़ी चेतावनी जारी की है जिसमें उन्हें कहा गया है कि या तो वे अपनी फिटनेस सुधारें, वर्ना उनके अनुबंध गंवाने का जोखिम बना रहेगा। पाकिस्तान टीम के फिटनेस ट्रेनर और फिजियो सोमवार को लाहौर में एक और फिटनेस जांच करेंगे क्योंकि कुछ खिलाड़ी इस महीने की शुरू में फिटनेस संबंधित जरूरी मानदंडों को पूरा नहीं कर पाए थे। बोर्ड के एक अधिकारी ने कहा, 'जिन खिलाड़ियों के पास केंद्रीय और घरेलू अनुबंध हैं, उन्हें स्पष्ट शब्दों में कहा गया है कि फिटनेस पर कोई समझौता नहीं किया जाएगा और उन्हें टीम के फिटनेस विशेषज्ञों द्वारा तय मानदंडों को पूरा करना होगा।' अधिकारी ने कहा, 'दो विदेशी मुख्य कोच जेसन गिलेस्पी और गैरी कर्स्टन ने पीसीबी अध्यक्ष से कहा था कि फिटनेस के संबंध में किसी भी खिलाड़ी से कोई समझौता नहीं किया जाना चाहिए।'

# गंभीर के पसंदीदा खिलाड़ियों को मिली भारतीय टीम में जगह



मुम्बई। बांग्लादेश के खिलाफ अगले माह शुरु हो रही तीन मैचों की टी20 सीरीज के लिए जो भारतीय टीम चयनित हुई है। उसमें मुख्य कोच गौतम गंभीर के पसंदीदा खिलाड़ियों को जगह मिली है। ये स्पिनर वरुण चक्रवर्ती और तेज गेंदबाज मयंक यादव को टीम में जगह मिलने से साबित हुआ है। ये दोनो ही जिन आईपीएल टीमों में रहे उनके मेंटोर गंभीर रहे थे। गंभीर आईपीएल में दो टीमों के मेंटर रहे हैं। वह लखनऊ सुपर जायंट्स के साथ दो साल रहने के बाद कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के भी मेंटोर रहे हैं।

स्पिनर वरुण लंबे समय से आईपीएल में कोलकाता के लिए खेल रहे हैं। उन्होंने गंभीर की कप्तानी में ही अपना आईपीएल डेब्यू किया था। इससे पहले उन्होंने श्रीलंका दौरे पर अपना टी20 डेब्यू किया था। भारतीय टीम की ओर से अभी तक खेले छह मैचों में वरुण ने दो ही विकेट लिए हैं। तब किसी को अंदाजा नहीं था कि उन्हें टीम में जगह मिल सकती है पर गंभीर, वरुण को काफी पसंद करते हैं और उन पर भरोसा भी करते हैं। माना जा रहा है कि इसी कारण वरुण को तीन साल बाद अचानक से टीम इंडिया में वापसी का अवसर मिला है। वहीं गंभीर जब लखनऊ के मेंटर थे तब उन्होंने मयंक यादव की गेंदबाजी को तराशा था। मयंक ने आईपीएल में सबसे तेज गेंदबाजी का रिकार्ड बनाकर सभी का ध्यान अपनी ओर आकर्षत किया था पर वह बीच सत्र में ही चोटिल होने के कारण बाहर हो गये थे।

# आईपीएल 2025: विदेशी खिलाड़ियों को लेकर सख्त हुए नियम, लगेगा 2 साल का बैन

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** इंडियन प्रीमियर लीग जनरल काउंसिल (आईपीएल जीसी) ने नीलामी में चुने जाने के बाद विदेशी खिलाड़ियों के बाहर निकलने के मुद्दे पर विचार पेश किए हैं। हाल ही में बेंगलुरु में आईपीएल जीसी और भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के बीच हुई बैठक में खिलाड़ियों को नीलामी में खरीदे जाने के बाद खुद को अनुपलब्ध करने से रोकने के लिए नए रिटेंशन नियम स्थापित किए गए। इस नियम में वैध कारणों के बिना बाहर निकलने वाले विदेशी खिलाड़ियों पर दो साल का प्रतिबंध शामिल है। चोट या चिकित्सा स्थितियों के लिए अपवाद बनाए जाएंगे, बशर्ते कि खिलाड़ी के होम बोर्ड द्वारा उनकी पुष्टि की जाए।



बयान में कहा गया, 'कोई भी खिलाड़ी जो नीलामी के लिए पंजीकरण करता है और नीलामी में चुने जाने के बाद सीजन की शुरुआत से पहले खुद को अनुपलब्ध कर देता है, उसे दो सीजन के लिए आईपीएल/ आईपीएल नीलामी में भाग लेने से प्रतिबंधित कर दिया जाएगा। चोट/ चिकित्सा स्थिति की पुष्टि (खिलाड़ी के) होम बोर्ड द्वारा की जानी होगी।'

प्रतिबंध के अलावा आईपीएल ने मिनी-नीलामी में खिलाड़ियों की फीस को विनियमित करने के लिए उपाय पेश किए हैं। विदेशी खिलाड़ियों को अब बाद की मिनी नीलामी के लिए पात्र होने के लिए मेगा नीलामी के लिए पंजीकरण करना होगा। यह नियम खिलाड़ियों को मिनी नीलामी में संभावित रूप से उच्च बोली हासिल करने के लिए मेगा नीलामी को छोड़ने से रोकता है।

आईपीएल ने मिनी-नीलामी में विदेशी खिलाड़ियों के लिए अधिकतम शुल्क भी लागू किया है। यह सीमा 18 करोड़ रुपए की उच्चतम प्रतिधारण कीमत या पिछली मेगा नीलामी से उच्चतम नीलामी मूल्य, जो भी कम हो उस पर निर्धारित की जाएगी। इसका उद्देश्य मिनी नीलामी में खिलाड़ियों की कीमतों में वृद्धि को रोकना है, जहां टीमें अक्सर विशिष्ट स्क्वाड अंतराल को भरने के लिए प्रीमियम दरों का भुगतान करती हैं।

दस्तावेज में कहा गया है, 'छोटी नीलामी में किसी भी विदेशी खिलाड़ी की नीलामी फीस उच्चतम रिटेंशन मूल्य (18 करोड़ रुपए) या बड़ी नीलामी में उच्चतम नीलामी मूल्य में से कम होगी। यदि बड़ी नीलामी में उच्चतम नीलामी मूल्य 20 करोड़ रुपए है, तो 18 करोड़ रुपए की सीमा होगी। यदि बड़ी नीलामी में उच्चतम नीलामी मूल्य 16 करोड़ रुपए है, तो सीमा 16 करोड़ रुपए होगी।' ये नए नियम पिछली नीलामी में रिकॉर्ड तोड़ बोलियां लगाए जाने के बाद आए हैं। उल्लेखनीय उदाहरणों में पैट कमिंस और मिशेल स्टार्क शामिल हैं, जिन्हें पिछली नीलामी में क्रमशः 20.50 करोड़ रुपए और 24.75 करोड़ रुपए में खरीदा गया था।

# धोनी बने 'अनकैप्ड' खिलाड़ी, बीसीसीआई के इस फैसले का प्रभाव



बेंगलुरू। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) की संचालन परिषद में भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने फैसला किया कि जिन भारतीय खिलाड़ियों ने कम से कम पांच कैलेंडर वर्ष में कोई अंतरराष्ट्रीय मैच नहीं खेला है, उन्हें 'अनकैप्ड' खिलाड़ी माना जाएगा। हालांकि माना जा रहा है कि यह कदम इसलिये उठाया गया ताकि चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) अपने स्टार क्रिकेटर महेंद्र सिंह धोनी को रिटेन कर सके जो आखिरी बार 2019 वनडे विश्व कप सेमीफाइनल में देश के लिए खेले थे। बीसीसीआई की विज्ञप्ति के अनुसार, 'अगर कोई भारतीय खिलाड़ी संबंधित सत्र के आयोजन से पहले पिछले पांच कैलेंडर वर्षों में अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट (टेस्ट मैच, वनडे, ट्वेंटी 20 अंतरराष्ट्रीय) में शुरुआती एकादश में नहीं खेला है या उसके पास बीसीसीआई का केंद्रीय अनुबंध नहीं है तो एक 'कैप्ड' (अंतरराष्ट्रीय स्तर पर खेलने वाला) भारतीय खिलाड़ी 'अनकैप्ड' (जिसने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट नहीं खेला हो) हो जाएगा।' संचालन परिषद की बैठक में यह फैसला किया गया था कि 10 फ्रेंचाइजी को अपनी पिछली टीम से अधिकतम छह खिलाड़ियों को बरकरार रखने (रिटेन) करने की अनुमति होगी जिसमें नीलामी का एक 'राइट टू मैच' (आरटीएम) कार्ड भी शामिल होगा, जिसकी कीमत 120 करोड़ रुपये के बढ़े हुए टीम पर्स में से 75 करोड़ रुपए होगी। 'अनकैप्ड' खिलाड़ी के लिए रिटेन करने का खर्चा 4 करोड़ रुपए होगा इसलिए सीएसके अगर धोनी को रिटेन भी करती है तो नीलामी के लिए निश्चित रूप से काफी बचत कर सकती है। पिछली मेगा नीलामी में 2022 में एक टीम को चार खिलाड़ियों को रिटेन करने की अनुमति दी गई थी।

# 664 मैचों में 76 बार मैन ऑफ द मैच का खिताब जीता सचिन ने


**नई दिल्ली (एजेंसी)।** महान भारतीय क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर अब भी मैन ऑफ द मैच का खिताब पाने में सबसे आगे हैं। सचिन ने अपने अंतर्राष्ट्रीय करियर में 664 मैचों में 76 बार मैन ऑफ द मैच का खिताब जीता है। सचिन ने टेस्ट क्रिकेट में 14 बार और वनडे में 62 बार यह अवॉर्ड हासिल किया। यह रिकॉर्ड अब तक अटूट है, और उनके सबसे करीब मौजूदा भारतीय बल्लेबाज विराट कोहली हैं, जिन्होंने 534 मैचों में अब तक 67 बार मैन ऑफ द मैच का अवॉर्ड जीता है। विराट ने टेस्ट में 10, वनडे में 41 और टी20 में 16 बार यह पुरस्कार जीता है। हालांकि, विराट कोहली ने टी20 इंटरनेशनल से संन्यास ले लिया है, इसलिए अब उनके पास टेस्ट और वनडे में यह रिकॉर्ड तोड़ने का मौका है। तीसरे स्थान पर पूर्व श्रीलंकाई बल्लेबाज सनथ जयसूर्या हैं, जिन्होंने 586 मुकाबलों में 58 बार मैन ऑफ द मैच का खिताब जीता। उन्होंने टेस्ट में 4, वनडे में 48 और टी20 इंटरनेशनल में 6 बार यह पुरस्कार जीता।

चौथे स्थान पर दक्षिण अफ्रीका के ऑलराउंडर जैक्स कैलिस हैं, जिन्होंने 519 मैचों में 57 बार यह अवॉर्ड जीता। श्रीलंका के महान बल्लेबाज कुमार संगकारा 594 मैचों में 50 मैन ऑफ द मैच अवॉर्ड्स के साथ पांचवें स्थान पर हैं। मौजूदा भारतीय कप्तान रोहित शर्मा इस सूची में 484 मैचों में 42 मैन ऑफ द मैच पुरस्कारों के साथ नौवें स्थान पर हैं। विराट कोहली के पास अभी भी वनडे और टेस्ट में प्रदर्शन कर सचिन तेंदुलकर के इस बड़े रिकॉर्ड को तोड़ने का मौका है।



# भारत दौरे से पहले ऑस्ट्रेलियाई ऑलराउंडर घायल, बॉर्डर–गावस्कर ट्रॉफी खेलना मुश्किल

नई दिल्ली। ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट टीम को बॉर्डर–गावस्कर ट्रॉफी से पहले बड़ा झटका लगा है। टीम के ऑलराउंडर कैमरन ग्रीन घायल हो गए हैं और वह इंग्लैंड दौरे से बाहर हो गए हैं। ग्रीन को पीठ में चोट लगी है जिससे वह भारत के खिलाफ 22 नवंबर से शुरु होने वाली पांच मैचों की टेस्ट सीरीज में खेलना मुश्किल लग रहा है। ऑस्ट्रेलिया का कहना है कि ग्रीन जब तक पर्थ नहीं पहुंच जाते तब तक, उनकी चोट के बारे में कुछ भी नहीं कह सकता। भारत–ऑस्ट्रेलिया के बीच टेस्ट सीरीज को शुरू होने में अभी 2 महीने हैं। 25 वर्षीय कैमरन ग्रीन ने इंग्लैंड के खिलाफ पांच मैचों की सीरीज के तीसरे वनडे में पीठ में अकड़न की शिकायत की थी। चेस्टर ली स्ट्रीट में खेले गए उस मैच में ग्रीन ने 45 रन देकर 2 विकेट लिए थे जबकि बल्ले से 45 रन भी बनाए थे। सिटी स्कैन में ग्रीन की पीठ में चोट का पता चला है जिसके बाद उन्हें भारत के खिलाफ सीरीज से पहले घर लौटना पड़ा है। ग्रीन को इंग्लैंड के खिलाफ दूसरे वनडे में आराम दिया गया था। उन्हें आराम वर्कलोड मैनेजमेंट के तहत दिया गया था लेकिन स्कॉटलैंड के खिलाफ वह सभी तीनों टी20 मैच खेले थे। इंग्लैंड दौरे पर ऑस्ट्रेलिया के खिलाड़ियों की चोटिल होने की सूची लंबी होती जा रही है। ग्रीन चोटिल होने वाले पांचवें खिलाड़ी हैं। इससे पहले नेथन एलिस, जेवियन बार्टलेट, रिले मेरेडिथ और बेन ड्वारियास चोटिल हो चुके हैं। कैमरन ग्रीन ने बॉर्डर–गावस्कर ट्रॉफी के तहत भारत के खिलाफ टेस्ट में डेब्यू किया था।



# जूनियर विश्व चैंपियनशिप: देरी से पहुंचने पर भारतीय निशानेबाज पर जुर्माना, गंवाया संभावित गोल्ड मेडल



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत के एक निशानेबाज पर पेरू के लीमा में चल रही आईएसएसएफ जूनियर निशानेबाजी चैंपियनशिप में 10 मीटर एयर पिस्टल के फाइनल के लिए अभ्यास क्षेत्र में देर से पहुंचने के कारण दो अंक का जुर्माना लगाया गया जिस कारण वह पदक हासिल करने से चूक गया। अंतरराष्ट्रीय निशानेबाजी महासंघ (आईएसएसएफ) ने शनिवार को 20 वर्षीय निशानेबाज उमेश चौधरी पर नियम 6.17.1.3 के उल्लंघन के लिए दो अंक का जुर्माना लगाया। इससे भारत के 60 सदस्यीय दल में शामिल कोच और सहायक स्टाफ की भूमिका पर सवाल उठने लगे हैं।


चौधरी को फाइनल में अपने पहले शॉट पर दो अंक कटने के बाद 7.4 अंक मिले। भारतीय राष्ट्रीय राइफल संघ (एनआरएआई) के सचिव राजीव भाटिया से जब इस बारे में पूछा गया तो उन्होंने कहा कि उन्हें इस घटना के बारे में कोई जानकारी नहीं है और वह इस मसले पर टिप्पणी नहीं करना चाहते हैं। चौधरी क्वालिफिकेशन दौर में 580 के स्कोर के साथ तीसरे स्थान पर रहे थे और अगर उन पर दो अंक का जुर्माना नहीं लगाया गया होता, तो वह आठ निशानेबाजों के फाइनल में स्वर्ण पदक जीत सकते थे।

जुर्माना लगाए जाने के कारण चौधरी पदक दौर में छठे स्थान पर रहे। भाटिया को जब याद दिलाया गया कि जुर्माने का विवरण आईएसएसएफ की वेबसाइट पर भी है, तो उन्होंने कहा, 'हो सकता है कि वह समय पर अभ्यास क्षेत्र में नहीं पहुंचे होंगे। मैं नहीं जानता कि वह क्यों और किस कारण से समय पर नहीं पहुंचे। मुझे वहां (पेरू में) मौजूद अधिकारियों से पता करना होगा। यह पूछे जाने पर कि क्या कोचों को अधिक सतर्क रहना चाहिए? उन्होंने कहा, 'मैं इस पर कुछ नहीं कहूंगा क्योंकि हमें कुछ भी नहीं बताया गया है। मैं इस पर चर्चा नहीं करना चाहता।'

उन्होंने कहा, 'यह संभव नहीं है कि ऐसा पहली बार हुआ है। क्या आपको लगता है कि केवल कोच जिम्मेदार हैं और निशानेबाजों की कोई जिम्मेदारी नहीं है? उन्हें नियमों के बारे में पता होना चाहिए। आखिर वह विश्व चैंपियनशिप में भाग ले रहे हैं।' पिछली बार किसी भारतीय निशानेबाज पर 2021 में क्रोएशिया के ओसिजेक में आईएसएसएफ विश्व कप के दौरान दो अंक का जुर्माना लगाया गया था। तब ओलंपियन एलावेनिल वलारिवन ने एक शॉट का विरोध किया था, लेकिन जूरी ने निष्कर्ष निकाला कि यह सही था।

समाचार गेट
TITLE CODE : HARHIN11569

स्वामी (मुद्रक, प्रकाशक) रवीना यादव द्वारा साई प्रिंटिंग प्रेस, डी-85, सेक्टर-6, नोएडा 201301, उत्तर प्रदेश से मुद्रित करवाकर कार्यालय मकान नंबर 2, नियर सेक्टर-61, विलेज मलेरना, बल्लभगढ़ फरीदाबाद, (हरियाणा) से प्रकाशित किया। संपादक: कृष्णा शर्मा। संपादकीय कार्यालय: मकान नंबर 2, नियर सेक्टर-61, विलेज मलेरना, बल्लभगढ़ फरीदाबाद, (हरियाणा) पीआरपी एक्ट के अंतर्गत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। सभी विवादों का न्याय क्षेत्र फरीदाबाद न्यायालय होगा। कानूनी सलाहकार: बृहमदत शर्मा, 9818180269, ईमेल : krishna24news@gmail.com



# 21 साल बाद फिर पर्दे पर साथ दिखेंगे विक्रम-सूर्या?

**विक्रम और सूर्या तमिल फिल्म इंडस्ट्री के दो बड़े नाम हैं। 21 साल बाद ये सितारे एक साथ फिर से बड़े पर्दे पर नजर आ सकते हैं। दरअसल, निर्देशक शंकर दोनों को अपने आगामी प्रोजेक्ट में लेने की योजना बना रहे हैं। कई ब्लॉकबस्टर फिल्में बना चुके मशहूर दक्षिण भारतीय निर्देशक शंकर अपनी नई फिल्म को लेकर कमर कस रहे हैं।**

### एक साथ दिख सकते हैं विक्रम-सूर्या

नवीनतम रिपोर्ट्स के दावों की मानें तो शंकर इस ऐतिहासिक ड्रामा फिल्म के लिए दक्षिण भारतीय सिनेमा के दो सबसे बड़े सितारे चियान विक्रम और सूर्या को फिल्म में लेने की योजना बना रहे हैं। इस खबर ने प्रशंसकों के बीच हलचल पैदा कर दी है। अगर सब कुछ ठीक रहा तो शंकर के साथ विक्रम की यह तीसरी फिल्म होगी। इससे पहले दोनों अन्नियन और आई जैसी यादगार फिल्में दे चुके हैं।

### 21 बाद फिर मचाएंगे धमाल

दूसरी ओर, सूर्या की शंकर के साथ यह पहली फिल्म होगी। विक्रम और सूर्या लगभग 21 साल के बाद इस फिल्म के जरिए फिर से एक साथ पर्दे पर नजर आएंगे। इससे पहले वे पीथमगन में एक साथ अभिनय कर चुके हैं। यह फिल्म 2003 में रिलीज हुई थी। फिलहाल, प्रशंसक दोनों अभिनेताओं की पुष्टि का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। मौजूदा समय में शंकर अपनी आगामी फिल्म गेम चेंजर को लेकर व्यस्त हैं। इस फिल्म में राम चरण मुख्य भूमिका में हैं। यह 20 दिसंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।





# पहली मुलाकात के समय राजकुमार से डरी हुई थीं

## पत्रलेखा, बहन को भी बात करने से कर दिया था मना



पत्रलेखा और राजकुमार बॉलीवुड के मोस्ट लविंग कपल्स में से एक रहे हैं। कपल की एक दिलचस्प प्रेम कहानी रही है। एक म्यूजिक वीडियो शूट में मिलने के बाद उन्होंने 2021 में शादी के बंधन में बंधने से काफी समय तक डेट किया था। हाल ही में, अभिनेत्री ने अपने पति से मिलने के बाद अपनी पहली प्रतिक्रिया का खुलासा किया है कि राजकुमार राव से मिलकर उन्हें कैसा महसूस हुआ था। आइए जानते हैं। ह्यूमन्स ऑफ बॉम्बे के साथ हाल ही में एक साक्षात्कार में, पत्रलेखा ने राजकुमार राव के साथ अपनी पहली मुलाकात को याद किया और बताया, मैंने अभी-अभी एलएसडी देखी थी। उनकी पहली फिल्म। लगभग तीन दिन बाद, मेरी एक स्कूल की दोस्त ने मुझे फोन किया, उसने कहा, क्या तुम मेरे लिए यह वीडियो कर सकती हो, यह एक म्यूजिक वीडियो है, और मैं राजकुमार नामक एक अभिनेता को बुला रही हूं। वह अभी एलएसडी में था।

अभिनेत्री ने आगे बताया कि मैंने कहा, नहीं, मैं नहीं आ रही हूं क्योंकि मुझे लगता है कि वह बहुत डरावने हैं और मैं डर गई थी। वह कह रही थी, कुछ नहीं होगा, हम तुम्हारे लिए एक कार भेजेंगे और तुम अपनी बहन को अपने साथ क्यों नहीं ले जाती? मैंने कहा, ठीक है, देखते हैं। उन्होंने आगे कहा, मैंने अपनी बहन को अपने और राजकुमार के बीच बैठाया और वे बातें करने लगे। मैंने अपनी बहन को भी बात करने से मना कर दिया था। मुझे अजीब लग रहा था क्योंकि वह उस फिल्म के खौफनाक आदमी थे। पत्रलेखा ने बताया कि कैसे वह आखिरकार राजकुमार के प्यार में पड़ गईं। अभिनेत्री ने कहा, जब हम एफटीआईआई पहुंचे और वीडियो की शूटिंग शुरू की। हम वहां तीन दिनों के लिए थे। वह बिल्कुल अलग इंसान थे। अभिनेत्री ने आगे बताया कि कोई ऐसा व्यक्ति, जो अपनी कला से बहुत प्यार करता था और अपने काम को लेकर इतना ईमानदार हो । यह बहुत कम ही देखने को मिलता है और मैं उनके प्यार में पड़ने से खुद को नहीं रोक सकी। मैं ऐसा कह रही थी, हे भगवान, यह आदमी अपने काम को लेकर कितना सच्चा है, उसमें बहुत अधिक ईमानदारी और गहराई है।

# सैफ से राय लेते हैं उनके बच्चे



बॉलीवुड अभिनेता सैफ अली खान अपने बच्चों के साथ बहुत ही अच्छा रिश्ता शेयर करते हैं। सैफ की अपने चारों बच्चों के साथ लगाव और प्यार की झलक उनके सोशल मीडिया अकाउंट पर भी दिखाई देती है। बातचीत के दौरान सैफ ने बताया कि बच्चे उनसे कई तरह की सलाह लेते हैं। उन्होंने बताया कि बड़े बेटे इब्राहिम अली खान ने हाल ही में अपने रिश्ते को लेकर सलाह ली थी। उन्होंने बताया कि तैमूर पहले से स्टेज पर आने से डरते थे, जबकि जेह जन्म से ही एक कलाकार की तरह हैं।

### जेह बचपन से ही एक्टर की तरह है

एक इंटरव्यू के दौरान सैफ अली ने अपने बेटे तैमूर को लेकर कहा, तैमूर ने एक बार कहा था कि मुझे स्टेज पर जाकर लोगों के सामने बात करने से डर लगता है, लेकिन अब वो अपने स्कूल प्ले में हिस्सा लेता है। सैफ ने अपने छोटे बेटे जेह अली खान को लेकर कहा कि वह जन्म से ही एक अभिनेता की तरह काम करता है। वहीं, सारा अली खान और इब्राहिम पहले से ही इंडस्ट्री में काम कर रहे हैं। हाल ही में एक बातचीत के दौरान सैफ अली खान ने बताया कि सैफ ने अपने बच्चों पर एक्टर ही बनने के लिए कोई दबाव नहीं दिया है। वो कुछ भी बन सकते हैं, जो उनको खुशी दे। उन्होंने कहा कि इब्राहिम अली और सारा अली खान पहले से ही इंडस्ट्री का हिस्सा हैं। सैफ ने कहा कि उन्हें अपने बच्चों के साथ समय बिताना अच्छा लगता है। सैफ अपने आप को बहुत लकी मानते हैं कि उनके बच्चे उनकी सलाह चाहते हैं।



# सुशांत सिंह राजपूत को याद कर भर आईं क्रिस्टल की आंखें, बताया मुश्किल समय में दिया था साथ

अभिनेत्री क्रिस्टल डिसूजा इन दिनों अपनी फिल्म विस्फोट को लेकर चर्चा में बनी हुई हैं। क्रिस्टल ने लंबे समय तक टीवी में भी अभिनय किया है। हाल ही में अभिनेत्री ने अपने अभिनय के सफर को याद किया। अभिनेत्री ने अपनी सफलता का श्रेय निर्माता एकता कपूर और दिवंगत अभिनेता सुशांत सिंह राजपूत के साथ काम करने को दिया। अभिनेत्री ने खुलासा किया कि उनके संघर्ष के दिनों में, उन्हें हिंदी भाषा में मुश्किलों का सामना करना पड़ा और सुशांत ने उन्हें इस पर काम करने में मदद की।

अभिनेत्री ने सुशांत की तारीफ करते हुए उन्हें रत्न जैसा इंसान कहा। अभिनेत्री ने साझा किया कि अभिनेता ने उनके कौशल को निखारने में उनकी मदद भी की थी। रिपोर्ट्स के मुताबिक सिद्धार्थ कन्नन से बात करते हुए, क्रिस्टल ने कहा, 'मैं अपनी हिंदी का बहुत कुछ श्रेय उनको देती हूं। वह एक रत्न जैसे इंसान थे। मैं उन्हें 'सुसु' कहकर बुलाती थी। वह बहुत जिंदादिल इंसान थे। जब वह इंडस्ट्री में शामिल हुए, तो उन्हें पता था कि वह सफल होंगे। उन्हें पता था कि वह बड़ी चीजों के लिए बने हैं। जब यह हुआ, तो ऐसा लगा कि यह तो होना ही था। उनकी वजह से ही मुझे पता था कि मैं सफल हो जाऊंगी।' बता दें कि सुशांत और क्रिस्टल ने साल 2008 में स्टार प्लस पर प्रसारित होने वाले शो 'किस देश में है मेरा दिल' में साथ काम किया था। बातचीत के दौरान अभिनेत्री ने उस पल को भी याद किया जब उन्होंने कोविड-19 के दौरान सुशांत की मौत के बारे में सुना था। उन्होंने कहा कि उन्हें लगा कि यह एक शरारत है और उन्होंने एकता कपूर को फोन किया, लेकिन बाद में उन्हें एहसास हुआ कि यह खबर सच है।

अभिनेत्री ने भावुक होकर आंसुओं से भरकर कहा, 'उस पल मेरी दुनिया बिखर गई। मुझे यकीन ही नहीं हो रहा था। कुछ समझ ही नहीं आ रहा था। कभी-कभी ऐसा लगता है कि यह एक बुरा सपना है और आप जागने वाले हैं, लेकिन ऐसा नहीं था।' क्रिस्टल अभिनय के क्षेत्र में 17 साल से ज्यादा समय दे चुकी हैं। उन्हें 'उड़ान', 'नागिन 3', 'फितरत' और अन्य धारावाहिकों में उनकी भूमिकाओं के लिए जाना जाता है। अभिनेत्री के वर्क फ्रंट की बात करें तो वह रितेश देशमुख, फरदीन खान और प्रिया बापट के साथ फिल्म 'विस्फोट' में मुख्य भूमिका निभाते हुए नजर आई हैं।

# आदित्य धर की एक्शन फिल्म के लिए रणवीर सिंह ने कसी कमर



अभिनेता रणवीर सिंह के प्रशंसकों के लिए खुशखबरी की खबर है। रणवीर सिंह नवंबर के शुरुआत में 'उरी' के निर्देशक आदित्य धर की बहुप्रतीक्षित परियोजना की शूटिंग फिर से शुरू करने वाले हैं। बता दें कि हाल ही में अभिनेता के घर बेटी का आगमन हुआ है। वह अपनी पत्नी दीपिका पादुकोण के साथ बच्ची के जन्म का जश्न मना रहे हैं। खुशियों के इस मौके पर अभिनेता के प्रशंसकों के लिए उत्सुकता और उत्साह से भरी खबर सामने आई है। परियोजना से जुड़े एक सूत्र के मुताबिक, 'बैंकॉक, थाईलैंड में हमारी शूटिंग बहुत ही उत्पादक रही है। अब रणवीर अगले शेड्यूल के लिए नवंबर में वापसी के लिए पूरी तरह तैयार हैं। हम इस समय कई जगहों के बारे में पूरी जानकारी नहीं दे सकते हैं, लेकिन पहले शेड्यूल में हमने जो उच्च गुणवत्ता वाला उत्पाद देखा है, उसके बाद अगले अध्याय के लिए उत्साह बहुत अधिक है।'

### दमदार अभिनय से दर्शकों को लुभाएंगे रणवीर

कहा जा रहा है कि इस फिल्म में कई बेहतरीन कलाकार हैं और इसकी घोषणा ने पूरे उद्योग और प्रशंसकों के बीच चर्चा पैदा कर दी है। जैसे-जैसे उम्मीद बढ़ रही है, दर्शक एक बार फिर रणवीर का दमदार अभिनय देखने के लिए उत्सुक हैं। उनका किरदार दर्शकों को पूरा मनोरंजन देने का दावा करता है। आदित्य धर की इस गंभीर कहानी में अभिनेता की तीव्रता को को दर्शाया गया है। बता दें कि 'उरी' निर्देशक इस परियोजना के माध्यम से दर्शकों के लिए कुछ नया लेकर आना चाहते हैं। वहीं, अभिनेता अपने पेशेवर मोर्चे और बेटी के जन्म के बाद व्यक्तिगत तौर पर भी काफी व्यस्त हैं।



# अपने यहां अच्छी स्क्रिप्ट का थोड़ा अकाल है, सिनेमा और एक्टिंग डेयरिंग का खेल है

सिनेमा डेयरिंग का खेल है। यहां कुछ अलग करने के लिए हिम्मत दिखानी पड़ती है। यह फिलॉसफी है, ऐक्टर दीपक डोबरियाल की, जो कभी तनु वेड्स मनु के पप्पी जी वाली मशहूर कॉमिक इमेज को तोड़ने के लिए कॉमिडी से तौबा कर लेते हैं तो कभी अपने भीतर के ऐक्टर को खोजने के लिए ब्रेक लेने से भी नहीं हिचकते। इन दिनों वह क्राइम थ्रिलर फिल्म सेक्टर 36 में पुलिसवाले के गंभीर रोल के लिए तारीफ बटोर रहे हैं।

**सेक्टर 36 से आपने स्क्रीन पर इस साल की जबरदस्त बोहनी की है। मगर आप इतनी चुनिंदा फिल्में क्यों करते हैं?**

असल में, मैं दो साल से ब्रेक पर था। मैं अपने को री-इंवेंट करना चाहता था। मुझे लगा कि ऐसे लगातार आप कितना अलग काम करेंगे, एक ही इंसान कितने तरीके बदलेगा। रोज-रोज दिखेंगे तो नयापन भी नहीं आ पाएगा। खास तौर पर इसलिए, क्योंकि हमारे यहां अच्छी स्क्रिप्ट का थोड़ा अकाल है। यहां फिल्में सौ-दो सौ से ऊपर बनती हैं, जबकि अच्छी स्क्रिप्ट साल में चार या पांच होती हैं और हर अच्छी स्क्रिप्ट आपके पास नहीं आती है। जब आप अच्छा काम दिखाएंगे तब आएंगी। इसलिए, इसी फिल्म के बाद मैंने दो साल का ब्रेक लिया था। अब वापस काम शुरू किया है और उम्मीद है कि अब बढ़िया स्क्रिप्ट आएंगी तो मैं ज्यादा दिखूंगा।

**आपकी अगली फिल्म सन ऑफ सरदार 2 के बारे में कुछ बताइए?**

सन ऑफ सरदार 2 का मुंबई शेड्यूल पूरा हो चुका है। हम एडिनबरा शूट करके आए हैं। कुछ दिनों का पंजाब का शूट बचा है। बहुत अच्छा शूट हुआ, उसमें बहुत मजा आया।

**आपने मकबूल में पंकज कपूर से लेकर हिंदी मीडियम-इंग्लिश मीडियम जैसी फिल्मों में इरफान खान जैसे दिग्गजों के साथ काम किया। उनके साथ क्या आपके भीतर का कलाकार किसी तरह इवॉल्व या बेहतर हुआ?**

बिल्कुल बिल्कुल। ऐसा बहुत से लोगों के साथ हुआ। इरफान (खान) भाई के साथ तो ऐसा गिव ऐंड टेक होता था कि मैं उनका कंफर्ट जोन बन गया था। उन फिल्मों के बाद उन्होंने मुझे ब्लैकमेल और करीब करीब सिंगल समेत चार फिल्में ऑफर की थीं। उनका ये रहता था कि, यार दीपक को बुला लो, मजा आ जाता है। वह इतना बारीक काम कर चुके थे कि तुरंत पकड़ लेते थे कि इस बंदे में नया कुछ कहने की ताकत है। उनको मेरे साथ बड़ा मजा आता था। हमारी ट्यूनिंग ही कुछ और गई थी तो उनके साथ बहुत चीजें सीखी। वह बहुत अलग किस्म के अदाकार हैं, जो आपको पास से समझ आएगा कि वह कहां पर खेल रहे हैं। पर्दे पर आपको नहीं पता चलेगा कि वो क्या कर रहे हैं।

**इस फिल्म में अपने किरदार इंस्पेक्टर राम चरण पांडे को कैसे गढ़ा? क्योंकि वह ना तो सिंघम है, ना रॉबिनहुड, पर जमीर जागने पर कितना कुछ कर गुजरता है !**

मैंने इस फिल्म में पहली बार किसी पुलिसवाले का रोल किया है। जबकि, कोई ऐसा ऐक्टर नहीं होगा जिसने पुलिसवाले का रोल ना किया हो। मैंने नहीं किया था तो मैंने सोचा कि करते हैं, मगर उसमें अलग क्या होगा। मैंने सोचा कि यह पुलिसवाला मेरे साथ-साथ बनेगा। यह बना बनाया कॉप नहीं होगा, तो उसे रोज-रोज महसूस करके, इन्वॉल्व करके बनाया। इसको मैंने एक साथ नहीं गढ़ा कि इसका पूरा आर्क ये है। इसे हर पल में मैंने बनाया। मैं बड़ा खुश हूं कि मुझे जितना आता है, वह सब मुझे इस किरदार में दिखाने को मिला।

# सिंघम अगेन में रावण से प्रेरित है अर्जुन कपूर का किरदार?

अजय देवगन और रोहित शेट्टी सिंघम अगेन के साथ कॉप यूनिवर्स को आगे बढ़ाने के लिए तैयार हैं। प्रशंसक बहुप्रतीक्षित फिल्म से जुड़े अपडेट पर नजर बनाए हुए हैं। फिल्म में अर्जुन कपूर की भूमिका के बारे में एक हालिया अपडेट ऑनलाइन सामने आया है। सिंघम अगेन में अर्जुन कपूर खलनायक की भूमिका में नजर आएंगे। एक रिपोर्ट से पता चलता है कि सिंघम अगेन में अर्जुन कपूर की भूमिका किसी और से नहीं बल्कि महाकाव्य रामायण के रावण से प्रेरित है। हालांकि, इस रिपोर्ट की अब तक आधिकारिक पुष्टि नहीं हो सकी है।

